सूर्योदय प्रातः 6:30 सूर्यास्त संध्या 5:14 पखवाड़ा पौष शु. प्रतिपदा, संवत 2081 तापमान अधिकतम 22° न्यूनतम 09°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 31 दिसम्बर 2024, वर्ष : 15, अंक : 316, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

शेयर बाजार

सेंसेक्स	78,248.13	-450.94 (-0.57%)
निफ्टी	23,644.90	-168.50 (-0.71%)

सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

सोना	24 carat	76,970.00
चांदी		100.00

एक झलक

एसडीओ रैंक के आठ आईएएस अधिकारियों को मिली प्रोन्नति

रांची : राज्य सरकार ने सब-डिविजनल ऑफिसर (एसडीओ) रैंक के आठ आईएएस अफसरों को सीनियर टाइम स्केल में प्रोन्नति दी है। प्रोन्नति पानेवाले अफसरों में शताब्दी मजूमदार, उत्कर्ष कुमार, आशीष गंगवार, श्रीकांत यशवंत, ओमप्रकाश गुप्ता, सन्नी राज, अनिमेश रंजन और रिया सिंह शामिल हैं। इस सम्बन्ध में कार्मिक विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया है।

उपायुक्त रैंक के सात आईएएस को मिली प्रोन्नति

रांची : राज्य सरकार ने उपायुक्त रैंक के सात अफसरों को प्रोन्नति दी है। प्रोन्नति पानेवाले अफसरों में कर्ण सत्यार्थी, गरिमा सिंह, मेधा भारद्वाज, हिमांशु मोहन, चंदन कुमार, विशाल सागर और राहुल कुमार शामिल हैं। इस सम्बन्ध में कार्मिक विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, इन अफसरों को कनीय प्रशासनिक कोटि के वेतनमान में प्रोन्नति दी गयी है। साथ ही, इन अफसरों को अगले दो साल में एमसीटी फेज तीन का प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

संजीव रंजन होंगे हिंद महासागर रिम एसोसिएशन के अगले महासचिव

नयी दिल्ली : भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1993 बैच के संजीव रंजन इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन (आईओआरए) के अगले महासचिव होंगे। वे जल्द ही कार्यभार संभालेंगे।
विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि संजीव रंजन हिंद महासागर रिम एसोसिएशन के अगले महासचिव होंगे। वे 1993 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं और वर्तमान में मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी हैं। बयान में कहा गया है कि संजीव रंजन शीघ्र ही कार्यभार संभालेंगे।

एनआईटी त्रिची ग्लोबल एलुमनाई मीट का आयोजन 04 जनवरी को

नयी दिल्ली : नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तिरुचिरापल्ली (एनआईटी त्रिची) के निदेशक डॉ. जी. अघिला ने सोमवार को बताया कि ग्लोबल एलुमनी मीट (जीएएम)-2025 का आयोजन 04 जनवरी को चेन्नई में किया जायेगा। डॉ. अघिला ने एक बयान में बताया कि जीएएम-2025 में टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन मुख्य अतिथि और तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सेवा मंत्री डॉ. पलानीवेल त्यागराजन सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। गूगल में एआई के लिए मुख्य व्यवसाय रणनीतिकार गोपी कल्लयिल कार्यक्रम में मुख्य भाषण देंगे।

अंदर के पन्नों पर

3 एक एकड़ से कमवाले निजी तालाबों का भी...
5 योजनाओं की असंतोष प्रगति पर डीडीसी ने प्रकट...
7 किसानों को दी गयी योजनाओं की...
9 दिव्यांगों के साथ खड़ी है झारखंड सरकार...
10 मेलबर्न टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रन...

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये राज्य में इको टूरिज्म के विकास हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश

झारखंड में इको टूरिज्म की अपार सम्भावनाएं : हेमन्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड में इको टूरिज्म के विकास हेतु एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्य सचिव अलका तिवारी, वन पर्यावरण विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी एवं पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार के साथ राज्य में इको टूरिज्म की सम्भावनाओं एवं उन्हें विकसित करने निमित्त बैठक में कई महत्त्वपूर्ण सुझाव अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड में इको टूरिज्म की अपार सम्भावनाएं हैं। राज्य में इको टूरिज्म को इस प्रकार विकसित किया जाये, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ-साथ प्रकृति को भी संरक्षित रखा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन पर्यावरण विभाग एवं पर्यटन विभाग एक बेहतर समन्वय के साथ इको टूरिज्म के विकास के

लिए झारखंड के उन स्थानों को चिह्नित करने का कार्य करें, जहां इको टूरिज्म की सम्भावनाएं हैं।
टूरिज्म को बढ़ावा देनेवालीं योजनाओं पर विशेष फोकस रखें
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य में इको टूरिज्म को बढ़ावा देनेवालीं योजनाओं पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही, उन्होंने कहा कि इको टूरिज्म को बढ़ावा देने से झारखंड की प्राकृतिक सुन्दरता को देश और दुनिया में एक अलग पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि देश के अन्य राज्यों या दूसरे देशों में जहां इको टूरिज्म के क्षेत्र में अच्छे कार्य हुए हैं, वहां के इको टूरिज्म मॉडल का अध्ययन करें। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर झारखंड को पहचान देने के उद्देश्य से वन विभाग एवं पर्यटन विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर का इको टूरिज्म विकसित हो, इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इको टूरिज्म के विकसित होने से झारखंड की प्रकृति धरोहरों को संरक्षित रखा जा सकेगा।

देवास और बालासोर की घटनाओं पर राहुल व प्रियंका ने सरकार को घेरा

नयी दिल्ली : मध्य प्रदेश के देवास में एक दलित युवक की 'पुलिस हिरासत' में मौत और ओड़िशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांध कर पीटे जाने की घटनाओं को लेकर कांग्रेस ने वहां की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकारों को घेरा है। लोकसभा में नेता विपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को यहां एक वक्तव्य में कहा कि एक तरफ मध्य ● शेष पृष्ठ 11 पर

केजरीवाल का बड़ा एलान, सरकार बनने पर पुजारियों व ग्रंथियों को मिलेगा 18 हजार महीना

एजेंसी

नयी दिल्ली : आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को 'पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना' शुरू करने का एलान किया। इसके तहत उन्होंने वादा किया कि दिल्ली में उनकी पार्टी के दोबारा चुने जाने पर हिन्दू मंदिरों के पुजारियों और सिख गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपये का मासिक भत्ता दिया जायेगा। दिल्ली विधानसभा में आआपा के लिए लगातार चौथी बार चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे केजरीवाल ने सोमवार को यहां

संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस योजना के लिए कल से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जायेगा। मंगलवार को मैं खुद कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से इसकी शुरूआत करूंगा। उसके बाद दिल्ली के सभी मंदिरों और गुरुद्वारों में भी इसे आगे बढ़ाया जायेगा। आआपा द्वारा यह घोषणा ऐसे समय की गयी है, जब वह चुनावों में भाजपा और कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार कर रही है। केजरीवाल ने दोनों पार्टियों पर निशाना साधते हुए उनसे अन्य राज्यों में भी इसी तरह के कल्याणकारी उपायों को अपनाने का आग्रह किया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

भारी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद

इंफाल : भारतीय सेना, मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियानों में मणिपुर के पहाड़ी और मैदानी इलाकों से भारी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और युद्ध सामग्री बरामद हुई है। ये अभियान इंफाल ईस्ट, टेंगनौपाल, यांगियांगपोकी और चुराचांदपुर जिलों में चलाये गये। भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम की ओर से सोमवार को जारी बयान में बताया गया है कि 23 दिसम्बर 2024 को इंफाल ईस्ट जिले के नगारियन हिल क्षेत्र में हथियारों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

ईडी को सौरभ शर्मा के पास मिली 23 करोड़ की सम्पत्ति

■ 04 करोड़ बैंक बैलेंस और 06 करोड़ की एफडी भी जब्त

एजेंसी

भोपाल : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मध्य प्रदेश में परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर, शरद जायसवाल, रोहित तिवारी के ठिकानों पर छापा मार कार्रवाई की गयी थी। इस दौरान चलाये गये सर्च ऑपरेशन में ईडी ने सौरभ के परिजन और दोस्तों के खातों में 04 करोड़ रुपये का बैंक बैलेंस पाया है। इसके अलावा 23 करोड़ की सम्पत्ति भी जांच के दायरे में ली है। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में की गई जांच में छह करोड़ रुपये की एफडी की जानकारी भी ईडी के हाथ लगी है। फर्मों और कम्पनियों के जरिये किये गये निवेश का खुलासा हुआ है। ईडी ने सोमवार को खुलासा किया है कि सौरभ शर्मा के ठिकानों पर पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत की गयी जांच के दौरान बैंक खातों और सम्पत्तियों का ब्यौरा मिला है।

राहुल गांधी की वियतनाम यात्रा पर भाजपा हमलावर

■ कांग्रेस ने इसे बताया भटकाव की राजनीति

एजेंसी

नयी दिल्ली : कांग्रेस-भाजपा के बीच चल रहे वाकयुद्ध के बीच सोमवार को एक और राजनीतिक विवाद उभर कर सामने आया, जब भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के तुरंत बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वियतनाम की यात्रा की आलोचना की। भाजपा के आरोप पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि यह डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार की व्यवस्था पर केन्द्र सरकार के कुप्रबंधन से ध्यान हटाने का प्रयास है।
दरअसल, इस विवाद की शुरूआत उस समय हुई, जब भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट कर इस मामले को उठाया। अमित मालवीय ने कहा, 'जब देश प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, राहुल गांधी नये साल का जश्न मनाने के लिए वियतनाम चले गये।

रांची में कैशियर से दिनदहाड़े 13 लाख की लूट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : राजधानी रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में सोमवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े एक कैशियर से 13 लाख रुपये लूट लिये। लूट की घटना का विरोध करने पर एक होटल मैनेजर को गोली मार दी। होटल मैनेजर का नाम सुमित कुमार बताया गया है। वह होटल लोटस के मैनेजर बताये जा रहे हैं।
जानकारी के अनुसार, आशीर्वाद आटा के कैशियर सुमित कुमार गुप्ता आईसीआईसीआई बैंक में 13 लाख रुपये जमा करने पहुंचे थे। इसी दौरान तीन की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने मारपीट कर और हथियार का भय दिखा कर रुपये लूट लिये। सभी बदमास मुंह पर

रुमाल बांधे हुए थे। बैग में 13 लाख रुपये थे। इसी बीच होटल लोटस के मैनेजर सुमित वहां पहुंच गये और हथियारबंद बदमाशों से भिड़ गये। इसी दौरान बदमाशों ने होटल के मैनेजर सुमित को गोली मार दी। उन्हें रिम्स भेजा गया है। ओपी के सब-इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। आरोपित जल्द पकड़े जायेंगे। नाकेबंदी कर छापेमारी की जा रही है।

केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन श्रीनगर पहुंचे

श्रीनगर : केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन सोमवार को श्रीनगर पहुंचे। वह डल झील के किनारे स्थित शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र (एसकेआईसीसी) में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। समीक्षा बैठक में सर्दियों के मौसम के लिए जम्मू-कश्मीर की तैयारियों के कई पहलुओं पर चर्चा की जायेगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बैठक में शीर्ष नागरिक, पुलिस और सैन्य अधिकारी भाग लेंगे। बैठक में मुख्य सचिव अटल डुल्लू, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात, सेना की 15वीं कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) और खुफिया एजेंसियों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने कहा कि आनेवाले महीनों में भारी बर्फबारी की उम्मीद है।

एके-47 के साथ भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार करने में लातेहार पुलिस को सफलता मिली है। इस सम्बन्ध में लातेहार एसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन कर पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उन्होंने छामारी दल का गठन किया। सूचना मिली थी कि मनिका थाना क्षेत्र के दुन्दू चौकिया करमाही इलाके में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य चंद्रदेव सिंह सिंह भ्रमणशील है एवं अपनी पहचान छिपाकर एरिया की रेकी कर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसके बाद बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दुन्दु-चौकिया करमाही में घेराबंदी कर छापामारी अभियान चलाया गया, जिसमें चन्द्रदेव को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पायी। गिरफ्तारी के बाद चन्द्रदेव की ● शेष पृष्ठ 11 पर

पंजाब में बंद का व्यापक असर

रेलवे ट्रैक पर किसानों के बैठने से 163 ट्रेनों को करना पड़ा रद्द

एजेंसी

चंडीगढ़ : किसान आन्दोलन के समर्थन में सोमवार को पंजाब बंद का व्यापक असर देखने को मिला। राज्य के ज्यादातर जिलों में किसान टोल प्लाजा व मुख्य मार्गों पर बैठे रहे। रेलवे ट्रैक पर किसानों के बैठने की वजह से वंदे भारत समेत 163 ट्रेनों को रद्द करना पड़ा। किसानों ने करीब नौ घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच कई जगह किसानों व दुकानदारों तथा राहगीरों के बीच मामूली झड़प भी देखने को मिली। किसान संगठन ने बंद को सफल करार देते हुए आंदोलन तेज करने का एलान किया है। सोमवार को पंजाब में सुबह 07 बजे से लेकर शाम 04 बजे तक किसान करीब 150 स्थानों पर हाईवे और रेलवे ट्रैक पर बैठे। इस दौरान अमृतसर-जालंधर-पानीपत-दिल्ली और अमृतसर-जम्मू पर ट्रैफिक पूरी तरह से बंद रहा। प्रदेश में कई जगह किसान रेलवे ट्रैक पर बैठे रहे। किसानों ने दिनभर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदेश भर में करीब 300 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किये गये। आज के बंद के दौरान किसान संगठन सुबह से ही सड़कों पर सक्रिय दिखाई दिये। पंजाब के मोहाली, जालंधर व लुधियाना में कुछ जगहों पर किसानों ने दुकानें बंद करवाई तो दुकानदारों ने इसका विरोध किया।
किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने बंद को सफल करार देते हुए कहा कि कहा कि हमें किसी की जबरदस्ती दुकानें नहीं बंद करवानी पड़ी। व्यापार मंडल, आढ़ती एसोसिएशन, जत्थेबंदियों और यूनियनों का समर्थन मिला।

लखनपुर में रोके गये वाहन रेल व सड़क यातायात प्रभावित

कठुआ : पंजाब राज्य में किसानों के बंद का असर जम्मू कश्मीर के प्रवेश द्वार लखनपुर में भी दिखा। सोमवार को किसानों ने कई जगहों पर धरना दिया, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। बंद की वजह से जम्मू कश्मीर में कई स्थानों पर रेल और सड़क यातायात बाधित रहा। किसान अपनी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के लिए केन्द्र के खिलाफ पिछले चार वर्षों से आन्दोलन कर रहे हैं।

सुरक्षा के मोर्चे पर सीमांत प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग : राजनाथ

एजेंसी

इंदौर : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षा के मोर्चे पर भारत बहुत भाग्यशाली देश नहीं है। हमारी सेना उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर लगातार चुनौतियों का सामना कर रही है। इसलिए हम शांत, बेफिक्र होकर नहीं बैठ सकते। हमारे दुश्मन, चाहे अन्दर हों या बाहर, वे हमेशा एक्टिव रहते हैं। हर परिस्थितियों में हमें उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी चाहिए। उनके खिलाफ सही समय पर बेहतर और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। आज भारत के लगातार विकसित होते समय में सीमांत प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग है। ऐसे में

रक्षा मंत्री ने कहा

■ सैन्य प्रशिक्षण केन्द्र हमारे सैनिकों को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए कर रहे हैं तैयार

सैन्य प्रशिक्षण केन्द्र हमारे सैनिकों को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार और सुसज्जित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को महू में आर्मी वॉर कॉलेज में अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने युद्ध के तरीकों में देखे जा रहे आमूलचूल परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूचना युद्ध आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित युद्ध, प्रॉक्सी युद्ध, इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक युद्ध, अंतरिक्ष युद्ध और साइबर हमले जैसे अपरम्परागत तरीके आज के समय में एक बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेना को ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित रहना चाहिए। उन्होंने इन प्रयासों में महू के प्रशिक्षण केन्द्रों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की। उन्होंने बदलते समय के साथ अपने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में लगातार सुधार करने और कर्मियों ● शेष पृष्ठ 11 पर

रक्षा मंत्री ने भगवान महाकाल का किया पूजन

उज्जैन : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को उज्जैन पहुंच कर भगवान महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल का पूजन-दर्शन कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्व शांति की कामना के साथ देश की जनता की खुशहाली, तरक्की और उन्नति के लिए मंगल कामना की। रक्षा मंत्री सिंह और थल सेना अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी रविवार को मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर इंदौर स्थित महू कैंट पहुंचे हैं। यहां उन्होंने भारतीय सेना के तीनों प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद रात्रि विश्राम भी महू में ही किया। अपने प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को

रक्षा मंत्री और सेना अध्यक्ष उज्जैन पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले महाकालेश्वर मंदिर पहुंच कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

एक झलक

सभी पत्रकार बंधु के लिए विधायक की ओर से मिलन समारोह का आयोजन

बुढ़मू : सोमवार को ठाकुरगांव स्थित निलय कॉलेज प्रांगण में कांके विधानसभा क्षेत्र के सभी पत्रकारण बंधु के लिए विधायक सुरेश कुमार बैठा के द्वारा एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक द्वारा खास करके ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के बीच आए दिन होने वाली कठिनाइयों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया। साथ ही बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए डिग्री कॉलेज का निर्माण यथाशीघ्र निलय कॉलेज परिसर में कराने का बात कही। मौके पर रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकांत, आरके मिश्रा, रामाशीष पांडेय, रंगनाथ चौबे, रजनीकांत चौबे, बिपुल तिवारी, संजय गुप्ता, गोपी चंद चौरसिया, कालीचरण साहू, चंद्रकांत गिरी, रवींद्र साहू, समेत दर्जनों पत्रकार शामिल हुए।

शरारती तत्वों ने 03 एकड़ खेत के धान उपज व पुआल को लगा दी आग

बुढ़मू : ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के कोराबार गांव में रविवार की देर रात कुछ शरारती तत्वों ने किसान सीताराम महतो के खलिहान में रखे लगभग 3 एकड़ खेत के धान उपज व पुआल को आग लगा दी। इस घटना में किसान का लगभग 30 क्विंटल धान जलकर राख हो गया जिसका मूल्य लगभग 72 हजार रुपये है। घटना की जानकारी सीताराम ने सोमवार को थाना को दी। थाना प्रभारी विनीत कुमार मामले की छानबीन में जुट गए है।

बेड़ो में सवारी ऑटो के पलटने से तीन घायल

बेड़ो : रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरना पानी बाजार मोड़ के समीप सोमवार की अपराह्न लगभग पौने चार बजे एक सवारी ऑटो के असंतुलित होकर पलटने से ऑटो पर सवार एक बच्चा, एक युवती व एक महिला समेत तीन घायल हो गए। घायलों में खीरदा बेड़ो निवासी 22 वर्षीय महिला सुमी कुजूर, 19 वर्षीय उषा कुजूर और ढाई वर्षीया अनूपा कुजूर शामिल हैं। तीनों घायलों को इलाज के लिए पीसीआर पांच के एएसआई भैया राम लकड़ा, सुलेचंद उरांव व सीताराम बड़ाइक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा कुसुमलता की देखरेख में तीनों घायलों का इलाज किया गया। घायल सुमी ने बताया कि वे तीनों बेड़ो से सवारी ऑटो से अपने घर जा रही थे। तभी पुरनापानी बाजार मोड़ के समीप ऑटो असंतुलित होकर पलट गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत की मुखिया अनिता बाड़ा व पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा बेड़ो सीएचसी बेड़ो पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

बेड़ो में दिव्य ज्योति कलश यात्रा का होगा आयोजन

बेड़ो : अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आगामी तीन जनवरी से बेड़ो प्रखंड के दर्जनों गांवों में दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रथयात्रा शांति कुंज हरिद्वार से प्रस्थान कर रांची जिला के विभिन्न क्षेत्रों से परिभ्रमण करते हुए तीन जनवरी को बेड़ो पहुंचेगी। इसके बाद तीन जनवरी से छह जनवरी तक यह रथयात्रा बेड़ो प्रखंड के जरिया, बैरटोली, हरहंजी, पंडरा, जमुनी, जहानाबाज, ईंटा चिल्द्री, करांजी, खत्रीखटंगा, दिघिया, तुको,खुखरा, चनकोपी, भैंसादोन, दरशिला, पहाड़कंडरिया, मुरतो, बलरामपुर, ईडरी, महुगांव, टेरो, पाकलमेड़ी, बारीडीह व बेड़ो पहुंचेगी। जहां पूजा अर्चना,आरती व दीप यज्ञ किया जाएगा। वहीं चार जनवरी को समाजसेवी दीपक सिंह की अगुवाई में महादानी मंदिर परिसर में दीप यज्ञ व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वहीं सात जनवरी को यह रथयात्रा मांडर प्रखंड के लिए प्रस्थान करेगी। यह जानकारी प्रखंड समन्वय राजेश्वर सिंह ने दी है।

रामगढ़ पुलिस केंद्र में परेड और सभा का हुआ आयोजन

एसपी ने पुलिस सभा में सुनी समस्या

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों में अनुशासन उनकी शारीरिक दक्षता को बनाये रखने एवं कल्याण कार्य हेतु पुलिस केन्द्र में सप्ताहिक परेड एवं पुलिस सभा का आयोजन किया गया। सप्ताहिक परेड में जिले के पुलिस कर्मी सहित सभी थाना और ओपी के प्रभारियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया तथा बेहतर परेड करने वाले पदाधिकारी सअनि तहसीन अहमद, गोला थाना के मनोबल को बनाये रखने हेतु एक सुसेवांक से पुरस्कृत किया गया। परेड समाप्ति के उपरांत पुलिस सभा का संचालन पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, रामगढ़ के द्वारा करया गया जिसमें पुलिस कर्मियों को होने वाली समस्याओं को विस्तार से सुना गया। जिसपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस सभा के दौरान ही बहुत सी समस्याओं का निदान किया गया तथा पुलिस कर्मियों के गार्ड बदली व समय से कमान बदली को लेकर परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, रामगढ़ को निर्देश दिया गया तथा गार्ड बदली, कमान बदली में पूर्ण रूप से पारदर्शिता रखी जाएगी तथा किसी भी तहर की अनियमितता पाई जाने पर संबंधित पुलिस पदाधिकारी कर्मियों के विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रामगढ़ थाना में संचालित मेस का निरीक्षण किया गया तथा मेस संचालक को मेस को साफ-सुथरा रखने तथा मेनू के अनुसार खाना बानाने हेतु निर्देश दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक, परिचारी प्रवर सहित अन्य मौजूद रहे।

भाकपा माले ने बैठक कर भावी कार्यक्रमों पर की चर्चा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भुरकुंडा : भाकपा-माले जवाहरनगर पंचायत अंतर्गत ग्राम हुरुमगढ़ा ब्रांच के पार्टी सदस्यों को लेकर दशाराम मांझी के आवास पर सोमवार को बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में पार्टी के सदस्यों की नवीनीकरण करने के साथ बड़ी संख्या में पार्टी सदस्यों की संख्या में विस्तार करने और पार्टी मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। वहीं बैठक मे 16 जनवरी को शहीद कॉमरेड महेन्द्र सिंह का शहादत दिवस जो बरकाकाना में आयोजित किया जाना है को सफल बनाने पर विचार- विमर्श किया गया। मौके पर प्रखण्ड सचिव नरेश बड़ाईक कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 21 जनवर को हजारीबाग के चरही में आयोजित उतरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कैडर कन्वेंशन को सफल बनाने पर विचार- विमर्श किया गया। साथ ही 25 जनवरी को संविधान बचाओ मार्च को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा 26 जनवरी को संविधान उद्देश्यिका का पाठ एवं झंडोत्तोलन में शहीदों का स्मरण किया जायेगा। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रखण्ड सचिव नरेश बड़ाईक, देवानन्द गोप, प्रखण्ड कमिटी सदस्य कॉमरेड मनोज मांझी, ब्रह्मदेव मुर्मू, दशाराम मांझी, सुनंदा देबी,सुनीता देबी, ललिता देबी, सुलेन्दर मुंडा, बिहारी मुंडा, बब्लू मांझी, मंजूल मांझी, सुनील मांझी, राजेश सोरेन, देवालाल मांझी सीताराम मांझी, मंडल मांझी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का अध्यक्षता दशाराम मांझी ने किया।

डीएवी स्कूल में रचनात्मक शिक्षण व गतिविधि आधारित शिक्षण पर कार्यशाला

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सोमवार को रचनात्मक शिक्षण रणनीतियां एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के ट्रेनर कोलकाता के देवकल्प घोष के द्वारा लिया गया। कार्यशाला में स्कूल के सभी शिक्षक सम्मिलित हुए। कार्यशाला में प्रशिक्षक देवकल्प घोष ने बतलाया कि रचनात्मक शिक्षण प्रणाली बच्चों में रचनात्मक सोच कौशल विकसित करने में मदद करता है। समस्या समाधान खेल और गतिविधियों का उपयोग करना बच्चों को बॉक्स के बाहर सोचने के लिए प्रेरित करने का एक शानदार तरीका है। देवकल्प घोष ने शिक्षकों के बीच विभिन्न प्रकार की गतिविधि का आयोजन किया जिसे वे अपने कक्षाओं में उपयोग कर सकते हैं। वहीं स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि आज का समय बदल रहा है और समय के साथ पारंपरिक शिक्षण प्रणाली से आगे निकलकर अब शिक्षण प्रणाली में बदलाव लाने की आवश्यकता है क्योंकि बच्चों में एकाग्रता की कमी हो रही है इसीलिए रचनात्मक शिक्षण प्रणाली और गतिविधि आधारित शिक्षण प्रणाली में बच्चे गतिविधि कर सीखते हैं और उनमें सोचने की शक्ति बढ़ती है इसीलिए इस शिक्षण प्रणाली को स्कूल में लागू करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना बहुत आवश्यक है। समय समय पर इस तरह की कार्यशाला का शिक्षकों के शिक्षण गुणवत्ता को बढ़ता है।कैलाश कुमार ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के प्रशिक्षक देवकल्प घोष और शुभम रूंगटा का धन्यवाद दिया कि उन्होंने स्कूल के शिक्षकों के लिए इतनी अच्छी कार्यशाला का आयोजन किया गया ।यह कार्यशाला हमारे स्कूल के शिक्षकों को बहुत लाभकारी होगा और उनमें नई शिक्षण प्रणाली की गुणवत्ता विकसित होगी जो हमारे स्कूल के बच्चों के लिए लाभकारी होगा।

प्रसिद्ध हुंडरु फॉल में नववर्ष में पर्यटकों की शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हुई बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : सिकिदीरी सुप्रसिद्ध हुण्डरु फॉल में सोमवार को नवबर्ष में पर्यटकों की शांति व सुरक्षा व्यवस्था को तैयारी को लेकर पर्यटन कर्मी, स्थानीय दुकानदारों, और ग्रामिणों के साथ एक बैठक किया गया बैठक की अध्यक्षता सिकिदीरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंहा व संचालन बालेश्वर बेदिया ने किया। नवबर्ष में पर्यटकों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए शांति व सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय पर्यटन कर्मी मिलकर कार्य करेंगे साथ फॉल घुमने आने वाले पर्यटकों का स्वागत अतिथि देव भवः के तर्ज पर किया जाएगा एवं पर्यटकों के साथ मधुर व्यवहार और सहयोग किया जाएगा। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि पर्यटन स्थल में नशापान करना और शराब? बिक्री करना, प्लास्टिक एवं थमोकोल? का प्लेट का उपयोग करना , डीजे साउंड का बजाना पूरी तरह पाबंदी रहेगी। सिकिदीरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंहा ने कहा कि पर्यटकों को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा एवं पर्यटकों की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। शराब पीकर हुड़दंग करने वाले एवं तेज रफ्तार एवं लापरवाही से वाहन चलाने वाले पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी बैठक में कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया, वार्ड सदस्य बबीता देवी, शचिमोहन कुमार, ?पवन भोगता, नित्यानंद बेदिया, हरिचरण बेदिया, विष्णु कुमार बेदिया, मदन कुमार बेदिया, दसैया बेदिया, शुभम बेदिया, मंगलदास हजाम, जितवाहन भोगता सुरज बेदिया, सुनिता देवी, फुलचंद करमाली, संदीप बेदिया विशेश्वर बेदिया, जितू बेदिया, अरूण बेदिया, मेघनाथ बेदिया, बुधराम बेदिया, मनोज बेदिया आदि उपस्थित थे।

अभाकाम के रामगढ़ जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा बने अभाकाम के राष्ट्रीय सचिव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : गत दिनों अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। इस पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रामगढ़ जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा को राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनीत किया। अमित कुमार सिन्हा के इस मनोनयन पर गोला चित्रगुप्त महापरिवार द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है तथा महासभा को बुलंदियों पर ले जाने की उनसे अपेक्षा करती है। गोला चित्रगुप्त महापरिवार के सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि यह रामगढ़ सहित हमलोगों के लि गर्व की बात है। बधाई देने वालों में अध्यक्ष सनत कुमार सिन्हा, अजित कुमार सिन्हा, अनिल कुमार सिन्हा, कुंवर कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला, धीरेन्द्र नारायण बक्शी, लाला चन्दमोहन, उदय चन्द्र लाला, रंजन कुमार सिन्हा, संजय बक्शी, संजय कुमार सिन्हा (झुनु), सुजीत सिन्हा, प्रमोद बक्शी, प्रीतम सिन्हा, सुमन कुमार सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, अभय कुमार सिन्हा, रजनीश आनंद, सुचित कुमार सिन्हा, अमित कुमार, देवेन्द्र लाला, संदीप बक्शी, महेन्द्र बक्शी, अभिषेक कुमार सिन्हा, आनंद बक्शी, जीवन बक्शी, संदीप लाला, संजय लाला, रितेश कुमार सिन्हा, प्रवीण बक्शी सहित समस्त चित्रांश महापरिवार शामिल है।

अमर शहीद जीतराम बेदिया की मनी 222वीं जयन्ती

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : सोमवार को सिल्ली के लोकप्रिय विधायक अमित महतो ने अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत टाटी पंचायत और बरवादाग पंचायत के मुसंगू के जिरकी मैदान में स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया के 222वीं जयंती समारोह में शामिल हुए। विधायक ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अस्वस्त किये की स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया जी का विधानसभा के अन्दर अन्य स्वतंत्रता सेनानी की तरह इनका भी चित्र लगवाने का प्रस्ताव अगामी विधानसभा सत्र में रखेंगे। और आप सबों के बीच हर सुख दुःख हम हरसंभव शामिल रहुंगा। कार्यक्रम में सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी, उपमुखिया बिरबल बेदिया, सिंगारी ग्रामप्रधान बालेश्वर बेदिया, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, सहीराम मुण्डा, सुखराम बेदिया, चमनराम बेदिया, पूर्व मुखिया एतवा बेदिया, माया बेदिया, रिझुवा मुण्डा, हरदयाल मुण्डा, बबलु महतो, जीतराम बेदिया, सीताराम बेदिया, गणेश बेदिया, सीताराम पातर, तिवारी बेदिया, भूषण बेदिया, योगेन पातर, गोपाल मंडल, संजय मुण्डा के अलावे क्षेत्र के हजारो महिला पुरूष बच्चे बूजूर्ग जन्मोत्सव में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका कमिटि के कंचन बेदिया, दिनेश बेदिया, अरूण बेदिया, चिराग, सुमन, कलेश्वर, श्याम, जगमोहन बेदिया तथा जिरकी के जन्मोत्सव कमिटि के अर्जुण बेदिया, विन्देश्वर, रिझुवा बेदिया, त्रिभुवन, तेवारी बेदिया, मंगल, ऑमप्रकाश रजवार, अनिल भोगता, लखिदास हजाम, उपेन्द्र मुण्डा इत्यादि का अहम योगदान रहा।

जंगली हाथियों ने मिडियाजारा में उत्पात मचाते हुए फसलों को रौंदा तथा सोलर पैनल को किया नष्ट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : गोला वन क्षेत्र के बंदा पंचायत अन्तर्गत मिडियाजारा गाँव में रविवार की देर रात जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने गाँव के किसान रतिलाल टुडू एवं योगेन्द्र टुडू के खेतों में लगे आलु, मुली एवं सरसों के फसलों को रौंदकर नष्ट कर दिया तथा काफी तादाद में फसलों को खा भी गए। तत्पश्चात खेत में लगे सोलर पैनल क भी क्षतिग्रस्त कर दिया। किसानों ने बताया कि इस सोलर पैनल की कीमत लगभग ढाई लाख रुपये के आसपास है। घटना के पश्चात भुक्तभोगी किसानों ने इसकी सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दी। वे लोग सोमवार की सुबह खेतों पर पहुंचकर हुए नुकसान का जायजा लिया तथा वन विभाग से किसानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा देने की माँग की। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी जंगली हाथियों द्वारा इस वन क्षेत्र में काफी नुकसान किया जा चुका है लेकिन इससे निपटने का कोई भी स्थाई समाधान अभी तक नहीं निकाला जा सका है।

बेड़ो के केशा में हुई पड़हा समाज की बैठक

- 10 पड़हा कटरमाली जरिया के बैनर तले बेड़ो के केशा गांव के नदी किनारे में हुई जरिया, केशा व गड़गांव चचगुरा पड़हा समाज की बैठक
- पड़हा समाज की पारंपरिक व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखना हमारा कर्तव्य है : सुबोध कुमार लकड़ा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने की जरूरत है। आज समाज में एक जुटता नहीं होने के कारण आदिवासी समाज पिछड़ रहा है। उक्त बातें 10 पड़हा कटरमाली के अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने कहीं। वे 10 पड़हा कटरमाली के तत्वावधान में रविवार को बेड़ो प्रखंड केशा गांव के नदी किनारे में आयोजित जरिया, केशा व गड़गांव चचगुरा पड़हा समाज की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा पड़हा समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक व पारंपरिक व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी समाज की मृत आत्मा की शांति के लिए प्रत्येक वर्ष तीनों पड़हा गांव मिलकर एक साथ कुंडी में उतरते हैं और पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया जाता है। जिसे आदिवासी लोग कोहा बेंजा पूजा के नाम से भी जानते है, इस दिन गांव में काफी उत्साह रहता है, दुःख के साथ खुशी भी रहती है और पूर्वजों को याद किया जाता है। इस स्थल की सुंदरी करण के लिए अमीन बुला कर सीमांकन पहचानी किया गया। वही बैठक में पड़हा समाज के लोगों ने अपना अपना सुझाव भी दिया। जिसमें इस धार्मिक स्थल कुंडी हड़बोड़ी का सुंदरीकरण तीनों पड़हा के ग्रामवासी मिलकर करेंगे। बैठक में तीनों ग्राम के लोग उपस्थित थे।

कोड़ी में स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया की प्रतिमा का हुआ अनावरण

222वीं जयन्ती पर समारोह का हुआ भव्य आयोजन, दी गयी श्रद्धांजलि

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : पतरातू प्रखंड को कोड़ी गांव में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया की 222 वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में जीतराम बेदिया के वंशज सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। अवसर पर कोड़ी बाजार चौक पर शहीद जीतराम बेदिया की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। इससे पूर्व पाहन के द्वारा विधिवत पूजा कराकर कलशयात्रा निकाल गई। डाड़ी से कलश मे जल भरकर महिलाएं और युवतियां तिरंगा झंडे के साथ मांदर और नगाड़े की थाप के बीच चौक पर पहुंची। जहां पाहन ने कलश स्थापित कराया। वहीं शहीद जीतराम बेदिया के वंशजों के आगमन पर पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत और अभिनन्दन किया गया। जयंती समारोह की शुरूआत जीतराम बेदिया की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वहीं समारोह में शामिल गणमान्य अतिथियों का स्वागत पारंपरिक अंगवस्त्र देकर और बैज लगाकर किया गया। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जो देर शाम तक जारी रहा। कार्यक्रम स्थल पर लगे मेले कई दुकानें सजी रहीं। जहां ग्रामीणों की काफी भीड़ लगी रही। कार्यक्रम में शहीद जीतराम बेदिया के वंशज धर्मनाथ बेदिया, सघना बेदिया, अकलू बेदिया, मोतीलाल बेदिया और धनराज बेदिया सहित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, जिप सदस्य जयराम बेदिया, रामफल बेदिया, रामदास बेदिया, कोमिला देवी, नरेश बड़ाइक, टिंकू बेदिया, सहजनाथ बेदिया, बृजकिशोर बेदिया सहित कई मौजूद रहे। अवसर पर प्रतिमा निर्माण समिति के अध्यक्ष अनिल बेदिया, सचिव चंद्रमोहन, कोषाध्यक्ष संजय बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज बेदिया, सह सचिव फूलदेव बेदिया और रतन बेदिया शामिल रहे। जयंती समारोह समिति में अध्यक्ष युगेश कुमार बेदिया, सचिव राजेंद्र बेदिया, कोषाध्यक्ष कामेश्वर बेदिया, उपाध्यक्ष अर्जुन बेदिया, सह सचिव गोविंद बेदिया, संयोजक रतन बेदिया, संरक्षक भुनेश्वर बेदिया, कैलाश बेदिया, कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला पार्षद जयराम बेदिया शामिल रहे।

बेड़ोवासी महादानी मंदिर में मत्था टेककर मनाते हैं नववर्ष

मन्नत पूरी के लिए प्रसिद्ध है महादानी बाबा मंदिर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : नव वर्ष पर प्रखंड मुख्यालय बेड़ो के लोग महादानी बाबा के मंदिर में मत्था टेककर नव वर्ष मनाते हैं। इस बार साल का पहला दिन बुधवार को है। प्रत्येक वर्ष नए साल के आगमन पर महादानी मंदिर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार भी इसकी पूरी संभावना है कि हजारों लोग प्रथम दिन महादानी बाबा का दर्शन करेंगे। इस मंदिर के प्रति पूरे क्षेत्र में श्रद्धालु भक्तजनों का अटूट आस्था व विश्वास जुड़ा है। जहां पुराने साल की विदाई और नव वर्ष के आगमन में एक दिन से भी कम समय बचा है, जिसे लेकर आम लोगों में जश्न का माहौल है। नव वर्ष के आगमन के स्वागत और जश्न की तैयारी में लोग अपने-अपने तरह से जुटे हैं। रांची जिले के बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी बाबा का मंदिर शिव आस्था व विश्वास का बड़ा केंद्र है। इस ऐतेहासिक मंदिर के बारे में झारखंड के लोगों को बहुत कम जानकारी है। इसका निर्माण नौवीं शताब्दी में हुआ था। वही कुछ इतिहासकारों के अनुसार 1048 से 1100 ईसवी के बीच महादानी मंदिर की रचना हुई। भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर की अनुकृति में बना महादानी मंदिर में द्रविड़ व नागर शैली का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। पौराणिक कथा व दंत कथाओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ने खुद अपने हाथों से महादानी मंदिर की रचना की है। पुरातत्वविदों के शोध पत्र में महादानी मंदिर का निर्माण पाल वंश के शासक धर्मपाल के शासन काल के दौरान बताया गया है। वही बेड़ो कॉलेज के इतिहास विभाग के विद्वानों ने भी मंदिर की रचना पाल वंश के समय की बताते है। जबकी यह आज भी शोध का विषय बना हुआ है। यहां जनजातीय समुदाय के द्वारा आदि देव महादेव शिव की पूजा और संबंधित परंपराओं का इतिहास है। इस मंदिर की खास बात यह है कि यहां का पुजारी कोई पंडित न होकर गांव का पाहन है। जो आज भी आदिवासियों व स्थानीय लोगों के बीच महादानी मंदिर के प्रति आस्था व विश्वास कायम है। यहां प्रत्येक वर्ष महादानी मंदिर में शिव को नए चावल से बने पीठा का भोग चढ़ाकर ही लोग नई फसल का उपयोग करते हैं। जहां आज भी जनजातिय समुदाय का आस्था व विश्वास इस मंदिर से जुड़ा है। प्रत्येक वर्ष यहां हड़बोड़ी बूढ़ा जतरा का आयोजन होता है। इस दौरान हड़बोड़ी की परंपरा अनुसार पूजा अर्चना व पारंपरिक समाजिक नियम की अदायगी के बाद गांव के पहान की अगुवाई में ढ़ोल, ढाक,मांदर,नगाड़ा,झंडा व दीप कलश के साथ शाम के समय में एक शोभायात्रा निकाली जाती है। जो आज भी प्रासंगिक है।

राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा बने झारखण्ड चुनाव अधिकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा को संगठनात्मक चुनाव को लेकर झारखंड प्रदेश चुनाव अधिकारी तथा गणेश मिश्र, सुनीता सिंह, दुर्गा मरांडी को सहअधिकारी बनाया गया है। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला परिवार की ओर से जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएँ दी है। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया कि भाजपा झारखंड में सदस्यता अभियान को महापर्व के रूप में मनाया जा रहा है। संगठनात्मक चुनावी प्रक्रिया को पूर्ण करने में इसका बहुत महत्व है। कार्यकताओं में उत्साह है और सदस्यता महापर्व को गति दी जा रही है। भाजपा के सभी संगठनात्मक जिला द्वारा प्रदेश द्वारा दिए लक्ष्य प्राप्ति को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है और लगातार अपने अपने बूथों पर स्वप्रेरणा से भाजपा का सदस्य बनाया जा रहा है। मौके पर वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ. संजय कुमार सिंह, इला रानी पाठक, चंद्रशेखर चौधरी, डॉ. संजय प्रसाद सिंह, प्रिया करमाली, जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन फौजी, राजेन्द्र कुशवाहा, बलराम महतो, स्नेहलता चौधरी, दिनेश प्रसाद, महेन्द्र प्रजापति, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, दिलीप सिंह, संजीव कुमार बबला, किरण देवी, लक्ष्मी देवी, सरदार अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर, राजीव पामदत्त, विनोद प्रसाद, संतोष शर्मा, प्रवीण कुमार सोनू, भीमसेन चौहान, अर्जुन यादव, उमेश प्रसाद, रंजित पांडेय, आनंद बेदिया, जगेश्वर प्रजापति, अखिलेश प्रसाद, बसुध तिवारी, खुशीलाल महतो, नमेंद्र चंचल, विजय ओझा, योगेश कुमार दांगी, विनोद कुमार, डॉ. विनोद कुमार, राजीव जायसवाल, पंकज कुमार गुप्ता, युगेश महतो, रमेश वर्मा, दीनदयाल कुमार, वरुण सिंह, सुरजीत सिंह छाबड़ा, प्रो. खिरोधर साहु, प्रो. आलोक कुमार, दीपक सोनकर, शीतल सिंह, कुश श्रीवास्तव, सन्नी कुशवाहा, रिंकू प्रसाद, शंकर करमाली, संजय रजक, वारिश खान सुबोध सिंह, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज गिरि, संजय साह, राजेश कुमार,, टोकेश सिंह, गणेश प्रसाद, स्वर्णकार, अशोक कुमार, बबलु साव, टोकेस सिंह, राजाराम प्रजापति सहित सभी ज्येष्ठ और सक्रिय कार्यकताओं ने बधाई और शुभकामनाएँ दी।

एक झलक

जेसीआई रांची ने गो सेवा के साथ रांची गोशाला को कुट्टी कटिंग मशीन भेंट की

रांची : सोमवार को जेसीआई रांची ने हरमू रोड स्थित रांची गोशाला में कुट्टी कटिंग मशीन भेंट कर गौ माता की सेवा की एवं उन्हें गुड, हरी सब्जी, रोटी खिलाया एवं पक्षी को दाना दिया और पुण्य के भागी बना। इस अवसर पर जेसीआई रांची के अध्यक्ष जेसी विक्रम चौधरी ने कहा गो माता की सेवा करना बहुत सौभाग्य की बात है और सभी युवाओं को गो सेवा के कार्य में जुट राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना चाहिए। इस कार्यक्रम के संचालक अमन पोद्दार, दीपक पटेल एवं रविकांत समोता के साथ साथ संस्था के सचिव जेसी मयंक अग्रवाल, अनिल बजाज, रोहित जैन, अंकित अग्रवाल, सुगम सरावगी, चिराग गोयल के अलावा जेसीआई रांची के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

नये वर्ष 2025 का स्वागत करें व जीवन में लायें नवीनता

रांची : नववर्ष की आगमन को लेकर ब्रह्माकुमारी सुरेखा बहन ने अपनी सुविचारों में कहा बीतते वर्ष से हुई भूलचूक से क्षमा प्रार्थना करें व आनेवाली नए साल की प्रथम दिन सात्विक आहार सकारात्मक सुकर्म ईश्वर की आराधना से नए वर्ष 2025 का स्वागत करें व जीवन में नवीनता लाएं। साल का प्रथम दिन किया गया सुकर्म हमें पुरे वर्ष शक्ति प्रदान करेगी जिससे हम हर कार्य में सफलता प्राप्त करेंगे कहा गया है आहार का प्रभाव व्यवहार में आता है। नया साल एक नई शुरूआत है अपनी विचारों और कर्मो में शान्ति लाएं और आत्मा के साथ जुड़कर जीवन सार्थक बनाएं।

दान सहित सोमवती अमावस्या पर हुआ विशेष अनुष्ठान

रांची : सोमवार को पड़ने वाली सोमवती अमावस्या तिथि में पहाड़ी मंदिर के निकटवर्ती श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में प्रातः भगवान का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम्, मंगलशासनम्, वेंकटेश स्तोत्रम् आदि विधान के बाद षोडषोपचार विधि से तिरु आराधना हुआ। भगवान को नक्षत्र, कुंभ, और कर्पूर से महा आरती की गई। इसके बाद पोंगल, खीर, फल व मेवा का भोग लगा। प्रातः विविध पूजाक्रम के पश्चात आम श्रद्धालुओं की प्रातः 7:00 बजे से दिन के 12:00 बजे तक और संध्या 4:00 बजे से 7:00 बजे तक भीड़ लगी रही। पितृदोष निवारण और पितरों की सद्गति प्राप्ति के लिये देवशिरोभूषण भगवान श्रीवेंकटेश्वर की भक्तों ने अष्टोत्तरशतनाम की अर्चना करायी। यह सोमवार की सोमवती अमावस्या शुभफलकारक है।

क्राइम सिटी बन गया रांची, जंगलराज की हुई वापसी : संजय सेठ

रांची : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार श्री संजय सेठ ने आज रांची राजधानी में लूट की घटना एवं अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े युवक को गोली मार दी गई। इन सभी घटनाओं की कड़ी शब्दों में निंदा की है। मंत्री श्री सेठ ने कहा आखिर रांची की पुलिस कर क्या रही है। रोज दिनदहाड़े अपराध हो रहे हैं प्रशासन मौन है। जंगलराज की वापसी हो चुकी है। सरकार को कोई मतलब नहीं। आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा क्या सरकार, प्रशासन, और अपराधियों का गठजोड़ चल रहा है। राजधानी रांची क्राइम सिटी का अड्डा बन चुका है इन अपराधियों के सामने सरकार और प्रशासन पंगु बनी हुई है। रांची में आज मर्डर हुआ यह खबर नहीं बनती खबर यह बनती है कि रांची में आज मर्डर नहीं हुआ या कोई आपराधिक घटनाएं नहीं हुई।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि भवन का किया औचक निरीक्षण, कहा

एक एकड़ से कमवाले निजी तालाबों का भी होगा जीर्णोद्धार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड में अब एक एकड़ से कम में बने निजी तालाबों का भी सरकार जीर्णोद्धार कराएगी। अगले वित्तीय वर्ष में निजी तालाब को लेकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग को प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अब तालाब के जीर्णोद्धार के दौरान एक तरफ से सीढ़ी का निर्माण भी कराया जाएगा। इसके निर्देश कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को कांके कृषि भवन के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए। वर्तमान में निजी तालाब के जीर्णोद्धार के लिए कम से कम एक एकड़ और अधिक से अधिक पांच एकड़ वाले तालाब की योजना चल रही है। इस योजना से बड़ी संख्या में किसानों के छोटे तालाब का जीर्णोद्धार नहीं हो पा रहा है। मंत्री ने विभाग के जरिये आनेवाले समय में सब्जियों के एमएसपी तय करने की दिशा में काम करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि फूल गोभी या पत्ता गोभी जैसी सब्जियों का दर दूसरे राज्य के व्यापारी आकर कम कर रहे हैं। इससे स्थानीय किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि भवन में कर्मियों और अधिकारियों के छुट्टी पर चले जाने को लेकर नाराज दिखी। उन्होंने कहा कि क्रिसमस से लेकर नये साल या दूसरे पर्व त्योहार मनाना जरूरी है लेकिन इसका काम पर असर नहीं पड़े, इसका ध्यान रखना चाहिए। आज जब मैं यहां पहुंची हूं तो 50 प्रतिशत कर्मी और अधिकारी 15 से 20 दिन के अवकाश पर हैं। झारखंड में पहले से ही सरकारी कर्मियों की कार्य संस्कृति गड़बड़ रही है। इसमें सुधार जरूरी है और ऐसा करके हम विभाग की योजनाओं को समय पर पूरा कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट राशि को खर्च करने के साथ-साथ अगले वित्तीय वर्ष के बजट की तैयारी में सभी को जुट जाना होगा। इस दौरान जैविक खेती को लेकर दी गई जानकारी पर भी मंत्री आश्चर्य चकित दिखी। उन्होंने कहा कि इसके बारे में कितने लोग जानते हैं। पैकेजिंग, शॉर्टिंग और ग्रेडिंग को लेकर मंत्री ने जेएसएलपीएस के पलाश ब्रांड का उदाहरण दिया। तिर्की ने कहा कि जब दूसरे विभाग के जरिये ये किया जा सकता है तो यहां क्यों नहीं। उद्यान विभाग के द्वारा 27 एकड़ में बनाए जाने वाले हाई टेक नर्सरी में स्थानीय दो से तीन हजार ग्रामीणों को रोजगार देने का भी निर्देश मंत्री ने दिया। उन्होंने कहा कि लोग रोजगार के लिए दूसरे जगह पलायन करते हैं। ऐसे में हाई टेक नर्सरी में उनके रोजगार को सुनिश्चित कर पलायन को रोका जा सकता है।

पारस हॉस्पिटल एचइसी में दो टुकड़ों में बंटे किडनी के मरीज की जान बची

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : पारस हॉस्पिटल एचइसी के यूरोलॉजिस्ट डॉ सौमिक चटर्जी ने गिरिडीह के रहने वाले 25 वर्षीय युवक की जान बचाई है। इस युवक का एक्सीडेंट होने के कारण इसका किडनी क्षतिग्रस्त हो गया और किडनी के दो टुकड़े हो गये थे। इस कारण पेट में ब्लीडिंग तेजी से हो रहा था। तत्काल उपचार के लिए इस युवक को रिम्स में भेजा जाता है। फिर वह युवक रांची के ही एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दाखिला लेता है। उस युवक का इलाज दो दिन तक निजी हॉस्पिटल में होता है, लेकिन वहां पर उस मरीज की हालत और भी खराब हो रही थी। मरीज को सांस लेने में परेशानी हो रही थी और उसका ऑक्सीजन लेवल लगातार गिर रहा था। इसके बाद मरीज के परिजनों ने पारस हॉस्पिटल से संपर्क किया और मरीज को हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। जब वह मरीज अस्पताल पहुंचता है तो उसका हार्ट रेट 170 था। बीपी कम हो गया था। तुरंत मरीज का सीटी स्कैन किया जहां पता चला की किडनी दो टुकड़ों में टूट गए है एवं छाती के अंदर रक्त प्रवाह होने में कारण हेमोथोरेक्स हो रहा है। मरीज को तुरंत ऑपरेशन थिएटर में लिया गया। जब उन्हें ओटी में रखा गया, तब तक उनका एसओपी02 घटकर 64 प्रतिशत रह गया था। पारस हॉस्पिटल में उस मरीज का तीन घंटे पेट का ऑपरेशन चला। क्षतिग्रस्त किडनी को हटाया गया। जहां पर अधिक ब्लीडिंग हो रही थी, उसे रोका गया। छाती में चेस्ट ट्यूब डाला गया। एक अत्यावश्यक लैपरोटॉमी और नेफरेक्टोमी की गई। रीनल हिलम में सक्रिय उछाल के साथ लगभग 1.5 लीटर रक्त को नियंत्रित किया गया। एक चेस्ट ड्रेन भी डाला गया और एक लीटर एकत्रित रक्त निकाला गया। मरीज दो दिनों तक आईसीयू में रहा। इसके बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर घर चला गया।

नेहा पटवारी को मिला मारवाड़ी युवा मंच का सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार

▪ **झारखंड एवं समाज के लिए गर्व की बात : संजय सर्राफ**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का गुजरात के गांधी धाम में आयोजित चार दिवसीय 15वां राष्ट्रीय अधिवेशन मे राष्ट्रीय रक्तदान संयोजक राजधानी रांची की श्रीमती नेहा पटवारी को सत्र 2023- 25 के लिए मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टर ने सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार से अलंकृत किया। इस अवसर पर श्री सुरेंद्र ने कहा कि आपसे पूर्ण आशा एवं विश्वास है कि मंच को इसी तरह अपनी सेवा देकर मंच के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए एक नया इतिहास गढ़ने का कार्य निःस्वार्थ भावना से निरंतर करते रहेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मंच की नारी शक्ति तेजी से समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उसी कड़ी को नेहा पटवारी ने अपने कार्यों के द्वारा सेवा कार्य कर परचम लहराया है। नेहा पटवारी को सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय कार्य समिति सदस्य संजय सर्राफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए नेहा पटवारी को बधाई देते हुए कहा है कि सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार मिलना झारखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने समाज के गौरव को बढ़ाते हुए गौरवान्वित की है।

उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज ने किया शिशु सर्वे

रांची : उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज द्वारा आज दिनांक-30 दिसंबर 2024 को रुगड़ी गाढ़ा मधुकुम, मौसीबाड़ी जगरनाथपुर एवं अन्य आवासीय इलाकों में शिशु सर्वे किया गया। शिशु पंजी सर्वे का कार्य दिनांक 4 दिसंबर 2024 से 4 जनवरी 2025 तक चलेगा। सर्वे के माध्यम से ड्राप आउट never enrolled बच्चों की जानकारी इकठ्ठा की जा रही है। ताकि हर बच्चा स्कूल में अच्छा उद्देश्य पूरा हो सकें। इसके अतिरिक्त 15 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षित वयस्कों की भी जानकारी सर्वे के माध्यम से इकट्ठा की जा रही है।

विनीता सिंघानियां बनीं श्रेष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष

▪ **रांची समर्पण शाखा बनी श्रेष्ठ महिला शाखा**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का 15 वां राष्ट्रीय अधिवेशन गांधीधाम गुजरात में राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा सुरेन्द्र भट्टर जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मारवाड़ी युवा मंच, रांची समर्पण शाखा ने इसमें अपना परचम लहराया। सत्र 2023-24 के वितरित पुरस्कारों में शाखा अध्यक्ष सह मंडल की उपाध्यक्ष युवा विनीता सिंघानिया को पूरे राष्ट्र में श्रेष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विनीता जी को इससे पूर्व राष्ट्रीय स्तर पर बतौर प्रांतीय संयोजिका पर्यावरण एवं स्वच्छता परफॉर्मर ऑफ दी ईयर एवं सर्वश्रेष्ठ प्रांतीय संयोजिका ; साथ ही प्रांतीय स्तर पर अब तक सत्र 2021-23 में दो बार श्रेष्ठ प्रांतीय संयोजिका एवं सत्र 2023-25 में सर्वश्रेष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष के पुरस्कार से सम्मानित किया का चुका है। सत्र 2023-24 हेतु रांची समर्पण शाखा को पूरे राष्ट्र में श्रेष्ठ महिला शाखा के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तत्कालीन शाखा अध्यक्ष श्वेता भाला जी के नेतृत्व में शाखा को सर्वश्रेष्ठ महिला शाखा, सर्वश्रेष्ठ महिला शाखा अध्यक्ष समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। 2007 में संस्थापक अध्यक्ष सुमिता लाठ जी से लेकर अभी तक के सभी पूर्व अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ, मेहनत-आशीर्वाद का नतीजा है कि समर्पण शाखा लगातार प्रांतीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को बढ़ाती जा रही है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

ब्रह्मकुमारी संस्थान पिठौरिया में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : सोमवार को कांके नवा टोली बाडू पिठौरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कि ओर से ब्रह्मा वत्सो का 'स्नेह मिलन' समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान कि संचालिका बी के राजमती बहन ने कहा कि पुराने स्वभाव, संस्कार एवं व्यर्थ के चिंतन तनाव, नशा और जीवन के समस्त बुराइयों को त्याग कर आने वाले नए युग,नए विचार और नए उमंग उत्साह और अपने जीवन में सद्गुणों को धारण कर हमें नया वर्ष मानना है। आने वाले जनवरी माह विशेष निरहंकारी, निर्विकारी और निरकारी बनने का ज्वाला मुखी योग बट्टी कर अंतर आत्मा को दिव्य परिवर्तन कर संसार में नया परिवर्तन लाना है। जनवरी माह विशेष फरिश्ता बनने का माह है। जनवरी माह में शांति का टावर, पवित्रता का टावर और शक्ति का टावर है। हम सबको नए साल में इस शक्ति को प्राप्त पूरे संसार में फैलाना है।

जेएमएम छात्र मोर्चा ने स्वास्थ्य सचिव से की बीएससी नर्सिंग का नामांकन ओपन करने की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जेसीएम रांची विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने बीएससी बेसिक नर्सिंग में रिक्त सीट में नामांकन लेने हेतु एवं नामांकन पात्रता जीरो परसेंटाइल करने की मांग को लेकर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह से मुलाकात किया। मुलाकात कर उन्हें अवगत कराया कि झारखंड में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बीएससी नर्सिंग की सीटें रिक्त है और अभ्यर्थीगण नामांकन लेने को इच्छुक है जबकि परसेंटाइल का बेरियर होने के वजह से बहुत से बच्चे पास नहीं कर पाए जिसके परिणाम स्वरूप सीटें रिक्त रह गई है ऐसे में परसेंटाइल को जीरो कर सभी लोगों को नामांकन लेने का अवसर दिया जाना चाहिए ताकि सीट भी रिक्त ना रहे एवं अभ्यर्थियों को पढ़ने का अवसर मिल सके। पूर्व में भी झारखंड छात्र मोर्चा ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं कल्याण मंत्रालय के मंत्री डॉ इरफान अंसारी जी से मिलकर मामले से उन्हें अवगत करा चुके हैं। स्वास्थ्य सचिव ने मोर्चा के सदस्यों से कहा कि एक सप्ताह में इस दिशा में छात्रहित का ध्यान रखकर निर्णय लिया जाएगा। मिलने वालों में जेसीएम अध्यक्ष अमन तिवारी सचिव असद फेराज टिंकू उपाध्यक्ष भास्कर महतो आदि लोग उपस्थित थे।

जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम....... शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको देवो श्याम...... के ताली कीर्तन से हरमू रोड़ का श्रीश्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था सोमवती अमावस्या पर खाटूनरेश के महास्नान अनुष्ठान उत्सव का। श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा आज सोमवती अमावस्या के अवसर पर विशेष कार्यक्रम हये। प्रातः मंगल आरती व बाल भोग करके बाबा के गर्भगृह में परदा लगा दिया। दूध, दही, गंगाजल, शहद, केशर, इत्र, गुलाबजल, चीनी, गुड़ के महामिश्रण से खाटूनरेश को महास्नान कराया गया। डारक वुलु के साथ गोल्डेन जरी लगा बागा खाटूनरेश को पहनाया गया। गुलाब के विशेष रुह से खाटूनरेश का मसाज किया गया। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को भी नवीन डारक वुलु के साथ गोल्डेन जरी लगा नया पौशाक पहनाया गया। कोलकाता से विशेष फूल-लाल गुलाब, रजनीगंधा, सफेद स्टार, पीला स्टार, तुलसीदल, पीला गेंदा की मोटी-मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश को सजाया गया।

जलवायु परिवर्तन की दिशा में तकनीक का इस्तेमाल कारगर : डॉ. अशोक पटेल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जलवायु परिवर्तन की दिशा में तकनीक का इस्तेमाल काफी कारगर है यह बातें आज सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर सियूरत टेक्नोलॉजिज, बॉस्टन, अमेरिका के प्रिंसिपल इंजीनियर डॉ. अशोक पटेल ने कही। एआई तकनीक की मदद से जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में हो रहे क्रांतिकारी परिवर्तनों पर भी उन्होंने अपना विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और 3-डी तकनीक को इस दिशा में महत्वपूर्ण करार दिया। इससे कार्बन उत्सर्जन में होनेवाली कमी पर भी उन्होंने उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी। एडु मार्केटिंग मैथवर्क्स, बॉस्टन, अमेरिका से आयीं नंदिनी सेन ने मैथवर्क्स के विषय में जानकारी देते हुए इसके तकनीकी टूल और क्लीन एनर्जी, रोबोटिक्स और एयरक्राफ्ट में इसके एप्लीकेशन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। साथ की इसके ऐप को डाउनलोड कर इसके इस्तेमाल से विद्यार्थियों और शिक्षकों को रिसर्च तथा प्रोजेक्ट में होनेवाले फायदों का भी जिक्र किया। कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने कार्बन उत्सर्जन कम करने से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने उम्मीद व्यक्त किया कि आनेवाले समय में विवि के शोधकताओं को विशेषज्ञ परामर्श के माध्यम से कई तरह के फायदे हासिल होंगे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद भाषण देते हुए विवि के माननीय प्रभारी कुलपति एस. बी. डांडीन ने इस रिसर्च टॉक की सराहना करते हुए जलवायु परिवर्तन की दिशा में वैश्विक भूमिका और रिसर्च को महत्वपूर्ण बताया। स्वागत भाषण डॉ. वीएनएल दुर्गा ने दिया। इस अवसर पर बीआईटी, मेसरा के डीन (रिसर्च) डॉ. सी. जगन्नाथन, डीन डॉ. नीलिमा पाठक, डीन डॉ. संदीप कुमार, डॉ. आर. एम. झा, डॉ. गौतम तांती, प्रवीण कुमार, हरिबाबू शुक्ला समेत विवि के अन्यान्य शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का शुभ उद्घाटन 05 जनवरी को, पोस्टर का हुआ विमोचन

रांची : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता मे ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय शिवगंज हरमू रोड मे पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे 5 जनवरी 2025 को अरगोड़ा पुंदाग मे राज्य का सबसे बड़ा राधा-कृष्ण मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का शुभ उद्घाटन की तैयारीयों पर विस्तृत चर्चा की गई। एवं वृहत स्तर पर प्रचार- प्रसार तथा संपर्क हेतु पोस्टर बैनर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज चौधरी ने बताया कि श्री कृष्ण प्रणामी शिव धाम मंदिर का शुभ उद्घाटन 5 जनवरी को प्रातः 10 बजे ट्रस्ट के संस्थापक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के कर कमलों द्वारा तथा प्रणामी समाज के संत महात्माओं की उपस्थिति मे होगा।

श्री गुरुनानक सत्संग सभा ने निकाली प्रभात फेरी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा सोमवार को प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी सुबह 5.45 बजे गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकलकर नरेश पपनेजा, सरदार गुरदीप सिंह मल्होत्रा, भगवान दास मुंजाल, दिलीप सिंह, अशोक मुंजाल, कुलदीप बेदी, बी.आर मग्गो, सरदार गुरमीत सिंह, मनोहर लाल जसूजा की गलियों से होते हुए प्रकाश गिरधर, सोनू खुराना, गुलशन मुंजाल के फ्लैट से होकर हरविंदर सिंह बेदी, दीन दयाल काठपाल की गली होते हुए वापस पार्किंग गेट पहुंचकर सुबह 8.20 बजे समाप्त हो गयी। सभी श्रद्धालुओं ने अपने अपने घरों के सामने निशान साहिब जी को माला पहना कर और फेरी पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धा भाव से स्वागत किया। फेरी में शामिल स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, नीता

मिढ़ा, रेशमा गिरधर, इंदु पपनेजा, गूंज काठपाल, बबीता पपनेजा एवं जसपाल मुंजाल ने 'गुण निधान हरिनामा जपि पूरन होए कामा...' एवं 'भजहु गोबिंद भूलि मत जाहु मानस जनम का एही लाहु...' तथा 'गुर जैसा नाही को देव जिसु मसतकि भागु सु लागा सेव...' जैसे कई शबद गायन करते हुए साध संगत को निहाल किया। सरदार छोटू सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभातफेरी की अगुवाई की। मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने वाहेगुरु से कुशल मंगल की अरदास की।

28वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल और क्लब योगा चैंपियनशिप 2024 का आयोजन

झारखंड की नम्रता कुमारी बनी चैंपियन ऑफ चैंपियन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची योग कल्चर के द्वारा आयोजित 28वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल और क्लब योगा चैंपियनशिप 2024, देशप्रिय क्लब मे पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सम्पन्न हुई। समापन समारोह मे स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, सुमित घोष (जर्मनी), आराधना देवरिया (अमेरिका), घनश्याम दास, स्वाति सरकार, डॉक्टर रीमा सेन गुप्ता, प्रनव चौधरी मौजूद थे. रांची योग कल्चर की शेफाली चक्रवर्ती ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता 6 ग्रुप में आयोजित की गई, जिसमें बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा झारखंड के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का निर्णायक वर्ल्ड योगा सोसाईटी, कोलकाता के द्वारा किया गया जिसमें पार्थो शाह, संजय विश्वास, और सुभाष कुंडू शामिल थे रांची योग कल्चर के इन्द्रजीत चक्रवर्ती ने बताया, समारोह के प्रथम सत्र में टाइटल राउंड आयोजित किया गया जिसमें ग्रुप मे आए प्रथम द्वितीय और तीसरे नंबर के प्रतिभागियों ने भाग लिया

टाइटल राउंड में ये रहे विजेता
योग शक्ति : नम्रता कुमारी
योगानंद : नयना जोशी
योग सौंदर्य :लेखराज
योग ज्योति और चैंपियन ऑफ चैंपियन : नम्रता कुमारी
20 - 20 कॉन्टैक्ट : नम्रता कुमारी
प्रनव ध्वनि : कार्तिक कुमार दुबे

ग्रुप के विजय प्रतिभागी

ग्रुप ए गर्ल्स
प्रथम : समृद्धि कुमारी ,
द्वितीय : अंकिता कुमारी ,
तृतीय : अध्विका विश्वकर्मा (सभी झारखंड)

ग्रुप ए बॉयज
प्रथम : राजकुमार ,
द्वितीय : हर्षल कुमार ,
तृतीय : जिज्ञान्स सिंह (सभी झारखंड)

ग्रुप बी गर्ल्स
प्रथम : स्वाति प्रिया,
द्वितीय : स्मृति भारद्वाज,
तृतीय : अक्षरा प्रिया (सभी झारखंड)

ग्रुप बी बॉयज
प्रथम : अगम कुमार सिंह,
द्वितीय : शुभम कुमार रंजन,
तृतीय : आर्यंस कुमार भादो (सभी झारखंड)

ग्रुप सी गर्ल्स
प्रथम : नम्रता कुमारी,
द्वितीय : लवली कुमारी,
तृतीय : आशी कुमारी (सभी झारखंड)

ग्रुप सी बॉयज
प्रथम : कार्तिक कुमार दुबे,
द्वितीय : करण दुबे,
तृतीय : हिमांशु कुमार (सभी झारखंड)

ग्रुप डी गर्ल्स
प्रथम : मनीषा मिंज।

ओपन झारखंड राज्य स्क्वैश टीम का चयन सफलता पूर्वक सम्पन्न

रांची : झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में रांची जिला स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन की मेजबानी में 30 दिसंबर को झारखंड राज्य स्क्वैश टीम का चयन फिराया लाल स्थित क्रॉस कोर्ट रांची में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ पूरे राज्य भर से लगभग 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें चार पुरुष और चार महिला का चयन किया गया,38वीं राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 में खेला जाएगा, जिसमें यही खिलाड़ी झारखंड स्क्वैश टीम की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार हैं महिला टीम-आदया बुधिया, ब्रीया शर्मा, किरीसा जालान, पीरिसा अग्रवाल पुरुष-विराज गुप्ता, शिवेश कनोइ, वेदांत अग्रवाल, अद्वितीय तनेजा ने अपना स्थान प्राप्त किया।

सीसीएल अंतर-क्षेत्रीय हॉकी महोत्सव, 2024 अरगडा क्षेत्र में खेल भावना और उत्कृष्टता का उत्सव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : सीसीएल द्वारा आयोजित अंतर-क्षेत्रीय हॉकी महोत्सव, 2024 का भव्य आयोजन 26 दिसंबर से 29 दिसंबर, 2024 तक अरगडा क्षेत्र के गिद्दी-'सी' फुटबॉल स्टेडियम में हुआ। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में सीसीएल के विभिन्न कमांड क्षेत्रों की 12 टीमों ने भाग लिया। सभी मैच लीग प्रारूप में खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन 26 दिसंबर 2024 को संजय कुमार झा, महाप्रबंधक, अरगडा क्षेत्र द्वारा किया गया। रोमांचक मुकाबले और विजेताओं का ऐलान सेमीफाइनल मुकाबले 28 दिसंबर 2024 को हुए, जिनमें बरका सयाल क्षेत्र और हजारीबाग क्षेत्र की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। 29 दिसंबर 2024 को फाइनल मुकाबले और समापन समारोह का आयोजन गिद्दी-'सी' फुटबॉल मैदान में हुआ। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।हजारीबाग क्षेत्र की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए बरका सयाल क्षेत्र की टीम को 1-0 के करीबी अंतर से पराजित कर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

एक झलक

मुखिया ने मृतक मजदूर के श्राद्ध कर्म में दिया खाद्यान्न

कटकमदाग : कटकमदाग प्रखंड के डेंगुरा पंचायत के मुखिया कंचन देवी ने सोमवार को गांव के ही मृतक मजदूर स्व. अर्जुन राम के परिजनों को श्राद्ध कर्म के लिए अपने निजी खर्च से चावल, आटा सहित अन्य खाद्यान्न सामग्री भेंट किया। इस दौरान मृतक के वृद्ध माता व विधवा पत्नी को ठंड से बचाव के लिए कंबल प्रदान किया। उन्होंने शोकाकुल परिजन के प्रति शोक संवेदना प्रकट कर आगे भी बच्चों के लिए यथा संभव मदद का भरोसा जताया। मुखिया ने बताया कि 45 वर्षीय अर्जुन राम ईंट भट्ठे में मजदूरी का काम करता था। पिछले कुछ दिनों से बीमार था। इसी दौरान बीते 21 दिसंबर को उसका आकस्मिक निधन हो गया। मृतक के पांच छोटे-छोटे बच्चे हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजू यादव, मुरली राम, संतोष राम सुमन राम सुरेश दूरी लीला देवी अनीता देवी चांदनी देवी सहित मुहल्लेवासी उपस्थित थे।

मुखिया की अध्यक्षता में झारखंड कुर्मी महासभा इकाई की हुई बैठक

चुरचू : झारखंड कुर्मी महासभा हजारीबाग जिला इकाई की बैठक, चरही लाल बंगला में देवकी महतो कार्यकारी अध्यक्ष सह मुखिया बहेरा पंचायत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर महतो उपस्थित हुए। जिला के संगठनात्मक चुनाव एवं वनभोज सह मिलन समरोह पर चर्चा की गई, चुनाव की तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी, संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। बैठक में रामटहल महतो महासचिव हजारीबाग, कालेश्वर महतो प्रदेश सदस्य, बिहारी महतो प्रखंड अध्यक्ष, बैजनाथ महतो, चैलेश्वर महतो उप प्रमुख, नागेश्वर महतो, जय कुमार महतो, महेंद्र महतो, तेज नारायण महतो, विनोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

सांसद ने पीड़ित परिवार के न्याय के लिए मुख्य सचिव से की बात

हजारीबाग : हजारीबाग में बीते दिनों सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता कुमारी की जलने से हुई मृत्यु की चौंकाने वाली घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य घटना पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से आग्रह है कि सदर एसडीओ को अपने दायित्व से पद मुक्त किया जाए ताकि फ्री एंड फेयर ट्राइल बिना किसी दबाव के किया जा सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। उन्होंने यह भी कहा की इस संबंध में राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी व जिला प्रशासन से विस्तृत चर्चा हुई है और दोषियों पर कार्यवाही करने व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह उनसे किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि इस घटना से समस्त हजारीबाग शर्मसार है और न्याय जरूर होगा।

वित्त मंत्री ने मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज का अटेंडेस रजिस्टर किया जब्त

मेदिनीनगर : मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। एक नोडल एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई भी की गई

पलामू : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अनुबंध आधारित स्वास्थ्य कर्मियों की हाजिरीबही (अटेंडेंस रजिस्टर) जब्त कर ली है। साथ ही अधिकारियों को मामले की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। मेडिकल कॉलेज के सफाई कर्मियों की नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी बालाजी नामक कंपनी पर है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कुछ दिन पहले मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण में कई अनियमितताएं पाई गई थीं। स्वास्थ्य मंत्री ने एक सप्ताह के अंदर मेडिकल कॉलेज की स्थिति बदलने का निर्देश दिया था। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने स्वास्थ्य विभाग और मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक के दौरान बालाजी कंपनी के कर्मियों की हाजिरी बही जब्त कर ली गई।

मुन्ना खान के अपहरण में शामिल आरोपित भेजे गये जेल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कटकमसांडी : कटकमसांडी थाना क्षेत्र के टोला छलटा निवासी मुन्ना खान के अपहरण में शामिल महिला समेत छह आरोपितों को कटकमसांडी पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों में पेलावल निवासी फिरोज कैसर, सरफराज कैसर, जेबा खातुन, यासमीन खातुन तथा इचाक थाना क्षेत्र के मो. आदिल और मो. असगर का नाम शामिल है। कटकमसांडी पुलिस के मुताबिक जेल भेजे गए आरोपितों के खिलाफ कटकमसांडी थाना कांड संख्या 277/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। कटकमसांडी थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार का कहना है कि पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है। मालुम हो कि एक दिन पूर्व दिन दहाड़े मुन्ना खान के घर पर स्कॉर्पियो से आए आरोपियों ने घर मे कोहराम मचाते हुए मुन्ना खान को वाहन में लाद कर भाग गए और इचाक पुलिस के हत्थे चढ़ गए। सूत्रों के मुताबिक मुन्ना खान जमीन खरीद बिक्री का काम करता है। पैसे की लेन देन मे धोखाधड़ी मामले को लेकर यह घटना को अंजाम दिये जाने बात सामने आ रही है।

पुलिस ने मृतक प्रकाश ठाकुर की स्कॉर्पियो की बरामद, ड्राइवर को भेजा गया जेल

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला निवासी प्रकाश ठाकुर की हत्या की घटना के बाद अपराधियों द्वारा ले भागे स्कॉर्पियो को भी पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया। इस संबंध में बड़कागांव पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार ने आज बड़कागांव थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि प्रकाश ठाकुर का हत्या 29 नवंबर 2024 को रात्रि करीब 11:00 बजे उसके घर पर ही करते हुए अपराधी स्कॉर्पियो वाहन जेएच 02 एएम- 5696 को ले भागे थे। 29 दिसंबर 2024 को 3:30 गुप्त सूचना मिली कि प्रकाश ठाकुर का स्कॉर्पियो गाड़ी चतरा जिला के सिमरिया थाना क्षेत्र में घुम रहा है। उक्त सूचना पर सिमरिया थाना पुलिस से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर उक्त गाड़ी का विवरणी देते हुए नाका लगाने की बात कही गई। साथ ही बड़कागांव पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठन कर डाडीकला ओपी प्रभारी पिंटू कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह के साथ सशस्त्र पुलिस बल सिमरिया थाना के लिए प्रस्थान किया तत्पश्चात सिमरिया थाना के सहयोग से युक्त स्कॉर्पियो गाड़ी बिना नंबर प्लेट का जप्त किया गया। साथ ही वाहन चला रहे अप्राथमिकी अभियुक्त चालक ओम प्रकाश सिंह उर्फ गब्बर सिंह पिता युगल किशोर सिंह, ग्राम डमोल इचाक, थाना सिमरिया जिला चतरा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस निरीक्षक ने बताया कि चालक की गिरफ्तारी के बाद प्रकाश ठाकुर की हत्या से संबंधित पुलिस को कई अहम सुराग मिली है जिस पर अनुसंधान की जा रही है।

झारखंड-बिहार के बॉर्डर पर पिकअप सहित 95 पेटी शराब जब्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
चौपारण : चौपारण दिन सोमवार को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि चतरा, इटखोरी की तरफ से एक पिकअप वाहन सं0- BR01GF-2522 आ रही है जिसपर भारी मात्रा में अवैध रुप से अंग्रेजी शराब लदा हुआ है जो चौपारण होते हुए बिहार की ओर ले जाया जा रहा है, इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन कर थाना प्रभारी चौपारण के द्वारा सशस्त्र बल के साथ चोरदाहा चेकपोस्ट के समीप वाहनो का सघन चेकिंग किया गया, चेकिंग के दौरान उक्त पिकअप वाहन सं0- BR01GF-2522 के चालक अपनी गाड़ी को चोरदाहा चेकपोस्ट से 200 मीटर पहले गाड़ी से उतरकर भाग गया। उक्त पिकअप को तलाशी लेने पर गाड़ी के अन्दर कुल 95 पेटी Night Queen कंपनी का अंग्रेजी शराब पाया गया जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया, एवं इस संबंध में चौपारण थाना काण्ड सं0- 420/24 अंकित कर संलिप्त अभियुक्तो के विरुद्ध अनुसंधान एवं छापामारी किया जा रहा है। बरामद सामानों का विवरणी- 1.पिकअप वाहन सं0- BR01GF-2522 2.Night Queen कंपनी का अंग्रेजी शराब 750 ml 20 पेटी 3.Night Queen कंपनी का अंग्रेजी शराब 375 ml 35 पेटी 4.Night Queenकंपनी का अंग्रेजी शराब 180 ml 40 पेटी कुल-95 पेटी जप्त किया गया। छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी पु०अ०नि० अनुपम प्रकाश, पु०अ०नि० सुबिन्द्र राम, स०अ०नि० बादल कुमार महतो एवं चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

शावेल ऑपरेटर खाकी प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर दी गयी बिदाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
धनबाद : जमसं कुंती गुट के कुसुंडा क्षेत्रीय अध्यक्ष सह शावेल आपरेटर खाकी प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर विश्वकर्मा वर्क शोप में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां जमसं के पदाधिकारियों व बीसीसीएल अधिकारियों ने इन्हें शाल ओढ़ा कर भावभीनी विदाई दी। इसके अलावा उन्हें अटैची, कपड़ा, टार्च, घड़ी सहित अन्य सामग्री प्रदान किया गया। कार्यक्रम मे बतौर अतिथि के रूप में मौजूद कुसुंडा के क्षेत्रीय अभियंता महाप्रबंधक एके सिंह व विश्वकर्मा परियोजना के पीओ संजय कुमार ने कहा कि खाकी विश्वकर्मा मे एक सकुशल शावेल आपरेटर थे। वे हमेशा बीसीसीएल के उत्पादन मे हमेशा गंभीर रहते थे।हमेशा प्रबंधन व मजदूर के बीच सामंजस्य बनाकर रखते थे। इधर जमसं के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय सचिव अरविंद सिंह ने कहा कि खाकी युनियन में रहकर मजदूरों के हीत की लड़ाई लड़ते थे।इनके सेवानिवृत्त होने से कुसुंडा के पूरा बीसीसीएल परिवार में मायुसी है। इनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। संचालन बलवंत सिंह, अध्यक्षता अरविंद सिंह ने की। मौके पर प्रबंधन की ओर से प्रबंधक आशीष रंजन, अभियंता केशव कुमार, सेफ्टी आफिसर केके दलई व संयुक्त मोर्चा के कमलेश, लालबिहारी, तारकेश्वर, अवधेश सिंह, सुनिल साह, राजेश चौहान, महादेव यादव, कुवर सिंह सहित अन्य थे।

गुरु गोविंद सिंह की शिक्षाएं समाज को एकता व सेवा का पाठ पढ़ाती हैं : चंद्र प्रकाश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
हजारीबाग : गुरु गोविंद सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में सिख समुदाय द्वारा शहर में पांच दिवसीय प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है। इस क्रम में सोमवार को सुभाष मार्ग स्थित भारत शुभम खंडेलवाल स्कूल के समीप प्रभात फेरी पहुंचने पर हजारीबाग यूथ विंग द्वारा भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने सर्वप्रथम सिख समुदाय के वरिष्ठ पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इसके बाद प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई और उन्हें मेवे के पैकेट वितरित किये गये। कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में रोहित बजाज ने अपनी भूमिका अदा की। इस आयोजन में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से गुरु गोविंद सिंह जी के विचारों और संदेशों को आत्मसात करने की प्रेरणा ली। सिख समुदाय के प्रतिनिधियों ने हजारीबाग यूथ विंग के इस स्वागत आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने इसे सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने वाला कदम बताया,समुदाय के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विभिन्न धर्मों और समुदायों के बीच प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलता है। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन त्याग, सेवा, और एकता का प्रतीक है। उनकी शिक्षाएं हमें समाज में हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने और सभी के साथ समान व्यवहार करने का संदेश देती हैं। सिख समुदाय द्वारा निकाली जा रही यह प्रभात फेरी हमारे समाज को एकजुटता औरआध्यात्मिकता का पाठ पढ़ाती है। हजारीबाग यूथ विंग ऐसे पवित्र आयोजनों में योगदान देने को हमेशा तत्पर है। प्रभात फेरी के स्वागत कार्यक्रम ने स्थानीय निवासियों के बीच उत्साह और उमंग का माहौल पैदा कर दिया। प्रभात फेरी में सिख समुदाय के सदस्यों ने अपने परंपरागत वाद्ययंत्रों और भजन-कीर्तन के माध्यम से पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक उत्सव था, बल्कि पूरे हजारीबाग शहर के लिए एकता और भाईचारे का संदेश लेकर आया। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सहसचिव डॉक्टर बी वेंकटेश, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित बजाज, मो ताजुद्दीन, सिद्धार्थ कुमार उर्फ सिद्धू सहित कई लोग मौजूद रहें।

विद्यार्थियों ने साइंस सिटी, तारामंडल, मछली घर, तितली घर व बिरसा जैविक उद्यान का किया भ्रमण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
बरही : हजारीबाग रोड स्थित प्रतिष्ठित संस्थान दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स कॉमर्स एवं साइंस के विद्यार्थियों ने शिक्षकों संग 2024 के अंतिम माह में वर्ष की विदाई एवं नव वर्ष का शुभारंभ की खुशियाँ रांची भर्मण कर मनाया। जहां विज्ञान, भौगोलिक दृश्य एवं पर्यावरण से जुड़े अनेको जानकारियां साइंस सिटी एवं तारामंडल का भर्मण कर प्राप्त किये। वहीं विभिन्न देशों की नदियों में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की प्रजाति वाली मछली की जानकारी मछली घर भर्मण कर अर्जित किया। भारत की सबसे बड़ी तितली घर जो रांची स्तिथ है। वहां जा कर अनेंको रंगों में विभक्त तितलियों की जानकारी प्राप्त किया। बिरसा जैविक उद्यान में विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न पशु के बारे में जानकारी प्राप्त किया। सभी विद्यार्थी ने भ्रमण का खूब आनंद उठाया।

खेल कौशल को निखारने का बेहतरीन मंच : प्रदीप प्रसाद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
हजारीबाग : हजारीबाग तीरंदाजी संघ का 9वीं जिला स्तरीय तीरंदाजी चैम्पियनशिप का समापन स्टेडियम में हुआ। यह दो दिवसीय आयोजन खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए खास अनुभव लेकर आया। इस प्रतियोगिता के समापन दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिरकत की। श्री प्रसाद ने स्वयं तीरंदाजी खेल का आनंद लिया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए विजेताओं को मोमेंटो प्रदान किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के चेहरे पर उमंग और आत्मविश्वास देखने को मिला। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि खेल आयोजन न केवल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास और स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। इस आयोजन का हिस्सा बनकर बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। हजारीबाग में इस तरह का खेल प्रतियोगिताएं न केवल हमारे युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि उन्हें अपने कौशल को निखारने का एक बड़ा मंच भी प्रदान करती हैं। तीरंदाजी का भविष्य हमारे क्षेत्र में उज्ज्वल है। तीरंदाजी संघ को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूं और आश्वस्त करता हूं कि खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा ताकि वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर हमारे जिले का नाम रोशन कर सकें। ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो बस उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन देने की। ऐसे आयोजनों से न केवल युवाओं को प्रेरणा मिलती है, बल्कि क्षेत्र का नाम भी रोशन होता है। आयोजन को सफल बनाने में हजारीबाग तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। संघ के उपाध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव मनोज कुमार, और संयुक्त सचिव अबोध राम ने पूरे कार्यक्रम की बारीकी से निगरानी की।

विधायक ने 100 केवी का ट्रांसफार्मर कराया उपलब्ध

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
केरेडारी : प्रखण्ड के बुंडू पंचायत स्थित बटुका में माननीय विधायक रौशनलाल चौधरी ने 100 केबी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिसका विधिवत उद्घाटन आजसू प्रखंड सचिव केरेडारी सह पंसस प्रतिनिधि बुंडू मोहन कुमार ने माननीय विधायक रोशनलाल चौधरी के आदेशानुसार फीता काटकर किया। बटुका में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण 15 दिन से अंधकारमय था जिसकी सूचना ग्रामीणों ने माननीय विधायक रौशनलाल चौधरी को दिया। तत्काल करवाई करते हुए माननीय विधायक के द्वारा विभाग से 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया इसके लिए सभी ग्रामीणों माननीय विधायक धन्यवाद दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के कार्यकर्ता चतर्भुज शर्मा, चंदन कुमार महतो, महेंद्र महतो, मुकुल महतो, बलराम महतो, अशोक महतो, रंजीत महतो, वासुदेव महतो, विनोद बिहारी महतो, कृष्णा महतो, प्रमोद महतो, छोटन कुमार, भीम शर्मा, संदीप महतो, धर्मनाथ महतो, मुकेश महतो, सुरेश महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना लक्ष्य : प्रियंका सिंघानिया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
पलामू : गांधी उद्यान में पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज लेडीज विंग द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया गया। मेदनीनगर शहर में पहली बार प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर के मार्गदर्शन में 12 जनवरी अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर में दिन रविवार को गांधी उद्यान में बड़े शहरों की तर्ज पर युवाओं एवं महिलाओं के हुनर को बढ़ावा देने के लिए चेंबर महिला विंग द्वारा महिला हुनर हार्ट 2025 का आयोजन किया जा रहा है जहां ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं द्वारा बनाई जाने वाली पारंपरिक अच्छे-अच्छे व्यंजन का लुफ्त निगम वासी उठा सकेंगे वही शहर एवं ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाई जाने वाली सामग्रियों की प्रदर्शनी शह बिक्री भी होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए महिला विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने बताया मेले में पारंपरिक व्यंजन के साथ-साथ पलामू के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में छिपे हुनर को निखारना एवं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना इस मेले का उद्देश्य है जिसके लिए हम लोगों ने कई शो भी हुनर हार्ट मेले में ऑगेनाइज किया है। कार्यक्रम में 10 वर्ष से 18 वर्ष तक की छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति से जुड़ी डांस शो, 1 वर्ष से 4 वर्ष तक के बच्चों का तीन भाग में बेबी रैंप शो, रोज (गुलाब) शो, डॉग शो, 18 वर्ष तक के बच्चों का स्केटिंग शो, 18 वर्ष से 30 वर्ष तक के युवाओं का बेस्ट फिजिक शो बाई जिम, भारतीय परिधानों का बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 18 वर्ष से 25 वर्ष तक के युवा युक्तियों के लिए मिस्टर एंड मिस मेदनीनगर का भी आयोजन किया गया है ताकि आज की युवा पीढ़ी को पता चल सके कि हमारे भारतीय परिधान हमारी संस्कृति है और उसमें भी हम अच्छे लग सकते।

हाईवा ने दो वाहन को मारी टक्कर, टेम्पो के परखच्चे उड़े, बोलेरो क्षतिग्रस्त

बड़कागांव : सोमवार की अहले सुबह 4 बजे पतरातू से टंडवा आम्रपाली जा रही एक हाईवा (जेएच 13 एफ 5406) ने बड़कागांव सूर्य मंदिर के आगे दोहरवा के पास रोड किनारे घर के पास खड़ा टेंपो और बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दिया जिसके कारण टेंपो (जेएच 02 बीक्यू-2180) के परखच्चे उड़ गए वहीं बोलेरो (जेएच 02 बीएम-3372) पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा पेड़ और वाहन शेड भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना को लेकर सुबह 4:00 बजे से लेकर 11:00 तक तकरीबन 7 घंटा सड़क जाम रहा जिसमें कोयला का उठाव करने आम्रपाली जा रहे सैकड़ो हाईवा खड़े नजर आये। जाम स्थिति को देखते हुए एसडीपीओ पवन कुमार पूर्व विधायक लोकनाथ महतो घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति से अवगत हुए।

दारू प्रखंड में लोकेश बारंगे ने कई स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
दारू : सहायक समाहर्ता-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू लोकेश बारंगे द्वारा दारू प्रखंड अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, दारू एवं महेशरा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेटो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सहायक समाहर्ता-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू, द्वारा कर्मियों की उपस्थिति पंजी, दवाईयों की उपलब्धता, भंडार पंजी जांच की गई एवं मरीजों को दी जाने वाली प्रिस्क्रिप्शन की एक प्रति सुरक्षित रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर महेशरा की साफ सफाई पर रोष प्रकट करते हुए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेश कुमार एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

डीडीसी के सहयोग से शिखर झारखंड, रांची एवं हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में कम्बल का वितरण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
हजारीबाग : हजारीबाग उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद के सहयोग से शिखर झारखंड, रांची एवं हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान मे 29 दिसंबर को सरदार चौक, कोर्रा एवं कूद पिपराडीह, भुइयां टोला में सैकड़ों की संख्या में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। इस सराहनीय पहल का मुख्य उद्देश्य ठंड के मौसम में गरीब और जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करना है। उप विकास आयुक्त ने शिखर झारखंड, रांची एवं हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट को यह जिम्मेदारी सौंपी थी, जिसे दोनों के संयुक्त तत्वाधान में सफलतापूर्वक चिन्हित लोगों को कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में हजारीबाग उप विकास आयुक्त एवं उनकी धर्मपत्नी रूबीना परवीन ट्रस्ट के अध्यक्ष शाहिद हुसैन, काशिफ अदीब, प्रेम कुमार, बिमला देवी, शाहिद रजा, मो कामिल और अन्य सदस्यगण सक्रिय रूप से शामिल थे। शिखर झारखंड, रांची एवं हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के सदस्यों ने मिलकर कंबलों का वितरण किया और इस कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। शिखर झारखंड के सदस्यों ने बताया कि रहमारा मकसद सिर्फ जरूरतमंदों की मदद करना नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना भी है। हम चाहते हैं कि अन्य लोग भी इस तरह के कार्यों में आगे आएं और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उप विकास आयुक्त ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, इस ठंड में कंबल वितरण का महत्व अधिक है। कई लोग ऐसे हैं जिनके पास ठंड से बचने के लिए पर्याप्त साधन नहीं हैं। हम चाहते हैं कि हमारी छोटी-सी कोशिश से उनकी जिंदगी में कुछ सुधार हो सके। प्रेम कुमार ने कहा, हमारे ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लोगों की मदद करना है। हम लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं और आगे भी करते रहेंगे। इस कंबल वितरण कार्यक्रम को स्थानीय लोगों ने भी सराहा। कोर्रा क्षेत्र के निवासियों ने उप विकास आयुक्त के इस प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में एकता और सहयोग की भावना बढ़ती है। शिखर झारखंड, रांची एवं हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट ने पहले भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य किए हैं और आगे भी इस प्रकार के कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया है। शिखर झारखंड, रांची एवं ट्रस्ट के सदस्यों का कहना है कि वे भविष्य में और भी अधिक जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए तत्पर हैं। इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से शिखर झारखंड, रांची एवं ट्रस्ट न केवल जरूरतमंदों की मदद करता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी फैलाता है। ट्रस्ट का मानना है कि हर व्यक्ति को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना चाहिए और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उप विकास आयुक्त के सहयोग से शिखर झारखंड, रांची और हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट का यह संयुक्त प्रयास एक सफल और सराहनीय कदम रहा। इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है, जो एक स्वस्थ और मजबूत समाज की नींव रखता है।

बिरहोर परिवारों के बीच बीडीओ ने बांटा कम्बल

चौपारण : प्रखंड क्षेत्र अतंर्गत कठम्बा में बिरहोर परिवारो के बीच बीडीओ नितेश भास्कर ने कंबल का वितरण किया। बीडीओ ने कहा कि लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए कम्बल जरूरतमंदों तक पहुंचे इस दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। बीडीओ ने कहा कि दर्जनों बिरहर परिवार के बीच कम्बल वितरण कर उन्हें ठंड से बचने के लिए जागरूक किया। बीडीओ ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में कम्बल का आबंटन कर दिया गया है। मौके पर स्थानीय मुखिया मंजू देवी, उपमुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी मुकेश कुमार सहित अन्य थे।

एक झलक

डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में दूसरे चरण का दाखिला सम्पन्न

जोरापोखर (धनबाद) : डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा कके दूसरे चरण का दाखिला सम्पन्न हुआ। नए वर्ष के आगमन के साथ नन्हें मुन्ने बच्चों की किलकारी से महक उठा विद्यालय प्रांगण।

डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में दूसरे चरण के दाखिले में 100 बच्चों का दाखिला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में प्राचार्या महुआ सिंह ने बाल वाटिका के बच्चों को उपहार भेंट कर बच्चों को खुशनुमा माहौल प्रदान करते हुए वात्सल्य प्रेम दिखाते हुए प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों को स्कूल में हुए नए सकारात्मक परिवर्तनों एवं पहलुओं से रुबरू करवाया। शिक्षा के साथ साथ नवीन तकनीकि की सुविधाओं , खेल के आधुनिक उपकरणों का प्रयोग बच्चें कर पाएंगे यह बताते हुए प्राचार्या ने अभिभावकों को बताया कि विद्यालय के सभी शिक्षक मेहनती होने के साथ साथ कर्तव्य परायण हैं जो बच्चों के उज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने में प्रतिबद्ध हैं। अभिभावकों की पहली पसन्द यह विद्यालय बन पाएं इस दिशा में निरंतर यहां के कर्मचारी प्रयासरत हैं।

अपराधियों ने ट्रक चालक व खलासी को मारी गोली जांच में जुटी पुलिस

धनबाद : सोमवार की अहले सुबह जिले के केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर पंप के समीप अज्ञात अपराधियों ने दो लोगो को गोली मार दी। जिसके बाद अपराधी मौके पर से फरार हो गए। वही घायलों को इलाज के लिए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए घायलों को बेहतर इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम ले जाया गया है। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोधर पंप के समीप ड्राइवर व खलासी खड़े थे। तभी अज्ञात अपराधियों ने उमा शंकर सिंह (चालक) और नीतीश कुमार (खलासी) से आकर झगड़ पड़े। जिसके बाद झगड़े ने विकराल रूप लेते हुए अज्ञात अपराधियों ने ड्राइवर व खलासी को गोली मार दी। वही उमा शंकर सिंह (ड्राइवर) को दो गोली लगी है। जबकि नीतीश कुमार (खलासी) को एक गोली लगी है। जिनका इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। जानकारी के अनुसार कुसुंडा कोलियरी से कोयला लोड कराने के लिए वाहन को खड़ा किया था। कोयला लोड होने के बाद बिहार के बक्सर में कोयले को अनलोड किया जाना था। बताते चले कि उमा शंकर सिंह (ड्राइवर) के एक जांघ और एक हाथ मे गोली लगी है। जबकि नीतीश कुमार (खलासी) के हाथ में एक गोली लगी है। मामले की जानकारी मिलने पर केंदुआडीह पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है।

15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का हुआ उद्घाटन

धनबाद : पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय के तत्वाधान 15 दिवसीय नाटक कार्यशाला का उद्घाटन समारोह आरोही नाटक मंच द्वारा आयोजित किया गय। यह कार्यक्रम आरोही नाट्य मंच कार्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यशाला के प्रशिक्षक संजय भारद्वाज, महासचिव सह टीम लीडर उर्मिला प्रसाद तथा संस्था के वशिष्ठ रंगकर्मी नरेश कुमार, जानकी पासवान, नीतीश रवि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही संस्था के निर्देशक संजय भारद्वाज ने संस्था की उपलब्धियां को बताते हुए आने वाले नए पीढिया को इस कार्यशाला के माध्यम से नए मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही महासचिव सह टीम लीडर उर्मिला प्रसाद ने संस्था के उद्देश्यों को बताते हुए कहां यह निशुल्क कार्यशाला उन हर बच्चों के लिए हैं जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य अशोक, बिरजू, हार्दिक, संतुष्ट, अक्षत, अजीत सोनी, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

योजनाओं की असंतोष प्रगति पर डीडीसी ने प्रकट की चिंता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने सोमवार को डीआरडीए के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मनरेगा सहित ग्रामीण विकास विभाग की अन्य योजनाओं की समीक्षा की। योजनाओं की असंतोष प्रगति पर उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, रोजगार सेवकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कार्यशैली में सुधार लाने तथा कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त में सभी को जमीनी स्तर पर काम करने, सफाई नहीं देकर कार्य का संपादन करने, योजनाओं की निरंतर निगरानी करने, लंबित योजना को पूरा करने, डीएमएफटी फंड से ली जाने वाली योजनाओं के लिए ग्राम सभा कराने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण, मनरेगा, एन.आर.एम., बिरसा सिंचाई कूंप संवर्धन योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, दीदी बाड़ी योजना, प्रोजेक्ट उन्नति, प्रधानमंत्री जनमन योजना के अलावा अन्य योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, प्रोजेक्ट ऑफिसर मनोज कुमार, जिला समन्वयक सुशांत कुमार, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड समन्वयक मौजूद थे।

पुराना बाजार धनबाद में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया अवेयरनेस कार्यक्रम

धनबाद : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद के माननीय सचिव के आदेशानुसार 90 दिवसीय अवेयरनेस प्रोग्राम (जागरूकता अभियान) चलाया जा रहा है। मौके पर पीएल वी, मोनू ठाकुर, कमल किशोर, ऋचा प्रसाद, शिवरानी कुमारी, काजल कुमारी, वीणा कुमारी, पुराना बाजार धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के विषय मे जनता को विशेष जानकारी दिया गया।

साथ ही इसके तहत लोगों को कानूनी सहायता हेतु टोल फ्री नंबर, निशक्त, गरीब, बीमार, लाचार लोग किस तरह लाभ ले सकते है इसकी जानकारी दी गई। सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर उपस्थित कई लोगों ने अपनी समस्याओं के बारे में बताया। इस दौरान एक महिला ने उसके पड़ोस में कुछ मामलो को लेकर परेशानी को बताया। महिला पी एल वी द्वारा दी गयी जानकारी से संतुस्ट हुई।

गुरुद्वारा में गुरचरण सिंह पदम का हुआ अंतिम अरदास

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) : गुरुद्वारा साहिब में प्रसिद्ध समाजसेवी गुरचरण सिंह पदम की आत्मा की शांति हेतु अंतिम अरदास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर के कई सम्माननीय व्यक्ति उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से डायरेक्टर बीआईटी, सिंदरी के पूर्व विधायक की पत्नी तारा देवी थी। वक्ताओं ने स्वर्गीय गुरचरण सिंह पदम जी के योगदान को याद करते हुए उन्हें एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि पदम जी समाज सेवा, धार्मिक कार्यों और आपसी सौहार्द के प्रतीक थे। मौके पर दिनेश सिंह, समृद्धि नागि, गुरचरण सिंह, अरविंद पाठक, गौतम प्रसाद, शिबू राय, सुबलचंद्र दास, मिठू दास, जगदीश्वर सिंह, मनजीत सिंह, हरिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, राजा तगड़, सुरजीत सिंह, बरनाला हरपाल सिंह, शैलेश सिंह, बलबीर सिंह, गुरचरण सिंह आदि थे।

आर्थिक उदारीकरण के नायक मनमोहन सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

जोरापोखर (धनबाद) : जामाडोबा स्थित कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के आवासीय कार्यालय राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन कार्यालय में आर्थिक नीति के नायक पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजली सभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सर्वप्रथम 02 मिनट का मौन रखा गया, तत्पश्चात उनके चित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा शिक्षक से लेकर प्रशासक तक उन्होंने राष्ट्र सेवा के लिए अपने आप को समर्पित कर दिया उदारीकरण निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों को लागू किया जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिली और देश आर्थिक संकट से बाहर निकाला और वैश्विक मंच पर एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ उनकी सेवाओं के लिए उन्हें पद्म भूषण से लेकर फाइनेंस मिनिस्टर ऑफ द ईयर एवं विदेशों से भी कई अवार्ड का खिताब दिया जा चुका है। मौके पर मुख्तार खान, संतोष महतो, कयूम खान, भगवान दास, अक्षवर प्रसाद संतोष चौधरी सतपाल सिंह ब्रोका, फैज अहमद रिजवी, शिव शंकर सिंह, सकलदेव सिंह एजाज मौजूद आलम भोलानाथ सिंह सुरेंद्र रामधारी, विक्की कुमार, रामानुज दे, मोंटी सिंह, मानिक चंद्र, हीरालाल नोनिया, प्रकाश कुमार सिंह, मनजीत कुमार नोनिया, कौशल सिंह, सुरेश कुमार महतो, अवधेश यादव, सोनू सिंह, ने सुखदेव सिंह, गौरव कुमार सिन्हा, के अलावा सैकड़ो कि संख्या में कांग्रेस के नेता गण कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

सिजुआ क्षेत्र की जन समस्याओं के निदान के लिए विधायक ने जीएम से की वार्ता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा/ तेतुलमारी (धनबाद) : समर्पण एक नेक पहल संस्था के सदस्यों के द्वारा दिए आवेदन के आलोक में सिजुआ क्षेत्र में हो रही जनसमस्याओं पर टुंडी विधायक एवं संस्था के संरक्षक मथुरा प्रसाद महतो ने सिजुआ महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद से सोमवार को वार्ता किया। सर्वप्रथम महाप्रबंधक ने विधायक को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। वार्ता में श्री महतो ने कहा कि चंदौर पहाड़ी, जीरोसिम, सोनार बस्ती, तेतुलमारी, खास सिजुआ आदि जगहों पर तीन महीनों से पिटवाटर की सफ्लाई बंद रहने से लोगो को काफी कठनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे तत्काल पानी कि समस्या का समाधान करे। वहीं बासजोड़ा डेको आउटसोर्सिंग से ओबीआर डंपिंग से उड़ने वाले डस्ट से चंदौर पहाड़ी, सोनार बस्ति, तेतुलमारी, खास सिजुआ, जोगता, तेतुलमुडी, बेलदारिया सहित अन्य स्थानों के ग्रामीणों को सांस की बीमारी, डस्ट एलर्जी व अन्य बीमारियों के शिकार हो रहे है। साथ ही तेतुलमारी कोलियरी के अंसगठित मजदूरो को पर्याप्त मात्रा में रोड सेल का कोयला नही मिलने से असंगठित मजदूरो के समक्ष रोजी रोटी के लाले पड़ गए है। विधायक ने कहा कि तत्काल सभी समस्याओं का समाधान पर पहल किया जाये। उन्होंने कहा आगमी 6 जनवरी को फिर से हम समस्या का समाधान का समिक्षा अपने से करेंगे। महाप्रबंधक ने पानी कि समस्या पर कहा कि तत्काल पुराने बोर हॉल का सफाई करवाया जाएगा अगर बोरहोल सही रहा तो बहुत जल्द पानी का समाधान हो जायेगा। वहीं, ओबिआर पर उन्होंने आश्वासन दिया कि डस्ट ना उड़े उसके लिए जल्द से जल्द कोई पहल किया जायेगा। वार्ता में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद, कार्मिक प्रबंधक चंदन श्रीवास्तव संस्था के दिपेश चौहान, धिरज सिंह और ग्रामीणों की ओर से छोटु सिंह, राजू मल्लाह, मनोज निषाद, मंटू महतो, रिजवान क्रांतिकारी, मनोज महतो, लखन यादव, डी के सिंह आदि उपस्थित थे।

एफसीआई व हर्ल प्रबंधन से स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर नियोजन देने की विधायक ने की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिन्दरी (धनबाद) : कांडरा के ग्रामीणों और इंडिया गठबंधन के लोगों ने दूर्गा मंदिर परिसर में भाकपा माले के नवनिर्वाचित विधायक चंद्रदेव महतो का माल्यार्पण कर स्वागत किया और जीत की बधाई दी। स्वागत समारोह में विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि सिंदरी के लोगों को जल्द से जल्द अच्छी शिक्षा, चिकित्सा सुविधा और वेहतर रोजगार दिलाने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही कहा कि जब सिंदरी कारखाना बंद था तब स्थानीय लोगों ने इसे संरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाई। उन्होने एफसीआई और एचयूआरएल प्रबंधन से आग्रह किया कि वे स्थानीय लोगो को प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय लोगों को रोजगार दे। विधायक ने कहा कि यदि एफसीआई प्रबंधन जमीन उपलब्ध करवा दे तो राज्य सरकार के सहयोग से एक आधुनिक हॉस्पीटल के निर्माण का प्रयास किया जायेगा। विधायक चंद्रदेव महतो ने तीरअंदाजी प्रतियोगिताओं मे राष्ट्रीय स्तर पर पदक जितने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया। इनमें स्वर्ण पदक विजेता अजय कुमार महतो, खुशी कुमारी, पूर्वा राय तथा ब्रांज मेडल जितने वाली सोनाक्षी कुमारी हैं। जिला स्तरीय तीरअंदाजी प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक जीतने वाली स्वीटी कुमारी और सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले अमित कुमार राय हैं। मौके पर दिलीप विश्वकर्मा, अशोक महतो, परशुराम सिंह, विपिन महतो, रोहित मंडल थे।

धनबाद तेली साहू समाज ने पूर्व राज्यपाल रघुवर दास से की मुलाकात

धनबाद/जमशेदपुर : सोमवार को धनबाद तेली साहू समाज झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व उड़ीसा के पुर्व राज्यपाल रघुवर दास से जमशेदपुर स्थित उनके आवास में मिले और वर्ष के अंतिम दिन 31 जनवरी को धनबाद तेली साहू समाज की ओर से तोपंचांची, लीची बगान में होने वाले वनभोज हेतु आमंत्रित किये। साथ ही झारखंड में पुनः वापसी की शुभकामनाएं दिए। मुलाकात में धनबाद जिला तेली साहु समाज के संस्थापक रंजन गुप्ता, जिला अध्यक्ष जगदीस साव, ग्रमीण जिला अध्यक्ष अशोक साव, भजन साव, संतोष साव,विकास साव, अजय साव, विकास कुमार थे।

सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति की महिला विंग की बैठक सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : रविवार को सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति के महिला विंग की बैठक यूनियन क्लब धनबाद में की गई। महिला विंग की सदस्य जया सिंह ने बताया की सर्वधर्म सामूहिक विवाह पिछले 10 वर्षो से लगातार सफलतापूर्वक होते आ रही है। इस 11 वें वर्ष में भी 101 जोड़े का विवाह निःशुल्क की जा रही है।अभी तक 86 रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा हो चुके है। विवाह सभी धर्मो के अपने अपने रीति रिवाजों से की जायेगी। इस विवाह में धनबाद के अलावा झारखण्ड के विभिन्न जिलों के अलावा बंगाल से भी जोड़े आने की संभावना है। शादी की तैयारियां समिति द्वारा जोरशोर से की जा रही है। बताया कि शादी में महिलाओ की अहम् भागेदारी रहती है।11 जनवरी को विवाह स्थल में भूमि पूजन के साथ साथ सभी जोड़ों को शादी की जोड़ा वितरण की जायेगी। 14 जनवरी की शाम को मेहंदी और संगीत का कार्यक्रम आयोजित की गई है। 15 जनवरी को सुबह दुल्हनों को तैयार करने के लिए धनबाद के ब्यूटी पार्लर की सेवा ली जायगी। बैठक में सुनीता सिंह, पिंकी सिंह, अपराजिता, मीनू अग्रवाल, दीपाली, पिंकी गुप्ता, पूनम बिंदी पाठक, सुष्मा प्रसाद, अन्नू, संगीता जायसवाल, बबिता सिंह, अर्चना, रमा सिन्हा आदि मौजूद थीं।

धनबाद बना सीनियर झारखंड स्टेट जूडो चैम्पियन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : रांची के जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय सब जूनियर व सिनियर झारखंड स्टेट जूडो चैम्पियनशिप में 7 स्वर्ण ,4 रजत व 3 कांस्य के साथ धनबाद बना राज्य चैम्पियन। इसकी जानकारी देते हुए धनबाद जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया की 28 व 29 दिसंबर को राज्य जूडो चैम्पियनशिप का उद्घघाटन स्थानीय विधायक सुरेश बैठा, झारखंड जूडो संघ के अध्यक्ष के.एन.त्रिपाठी व महासचिव परीक्षित तिवारी ने किया। पुरे झारखंड के 20 जिलों के लगभग 600 खिलाड़ी सम्मिलित हुए। धनबाद के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ी इस प्रकार हैं। स्वर्ण पदक यश राज, संभव कुमार, सोमनाथ भट्टाचार्यजी, मानसी कुमारी, अलाफिया जोहा, अनुप्रिया लाल, संस्कार। रजत पदक पलक परमा, लक्ष्मी कुमारी, संघर्ष सुमन, अनिकेत भारद्वाज। कांस्य पदक आदर्श राज, प्रशांत हेम्ब्रम, आदर्श कुमार। धनबाद के जूडो खिलाड़ीयों के शानदार प्रदर्शन पर धनबाद जिला जूडो संघ के अध्यक्ष शैयद मतलुब हासमी, कोषाध्यक्ष विनय रिटोलिया, तोराब खान, दिनेश मंडल, पंचम लाल शर्मा आदि ने बधाई दी है।

भूली 8 लाइन धारजोड़ी के पास दो कार में हुई टक्कर

धनबाद : ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के भूली 8 लाइन धारजोड़ी के पास तेज रफ़्तार का कहर फिर देखने को मिला। तेज रफ़्तार के कारण दो कार पलटी मारी। हालांकि इस घटना में किसी के मृत्यु होने की खबर नहीं है। घटना के बारे में बताया जाता है की तेज रफ़्तार होने के कारण दोनों कार आपस में टकराई, जिस के कारण दोनों कार पलटी मारी इस घटना में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है, जिसे पुलिस ने घायल व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल भर्ती कराया।

झरिया विधायक रागिनी सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की औपचारिक मुलाकात

कुजामा में ढप लोडिंग का मामला उठाया, असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद/रांची : झरिया विधायक रागिनी सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र संख्या 10 कूजामा कोल डंप पर नियम विरुद्ध मांग को लेकर कार्य बाधित किए जाने की शिकायत संबंधी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विधायक रागिनी सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि कुजामा कोल डंप से कोयला उठाव 18 दिसंबर से बाधित है। जहां कोयला व्यवसाययों द्वारा प्राप्त वैध डीओ एवं उनसे संबंधित प्रर्याप्त कागजात होने के बावजूद उन्हें कोयला उठाव में विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, लगभग पांच सौ मजदूर कार्य से वंचित है। जिससे उनके और परिवार के समक्ष भूखों मारने की नौबत आ गई है।

झरिया विधायक ने सीएम से व्यवसायियों और मजदूरों के हित में कार्य पुनः शुरू करने के संबंध में प्रशानिक कार्यवाही की मांग की है।

साथ ही कोयलांचल में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाए जाने को लेकर विधि संवत कार्यवाही कराने की दिशा में पहल करने संबंधी विषयों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र कार्यवाही करने की बात कही। वहीं, इस बाबत झारखंड के मुख्यमंत्री के अपर सचिव अविनाश कुमार एवं पुलिस महानिदेशक सह महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता को पत्र सौंप उन्हें उपरोक्त विषयों से अवगत कराया।

जनता श्रमिक संघ ने रविकांत पासवान के आवास पर की प्रेसवार्ता

कुजामा में काम करनेवाले मजदूर भुखमरी के कगार पर पहुंच गये : शैलेश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अलकडीहा (धनबाद) : जनता श्रमिक संघ के क्षेत्रिय सचिव शैलेन्द्र सिंह उर्फ छोटू सिंह ने जनता श्रमिक संघ के असंगठित क्षेत्रिय सचिव रविकांत पासवान के आवासीय कार्यालय में सोमवार को प्रेसवार्ता की। शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि तथाकथित यूनियन जिसका न रजिस्ट्रेशन है और न वैधानिक मान्यता है पिछले 13 दिनों से रंगदारी के लिए कुजामा लोडिंग प्वाइंट को बंद रखा है। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के देवर पर झारखण्ड ही नहीं भारत के अन्य राज्यों में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। उन्होंने पांच साल तक अपने देवर को बचाने और एक दूसरे देवर को माईंस खुलवाने में व्यस्त रही। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायिका मजदूरों के हित की बात करती है। कुजामा में काम करने वाले मजदूर भूखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। कुजामा परियोजना यदि 01 जनवरी तक चालू नहीं हुआ तो 2 जनवरी से पूरे लोदना क्षेत्र संख्या 10 का चक्का जाम किया जाएगा। वही रविकांत पासवान ने कहा कि मजदूर हित में हमलोग ने काम किया है और अंतिम क्षण तक मजदूर हित में काम करेंगे। मौके पर प्रेम प्रकाश पासवान, बब्लू भगत, यदू राम, श्रवण चौधरी, बजरंगी निषाद, सूरज पासवान, राम आधार सिंह, शशि सिंह, गुड्डु सिंह, सतिश वर्मा, उपेन्द्र आदि मौजूद थे।

कुजामा क्षेत्र में जनता मजदूर संघ का धरना 13वें दिन भी जारी

झरिया (धनबाद) : सोमवार को जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के अनिश्चितकालीन धरना के 13वां दिन भी जारी रहा। मौके पर जनता मजदूर संघ के शाखा सचिव प्रीतम रवानी, रत्नेश यादव, रवीन्द्र प्रसाद, दीपक साव, मुकेश यादव, भीम निषाद, मनोज पासवान, विनोद चौहान, राजकुमार ठाकुर, सिंकू सिंह, राजीव पांडे सहित सैकड़ो महिला उपस्थित थे। इस दौरान सचिव प्रीतम रवानी ने कहा कि आउटसोर्सिंग प्रबंधक के और से नो वर्क नो पे का लिस्ट कैम्प के बाहर लगाए गया है, ये मजदूर को शोषण करने वाली बात है, अगर बीसीसीएल प्रबंधक से वार्ता होती है तो जितना दिन बंद रहा उतना दिन का पेमेंट दिलाने का काम जनता मजदूर संघ बच्चा गुट करेगी।

सम्पादकीय.....

टैक्स टेररिज्म और भारतीयों का आक्रोश

भारत का वर्तमान टैक्स सिस्टम आम नागरिकों की जिंदगी को बोझिल और कठिन बना रहा है। जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) को लेकर भारतीय जनता का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और जीएसटी दरों को लेकर मीम्स की बाढ़ आ गई। जनता ने जीएसटी की जटिलताओं और बढ़ते टैक्स के बोझ को हास्य के जरिए व्यक्त कर अपनी नाराजगी को व्यक्त किया है। पॉपकॉर्न पर तीन तरह के टैक्स और सेकंड हैंड कार से जुड़े टैक्स को लेकर हाल ही में बनाए गए मीम्स ने खासतौर पर सभी का ध्यान आकर्षित किया है। पॉपकॉर्न जैसी छोटी वस्तुओं पर भारी जीएसटी और सेकंड हैंड कार की खरीद-फरोख्त पर जटिल टैक्स नियमों के कारण लोगों की जिंदगी हताशा से भर गई है। ऐसे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे ट्विटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर वित्त मंत्री पर तीखे कटाक्ष करने वाले मीम्स ट्रेंड कर रहे हैं। चाहे जीएसटी हो, इनकम टैक्स हो, या फिर रोजमर्रा के जीवन पर लगने वाले कई अप्रत्यक्ष कर, सभी तरह से आम भारतीय करदाताओं को हर कदम पर सरकार को भारी टैक्स चुकाना पड़ता है। जनता कहती है कि जीएसटी का उद्देश्य तो कर प्रणाली को सरल बनाना था, लेकिन यह तो उल्टा जटिल और बोझिल हो गया है। सोशल मीडिया के जरिए अपना गुस्सा प्रकट करने वाले लोग सरकार से बदलाव की मांग कर रहे हैं। यह जनता की निराशा ही नहीं बल्कि उनके अंदर सरकार की नीतियों के खिलाफ पनप रहे आक्रोष का भी प्रतीक है, जिसे सरकार को गंभीरता से लेना होगा और समय रहते टैक्स सुधारों पर काम करना होगा। भारत में सरकार करदाताओं की आय का बड़ा हिस्सा अपने पास रख लेती है। इनकम टैक्स, जीएसटी, हाउस टैक्स, रोड टैक्स, टोल टैक्स और यहां तक कि कपड़े या खाना खरीदने पर भी टैक्स देना पड़ता है। ऐसे में एक साधारण भारतीय करदाता के लिए बचत करना या बेहतर जीवन स्तर बनाए रखना मुश्किल हो गया है। करदाताओं के लिए अब यह प्रणाली किसी टैक्स टेररिज्म से कम नजर नहीं आ रही है। ह्यटैक्स टेररिज्मह्ल का मुद्दा पिछले कुछ वर्षों में प्रमुखता से उभरा है। भारी टैक्स दरों और अप्रत्याशित कर नियमों ने करदाताओं को असमंजस में डाल दिया है। इसके परिणामस्वरूप, भारत के कई सुपर रिच नागरिक देश छोड़ने पर मजबूर हुए और आगे भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिलती रहने वाली है। आंकड़ों के अनुसार, 2011 से अब तक 17.50 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के अनुसार, 2023 में जून तक 87,026 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी। 2022 में यह संख्या 2,25,620 थी। ये आंकड़े बताते हैं कि भारतीय नागरिक, विशेष रूप से धनी और उच्च वर्ग, भारत छोड़कर उन देशों में जा रहे हैं जहां टैक्स सिस्टम सरल और कम बोझिल है। इस रुझान के पीछे सबसे बड़ी वजह है, टैक्स के बदले मिलने वाली सुविधाओं की कमी। भारतीय करदाता सरकार को भारी टैक्स तो चुकाते हैं, लेकिन उन्हें बदले में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, और बुनियादी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार देखने को नहीं मिलता। यह स्थिति न केवल आम नागरिकों के लिए चुनौतीपूर्ण है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी एक बड़ा खतरा है। मौजूदा सरकार ने जीएसटी को एक सरल और प्रभावी टैक्स सिस्टम के रूप में पेश किया था, लेकिन इसके क्रियान्वयन ने मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायों पर भारी बोझ डाला है। वस्तुओं और सेवाओं पर उच्च दर से कर वसूली ने महंगाई को बढ़ाया है। आम आदमी के लिए रेस्टोरेंट में खाना, कपड़े खरीदना, या छोटे-मोटे व्यापार करना अब पहले की तुलना में महंगा हो गया है।

● किसने क्या कहा

सुरक्षा के मोर्चे पर सीमांत प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग

राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री

डल्लेवाल का अनशन खत्म करवाने को केंद्र के साथ मध्यस्थता को तैयार हरियाणा सरकार

नायब सैनी
मुख्यमंत्री (हरियाणा)

विश्व बंधुत्व की भावना से ही बनेगा वैश्विक परिवार

विशेष रमेश सर्राफ धमोरा

नये साल के आगाज साथ ही वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस को हर साल एक जनवरी को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सभी देशों, धर्मों के बीच शांति की स्थापना करते हुए युद्ध और अहिंसा को टालना है। साथ ही यह भी कोशिश है कि आपसी मतभेदों को बात-चीत के जरिए से निपटाया जाए और एक शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके। इस दिन के लिए परिवार को काफी अहम माना गया है। क्योंकि परिवार के जरिए ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है। वैश्विक परिवार दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका अपने परिवार के साथ दिन बिताना है। इस दिन लोग एक साथ रात्रिभोज की योजना बनाते हैं और अन्य पारिवारिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं जो उनके बंधन को मजबूत करते हैं और शांति को बढ़ावा देते हैं।

महात्मा गांधी का एक प्रसिद्ध भजन है वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे। दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है। गांधी जी के इस भजन की पंक्तियों को भारत सही अर्थों में चरितार्थ कर रहा है। भारत हमेशा से ही विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से ही सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है।

दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है। इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना। वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं। भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है। यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं। वैश्विक परिवार का अर्थ है वसुधैव कुटुम्बकम इसका मूल सिद्धांत यह है कि संपूर्ण मानवता एक परिवार है। इस विचारधारा के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी राष्ट्र, जाति, या धर्म से हो, एक ही व्यापक परिवार का हिस्सा है। इस सिद्धांत के अनुसार, विश्व में सभी का समान महत्व है और हर किसी को समान सम्मान मिलना चाहिए।

दुनिया भर में लोग नए साल की पहली सुबह का आनंद उठाते हैं। लोग अपने दोस्तों, परिवार और करीबी लोगों के इस खास दिन का जश्न मनाते हैं। नए साल के साथ ही साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। हर साल एक जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस के जरिए परिवारों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों में एकता, समुदाय और भाईचारे की भावना पैदा करता है। दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एक परिवार का निर्माण हो। ताकि विश्व में शांति की स्थापना होने के साथ ही हिंसा भी कम की जा सकें। जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें। इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके। वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है ।यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है। जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं। एक खुशहाल परिवार वह परिवार नहीं है जिसमें हर कोई एक दूसरे के जैसा सोचता, काम करता, महसूस करता या व्यवहार करता हो। एक खुशहाल परिवार की एक पहचान यह है कि पूरा परिवार एक दूसरे को वैसे ही स्वीकार करता हैं।

यह दिन पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। वैश्विक परिवार दिवस को शांति और साझाकरण के वैश्विक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बहुसंस्कृतिवाद, बहुलवाद को बढ़ावा देना और शांति और सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहना सिखाना है। यह दिन विश्व के एक वैश्विक परिवार होने के विचार को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य एकजुट होना और इस विचार को बढ़ावा देकर शांति का संदेश फैलाना है कि पृथ्वी एक वैश्विक परिवार है। ताकि दुनिया को सभी के लिए रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाया जा सके।

वैश्विक परिवार दिवस की उत्पत्ति दो पुस्तकों में हुई थी। पहली 1996 में अमेरिकी लेखकों स्टीव डायमंड और रॉबर्ट एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित वन डे इन पीस 1 जनवरी 2000 नामक बच्चों की किताब थी। वहीं दूसरी किताब अमेरिकी शांति कार्यकर्ता और लेखक लिंडा ग्रोवर का 1998 का यूटोपियन उपन्यास ट्री आइलैंडरू ए नॉवेल फॉर द न्यू मिलेनियम थी। विशेष रूप से ग्रोवर ने 1 जनवरी को शांति के वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने काफी अहम भूमिका निभाई थी। इन किताबों के विचारों के आधार पर ही 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 जनवरी को शांति का एक दिन मनाने की घोषणा की। बाद में 1999 में संयुक्त राष्ट्र और इसके सदस्य देशों ने पहली बार वैश्विक परिवार दिवस मनाया गया। इस दिवस की सफलता को देखते हुए साल 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया। इसके बाद से हर साल एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। नए साल की शुरूआत के साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद एक ऐसे समाज की स्थापना करने का प्रयास है जहां सिर्फ शांति हो।

हालांकि यह एक नई शांतिपूर्ण दुनिया की शुरूआत थी और 1999 में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को शांति निर्माण की दिशा में रणनीति विकसित करने के लिए उस विशेष वर्ष के पहले दिन को औपचारिक रूप से समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए 2001 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक परिवार दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया। पहला वैश्विक परिवार दिवस पहली बार वर्ष 2000 में एक जनवरी को देखा गया था। तब से हर साल नए साल के पहले दिन को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

ईडी की छापेमारी और सियासी तनाव

गौरतलब सत्यप्रकाश दुबे

उन्होंने कहा कि अनपढ़ होने का फायदा उठाकर उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही है। लखमा ने जोर दिया कि वह निर्दोष हैं और कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाएगी। लखमा ने कहा कि वह जांच के लिए तैयार हैं, लेकिन यह कार्रवाई केवल उन्हें बदनाम करने के लिए की गई है। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा जनता की सेवा की है। मेरे खिलाफ कोई भी आरोप साबित नहीं होगा।

छत्तीसगढ़ की राजनीति में पूर्व मंत्री कवासी लखमा के निवास और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी ने राज्य के राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया है। यह घटनाक्रम कानूनी कार्रवाई से आगे बढ़कर सियासी आरोप-प्रत्यारोप का कारण बन गया है। कांग्रेस और भाजपा के बीच तीखी बयानबाजी और कवासी लखमा की प्रतिक्रिया ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय चर्चा का केंद्र बना दिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने रायपुर धरमपुरा स्थित कवासी लखमा के आवास और उनके करीबी सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने उनके बेटे और जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश लखमा तथा नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के परिसरों को भी जांच के दायरे में लिया। आरोप हैं कि इन स्थानों पर आर्थिक अनियमितताओं और भ्रष्टाचार से जुड़े सबूत खोजने की कोशिश की जा रही थी। ईडी का दावा है कि छापेमारी भ्रष्टाचार और धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) से संबंधित मामलों की जांच के लिए की जा रही है। हालांकि, इस कार्रवाई के कानूनी आधार की पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। कांग्रेस पार्टी ने ईडी की इस कार्रवाई को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि भाजपा सरकार विपक्ष के नेताओं को दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस ने इसे भाजपा का राजनीतिक बदला बताया। यह छापेमारी जनता का ध्यान भटकाने और कांग्रेस पार्टी की छवि खराब करने की साजिश है। लेकिन कांग्रेस इससे डरने वाले नहीं हैं। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ईडी एक स्वतंत्र एजेंसी है और वह कानून के तहत अपना काम कर रही है। भाजपा प्रवक्ताओं का कहना है कि अगर कवासी लखमा निर्दोष हैं, तो उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। भाजपा का कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना जरूरी है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह हर कानूनी जांच को राजनीतिक रंग देकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। भाजपा का कहना है कि अगर ईडी ने कोई कार्रवाई की है, तो उसके पीछे पुख्ता सबूत होंगे। कांग्रेस हर बार इस तरह के मामलों को राजनीतिक षड्यंत्र का नाम देती है, जबकि हकीकत यह है कि भ्रष्टाचार को खत्म करना हर सरकार का दायित्व है। कवासी लखमा ने ईडी की कार्रवाई को व्यक्तिगत प्रताड़ना बताया।

अंकजाल - 7775

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

■	27	20	14	■	26	26	16	11	■
19		3		■		5		4	16
18	9		7	■	5		7		25
11		8	■	2		3		2	18
34	6		7		5		■	■	■
■	■	■		9		3		6	33
25	7		6		5	■	2		7
20		3		7	■	8		5	21
24	8		4		■		7		19
■	21	12	29	30	■	16	22	20	■

अंकजाल 7774 का हल

■	8	21	32	36	■	10	18	31	■
27	4	7	8	8	■	5	4	9	18
22	2	7	5	8	■	5	3	8	16
18	2	7	3	4	2	■	6	7	13
■	■	■	9	3	7	2	5	7	33
33	2	5	7	8	9	2	■	■	■
11	3	8	■	5	6	7	3	6	27
11	4	5	2	■	5	6	3	5	19
18	8	6	4	■	6	8	7	5	26
■	17	24	6	■	35	35	13	16	■

Jagrutidaur.com, Bangalore

जाल हैं राग और द्वेष

परमानंद को समझा नहीं जा सकता और उसे पाना भी अत्यंत कठिन है। कई जीवन कालों के बाद परमानंद की प्राप्ति होती है और एक बार पाने पर इसे खोना तो और भी कठिन है। जीवन में तुम्हें तलाश है केवल परमानंद की- अपने स्रेत के साथ तुम्हारा दिव्य मिलन और संसार में बाकी सबकुछ तुम्हें इस लक्ष्य की प्राप्ति से विचलित करता है। असंख्य कारण, विभिन्न तरीकों से तुम्हें उस लक्ष्य से विमुख करते हैं; लाख बहाने, जो न समझे जा सकते हैं, न बताए जा सकते हैं, तुम्हें घर नहीं पहुंचने देते। राग और द्वेष से मन चंचल रहता है। केवल जब मन शांत होता है, तब परमानंद उदित होता है। परमानंद वास है दिव्यता का, सभी देवों का। केवल मानव शरीर में ही इसे पाया जा सकता है, अनुभव किया जा सकता है। एक बार मानव जीवन पाकर, तथा इस मार्ग पर आकर भी यदि तुम्हें यह समझ में नहीं आता, तो तुम बड़े नुकसान में हो। राग और द्वेष तुम्हारे हृदय को कठोर बनाते हैं। यदि हृदय में रूखापन है तो केवल व्यवहार में विनम्रता होने से कोई लाभ नहीं। संसार को यह परवाह नहीं कि तुम अंदर से कैसे हो। संसार केवल तुम्हारा बाहरी व्यवहार देखता है। परंतु, ईश्वर को यह परवाह नहीं कि तुम बाहर से कैसे हो- वे केवल तुम्हारे अंदर देखते हैं। थोड़ा-सा भी राग या द्वेष का अंश कभी भी अपने दिल में मत बसाओ। इसे तो गुलाब के फूल की तरह रहने दो- ताजा, कोमल और सुगंधित।

आज का इतिहास

- इटली के सिसली क्षेत्र से 1492 में 100,000 यहूदियों को निकाला गया।
- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की 1600 में स्थापनी हुई।
- अमेरिका में 1781 में पहला बैंक 'बैंक ऑफ नॉर्थ अमेरिका' में खुला।
- पेशवा बाजीराव द्वितीय को 1802 में ब्रिटिश संरक्षण प्राप्त हुआ।
- महात्मा गाँधी के नेतृत्व में कॉंग्रेस के कार्यकताओं ने 1929 में लाहौर में पूर्ण स्वराज्य के लिए आंदोलन शुरू किया।
- अमेरिकी राज्य उताह के ओगडन में 1944 में रेल दुर्घटना में 48 लोगों की मौत।
- द्वितीय विश्व युद्ध में हंगरी ने 1944 में जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- विश्व के 18 देशों ने 1949 में इंडोनेशिया को मान्यता दी।
- हालैंड ने 1962 में दक्षिण पश्चिम प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप न्यू गिनी को छोड़ा।
- इंडोनेशिया को 1964 में संयुक्त राष्ट्र से निष्कासित किया गया।
- डोनल्ड कैम्पबेल ने 1964 में अपनी स्पीडबोट 444.71 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ाई और उस वर्ष का दुनिया में पानी पर सबसे तेज गति से चलने का रिकॉर्ड तोड़ दिया.
- घाना में सैनिक क्रान्ति द्वारा 1981 में राष्ट्रपति डाक्टर लिम्मान सत्ताच्युत एवं फ़्लाइट लेफि्टनेंट जेरी रालिंग्स ने सत्ता संभाली।
- ब्रुनेई को 1983 में ब्रिटेन से आजादी मिली।
- राजीव गाँधी 1984 में 40 वर्ष की उम्र में भारत के सातवें प्रधानमंत्री बने।
- मो. अजहरुद्दीन ने 1984 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेलकर अपने अंतर्राष्ट्रीए क्रिकेट जीवन की शुरूआत की। बाद में वे भारतीय टीम के कप्तान भी बने।
- परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान ने 1988 में एक समझौते पर हस्ताक्षर किया जो 27 जनवरी 1991 से प्रभावी हुआ।
- मोहम्मद रफीक तरार 1997 में पाकिस्तान के 9वें राष्ट्रपति निर्वाचित।

सुविचार

समय और बुद्धि बड़े से बड़े शोक को भी कम कर देते हैं।
कहावत

वाणी चांदी है, मौन सोना है... वाणी पार्थिव है, मौन दिव्य।
कहावत

राशिफल

मेष कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

तुला अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

वृष महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

वृश्चिक भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

मिथुन राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

धनु कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

कर्क आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें।

मकर जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

सिंह आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

कुंभ कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा।

कन्या कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

मीन संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

यह वर्ष देगा भारत को विकास की असीम संभावनाएं

डॉ. आरके सिन्हा

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफा लेन वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र , हर तरह के खान- पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पड़े लिखे बढ़िया अंग्रेजी जानने बोलने वाले विद्यमान है , जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन भी तेजी से विकसित किये जा रहे हैं ।2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी।

भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक, भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है, जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। नए साल में, डेटा एनालिटिक्स में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी, जो व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेंगे।

आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र दोनों ही कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 तक, यह प्रयास युवाओं को नए आईटी कौशल सीखने और रोजगार के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं। अब मेक इन इंडिया के बारे में तो विश्व भर में सब जानते ही हैं। यह पहल भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है।

नया साल सिर्फ़ जश्न नहीं, आत्म-परीक्षण और सुधार का अवसर भी

गौरतलब प्रियंका सौरभ

31 दिसम्बर की आधी रात को हम 2024 को अलविदा कह देंगे और कैलेंडर 1 जनवरी यानी 2025 के नए साल के दिन के लिए अपना नया पन्ना खोलेगा। उतार-चढ़ाव, मजेदार पल और कुछ खास नहीं- यह सब अब अतीत की बात हो जायेंगे। हम एक नए साल के मुहाने पर खड़े हैं, जो हमारे सामने आने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। हवा में उत्साह और चिंतन की गूंज है, जैसे पुरानी यादों और उम्मीदों का एक बेहतरीन मिश्रण।

एक नया साल एक नई शुरूआत है। यह एक नए जन्म की तरह है। नया साल शुरू होते ही हमें लगता है कि हमें अपने जीवन में बदलाव करने, नई राह पर चलने, नए काम करने और पुरानी आदतों, समस्याओं और कठिनाइयों को अलविदा कहने की जरूरत है। अक्सर हम नई योजनाएँ और नए संकल्प बनाने लगते हैं। हम उत्साहित, प्रेरित और आशावान महसूस कर सकते हैं, लेकिन कभी-कभी आशंकित भी होते हैं। कवियों और दार्शनिकों ने अक्सर दोहराया है कि भविष्य में जो कुछ भी करना है, उसमें जीवन ने जो सबक हमें सिखाया है, उसे लागू करना जरूरी है। लेकिन यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है।

लोग एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हैं। संदेश, ग्रीटिंग कार्ड और उपहारों का आदान-प्रदान नए साल के जश्न का अभिन्न अंग है। मीडिया कई नए साल के कार्यक्रमों को कवर करता है, जिन्हें दिन के अधिकांश समय प्राइम चैनलों पर दिखाया जाता है। जो लोग घर के अंदर रहने का फैसला करते हैं, वे मनोरंजन और मौज-मस्ती के लिए इन नए साल के शो का सहारा लेते हैं।

नया साल सिर्फ़. जश्न मनाने का समय नहीं है, बल्कि आत्म-परीक्षण और सुधार का अवसर भी है। अतीत की गलतियों से सीखते हुए हमें अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। आइए हम अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करें और उन्हें प्राप्त करने की योजना बनाएँ। आइए हम नकारात्मकता को पीछे छोड़ें और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ। आइए हम जरूरतमंदों की मदद करके समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभाएँ। आइए हम आत्म-विकास के लिए प्रयास करते रहें और नई चीजें सीखते रहें। लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनते हैं और मौज-मस्ती से भरी गतिविधियाँ करते हैं जैसे गाना, खेलना, नाचना और पार्टियों में जाना। नाइट क्लब, मूवी थिएटर, रिसॉर्ट, रेस्टोरेंट और मनोरंजन पार्क हर उम्र के लोगों से भरे हुए हैं। आने वाले साल के लिए नए संकल्पों की योजना बनाने की सदियों पुरानी परंपरा आम है। कुछ सबसे लोकप्रिय संकल्पों में वजन कम करना, अच्छी आदतें विकसित करना और कड़ी मेहनत करना शामिल है। आज के समय में, जब पर्यावरण के मुद्दे एक गंभीर चिंता का विषय हैं, तो पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तरीकों से नए साल का जश्न मनाना हमारी जिम्मेदारी बन जाती है। पटाखों का उपयोग कम करना, पेड़ लगाना और जल संरक्षण इस दिशा में सकारात्मक कदम हो सकते हैं।

नया साल हमें अतीत की कड़वाहट को भूलकर नए रिश्ते शुरू करना सिखाता है। आइए हम एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सद्भावना व्यक्त करें। आइए हम उन लोगों को सही रास्ते पर लाने का प्रयास करें जो अपना रास्ता भूल गए हैं। भगवद गीता में भगवान कृष्ण की शिक्षाएँ हमें याद दिलाती हैं कि हमें अपना काम करना चाहिए और परिणाम भगवान पर छोड़ देना चाहिए। नया साल सिर्फ़.कैलेंडर बदलने के बारे में नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन को एक नई दिशा देने का अवसर है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक झलक

मां के साथ हुए मामूली झगड़े में बेटी ने लगायी फांसी

लातेहार : सदर थाना के बहेराटांड़ में मां के साथ हुए मामूली विवाद में एक बेटी ने फांसी लगा ली। जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो उन्होने उसे तुरंत नीचे उतारा और सदर अस्पदताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। समाचार लिखे जाने तक वह सदर अस्पताल में डॉ. सुनील भगत के द्वारा उसका इलाज किया जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेटी का अपनी मां के साथ कुछ विवाद हुआ था। इससे गुस्सात हो कर उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली।

शैक्षणिक भ्रमण सह वनभोज पर गये छात्र-छात्राएं

मेदिनीनगर : पांकी प्रखंड के शिक्षा निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों को एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए आज पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता ने बस को हरी झंडी दिखाकर बोधगया के लिए रवाना किया। मौके पर पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता ने रवाना करने से पहले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की दल में कुल 100 विद्यार्थी है, व प्रधानाध्यापक बिनोद सिंह एवं सभी शिक्षक शामिल है। प्रेम प्रसाद गुप्ता ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी बोधगया पहुंचकर विभिन्न ऐतिहासिक दार्शनिक स्थलों का अवलोकन करेंगे। साथ ही बच्चे वनभोज का भी आनंद उठाएंगे।

अरसली उत्तरी पंचायत निवासी ने एसडीओ से आवास की मांग की

भवनाथपुर : अरसली उतरी निवासी ऋषि साह ने श्रीबंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगायी है। उसने आवेदन में जिक्र किया है, कि आवास योजना के लाभुक सूची में मेरा होने के बाद भी मुझे आवास आवंटित नहीं हुआ है। आवास विहीन होने के कारण मैं अपनी पत्नी और छोटे छोटे बाल बच्चों के साथ इस कड़कड़ाती ठंड में पेड़ के नीचे जीवन व्यतीत करने को विवश हूं। अगर इस शीतलहर में मेरे परिवार के साथ अनहोनी घटना घटती है, तो इसकी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी। उसने बताया कि आवास के लिए कई बार बीडीओ और संबंधित पदाधिकारियों से गुहार लगा चुका हूं, साथ ही बीते दो माह पूर्व प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना भी दिया था, जहां बीडीओ द्वारा मुझे आवास दिलाने संबंधी आश्वासन दिए जाने बावजूद इस पर पहल नहीं किया गया है।

जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव ने विधायक से की मुलाकात

बरवाडीह/लातेहार : जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव अस्फाख अहमद मुन्ना नें सोमवार को मनिका विधायक रामचंद्र सिंह से उनके मंगरा स्थित आवास पर मुलाकात करते हुए जीत की बधाई दी और शॉल भेंट कर के सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान अस्फाख मुन्ना नें जिले भर के कबड्डी से जुडी प्रतिभा को निखारने मे आ रही परेशानी से अवगत कराया और सरकार के माध्यम से बरवाडीह मे कबड्डी के डे बॉडिंग सेंटर खोलने की मांग की। इस पर विधायक ने आशवासन दिया की जल्द ही सभी खेल से जुडी खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए विशेष तौर से योजना बना कर काम किया जायेगा।

जिला स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन

किसानों को दी गयी योजनाओं की तकनीकी जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिला कृषि कार्यालय के सभागार में दिनांक सोमवार को जिला स्तरीय रबी कार्यशालाका आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, वरीय वैज्ञानिक महेश चन्द्र जेरई, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनि टोपनों, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा एवं सहायक मिट्टी रसायनज्ञ मुक्ता रानी ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी ने विभिन्न कृषि योजनाओं जैसे उद्यान विभाग, आत्मा एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-दलहन, तेलहन एवं मोटे अनाज आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी और किसानों को इन योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सरसों, चना, मसूर, गेहूं आदि रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती से किसानों की आय दोगुनी हो सकती है।कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने किसानों को सब्जी उत्पादन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया। वहीं, वरीय वैज्ञानिक महेश चन्द्र जेरई ने किसानों को कृषि के नए तकनीकों एवं यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी और कृषि विज्ञान केंद्र, बालूमाथ से तकनीकी सहायता लेने की अपील की।

कार्यक्रम में जिला साख्यिकी पदाधिकारी, लातेहार, डीडीएम, नाबार्ड, लातेहार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, लातेहार, सविता उरॉव, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, लातेहार, मनीष कुमार पाण्डेय, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, चन्दवा, रामनाथ यादव, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, बरवाडीह इत्यादि, परमानंद, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, बारियातु, जितेन्द्र कुमार सिंह सहायक तकनीकी प्रबंधक, चन्दवा, इत्यादि, जनसेवक, कृषक मित्र, एवं दर्जनों प्रगतिशील किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किसानों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंच का संचालन सहायक तकनीकी प्रबंधक समीम अंसारी ने किया।मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, नाबार्ड के प्रतिनिधि, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, तकनीकी प्रबंधक, कृषक मित्र और दर्जनों प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

भवनाथपुर प्रखंड के सभागार में रबी फसल की कार्यशाला लगी

भवनाथपुर : जिला कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के निर्देशानुसार भवनाथपुर प्रखंड के सभागार में रबी फसल का कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उप प्रमुख पिंटू टोप्पो, पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, वरुण बिहारी उपस्थित रहे। प्रखण्ड प्रमुख ने किसानों को रबी फसल में वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की सलाह दी, ताकि कम लागत में गुणवत्तापूर्ण और अधिक उत्पादन हासिल किया जा सके। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राकेश रजक ने रवि फसल से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी और फसल में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की। मौके पर किसान मित्र अनुज पाठक, सुनील राउत, पंचम साह, प्रेम यादव, सुनील पासवान, किसान सुशील राउत, राजेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव, सलाहुदीन अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

अमित शाह की टिप्पणी के खिलाफ लातेहार में भाकपा माले का प्रदर्शन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिला मुख्यालय में भाकपा माले के नेतृत्व में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के खिलाफ सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा माले जिला सचिव बिरजू राम और अखिल भारतीय किसान नेता प्रमोद साहू ने किया। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता और समर्थक लाल झंडा लेकर बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, अमित शाह इस्तीफा दो, और जय भीम जैसे नारों के साथ जुलूस निकालते हुए कचहरी चौक पहुंचे। वहां अमित शाह का पुतला जलाकर प्रतिवाद सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए बिरजू राम ने कहा कि अमित शाह की टिप्पणी संविधान और दलित, आदिवासी, पिछड़े और वंचित समाज का अपमान है। उन्होंने अमित शाह से तत्काल इस्तीफे की मांग की। किसान नेता प्रमोद साहू ने कहा कि मोदी सरकार संविधान विरोधी है और किसानों, मजदूरों व आम जनता के खिलाफ काम कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया।

एमके डीएवी के साहिल राज एसजीएफआई में राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे प्रतिभाग

राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करनेवाले डीएवी के बने पहले खिलाड़ी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : जनवरी 1 से 8, 2025 तक तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाले ' स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता शुरू हो रही है। इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष आयु वर्ग में 10 मीटर' एयर राइफल ओपन साइट' प्रतियोगिता में एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के 12वीं कक्षा के छात्र साहिल राज सुपुत्र श्री संजय कुमार प्रतिभाग करने जा रहे हैं । साहिल राज का चयन डी.ए.वी. कालेज प्रबंधक कर्तृ समिति दिल्ली की ओर से किया गया है। इनका चयन डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत आयोजित प्रतिस्पर्धा में राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक प्राप्त करने के

आधार पर हुआ। डीएवी के अनेक विद्यालयों के खिलाड़ियों में से साहिल राज के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें यह गरिमा पूर्ण उत्तरदायित्व सौपा गया, जो संपूर्ण झारखंड पलामू एवं एमके डीएवी परिवार को गौरवान्वित करने वाला है। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जी .एन खान ने साहिल को बधाई एवं अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ' स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ' भारत सरकार के खेल मंत्रालय के अधीन एक संस्था है, जो छात्रों में खेलकूद के विकास को प्रमाणित एवं प्रोत्साहित करती है। इसमें चयनित छात्र उच्च शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में खेल कोटा के अंतर्गत सीधे चयनित होते हैं।

लातेहार एसडीएम व सीएस ने नर्सिंग होम का किया औचक निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : लातेहार एसडीएम अजय कुमार रजक के नेतृत्व में गठित टीम ने तापा लाईफ लाइन समेत अन्य नर्सिंग होम का पीसीपीएनडीटी एक्ट के अनुपालन एवं अन्य सुविधा को लेकर औचक निरीक्षण किया। टीम में सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह और डीपीएम गौरव कुमार शामिल थे। निरीक्षण के दौरान क्लिनिक का पंजीकरण, डॉक्टरों की उपस्थिति, स्टाफ की संख्या, बेड की स्थिति और साफ-सफाई का मूल्यांकन किया गया। इस सम्बन्ध में एसडीएम अजय कुमार रजक ने बताया कि जांच में कई खामियां पायी गयी। इनमें साफ-सफाई की कमी, चिकित्सकों का नियमित विजिटिंग चार्ट, साइन बोर्ड की कमी और अन्य व्यवस्थागत कमियां शामिल थीं। इन खामियों को सुधारने का सख्त निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध

कराने पर जोर दिया। अधिकारियों ने संबंधित प्रबंधन से जल्द से जल्द निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा।कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य जिले के स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति को सुधारना और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

अतिक्रमण मुक्त की जगह खुद सड़क अतिक्रमण कर रहा है निगम प्रशासन : रूचिर तिवारी

- निगम एवं पूर्व मेयर अरुणा शंकर की दोहरी नीति से जनता है परेशान : भाकपा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डाल्टनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने निगम प्रशासन के द्वारा चर्च रोड से लेकर सादिक चौक तक बन रहे ग्रीन जोन पर प्रश्न खड़ा किया उन्होंने इससे पहले पलामू उपायुक्त पलामू को पत्र भी लिखा था की सड़क का अतिक्रमण करके पार्क बनाना उचित नहीं है इसके बाद कुछ दिन काम बंद भी रहा लेकिन पुनः काम चालू करना निगम प्रशासन की दोहरी नीति दशार्ता है एक तरफ निगम प्रशासन अतिक्रमण के नाम पर बाजार क्षेत्र को मुक्त करना चाहती है और दूसरे तरफ स्वयं सड़क का अतिक्रमण ठेकेदारों के माध्यम से करवा रहा है इससे पहले बाजार में अतिक्रमण टूट रहा था तब पूर्व मेंयर अरूणा शंकर भाजपा के कुछ व्यवसायी नेताओं को साथ लेकर अतिक्रमण टूटने के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही थी लेकिन आज जब चर्च से लेकर सादिक चौक तक ग्रीन पार्क के नाम पर सड़क का अतिक्रमण निगम प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है तो वह खामोश बैठी है उनकी चुप्पी का कारण यह है कि इस ग्रीन जोन में काम करने वाला ठेकेदार उनके पति आनंद शंकर के चहेता है और इसीलिए इस काम में वह मिट्ठू मियां बन बैठे हैं।

रामसेली में बीएल फाउंडेशन ने किया खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन

लातेहार : बी.एल. फाउंडेशन द्वारा रामसेली बारेसाढ, लातेहार में आयोजित खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. रामेश्वर उरांव विधायक, लोहरदगा सह पूर्व वित्त मंत्री, झारखंड सरकार ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव और जैप-2 की कमांडेंट सरोजनी लकड़ा उपस्थित रहीं। उद्घाटन समारोह की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर और 2 मिनट का मौन रखा गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि डॉ. रामेश्वर उरांव, विशिष्ट अतिथियों और आयोजन समिति ने टूटा गंझू लकड़ा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. उरांव ने बी.एल. फाउंडेशन को झारखंड की सभ्यता, संस्कृति और खेलों को संरक्षित करने के इस प्रयास के लिए बधाई दी।

सुभाष चंद्र बोस क्लब पोचरा में आयोजित 18वीं डबल खस्सी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : सुभाष चंद्र बोस क्लब पोचरा के द्वारा आयोजित 18 वीं डबल खस्सी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मंगलवार 31 दिसम्बर को डुड़वा क्रिकेट क्लब एवं अमवाटिकर क्रिकेट क्लब लातेहार के बीच खेला जायेगा। सेमीफाइनल में अमवाटिकर की टीम ने कोढास एवं डुड़वा क्रिकेट क्लब ने सारिक 11 को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल के पहले मुकाबले में अमवाटिकर की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया, कोड़हास की टीम टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए जवाब में अमवाटिकर की टीम ने 6

विकेट के नुकसान पर 8.2 ओवर में 136 रन बनाकर मैच जीत लिया अमवाटिकर की ओर से बंटी ने सर्वाधिक 39 रन एवं अब्दुल ने 36 रन बनाए। दूसरा सेमीफाइनल मैच में सारिक 11 की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 81 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक 24 रन राकेश के द्वारा बनाया गया डुड़वा क्रिकेट क्लब के तरफ से बोलिंग करते हुए आदर्श और बबलू ने चार-चार विकेट लिए जबकि सनी ने दो विकेट लिए , जवाब में जुड़वा क्रिकेट क्लब की टीम 82 रनों का पीछा करते हुए 9.5 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 82 रन बना कर फाइनल में प्रवेश किया जिसमें सर्वाधिक विपुल ने 29 रन बनाए। सारिक 11 के तरफ से गेंदबाजी करते हुए नंदन मुंडा ने सर्वाधिक चार विकेट प्राप्त किया।

वृद्ध व असहाय लोगों को ठंड में मदद करना पुनीत कार्य : लवली गुप्ता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : पांकी भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सह पांकी पूर्वी के पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता ने सोमवार को कड़ाके ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। इस दौरान उन्होंने पांकी प्रखंड के नूरु, टाटीदीरी, सरैडी,पहाड़ी टोला सहित नूरु पंचायत के विभिन्न गांव के बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश के प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता कहा कि हम लगातार गरीबों, वंचितों, दलितों और महिलाओं की भलाई के लिए निरंतर कार्य करती हूं। उन्होंने यह भी कहा कि ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब एवं असहाय की परेशानी को देखते हुए कंबल का वितरण कर रहा हूं। लवली गुप्ता ने कहा कि हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करती हूं। श्रीमति गुप्ता ने ये भी कहा कि हम सभी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में बेटियों और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनगिनत जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया।

डीएवी पब्लिक स्कूल में साइंस एग्जीबिशन बाल मेला का आयोजन

300 बच्चों ने वर्किंग व नन वर्किंग मॉडल का किया प्रदर्शन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भवनाथपुर : डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार को साइंस एग्जीबिशन बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेल डीजीएम सह विद्यालय के चेयरमैन एसयू मेदा को विद्यालय के मुख्य द्वार पर बच्चों एवं शिक्षकों ने तिलक चंदन कर तथा मंच पर विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने मुख्य अतिथि डीजीएम को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। तत्पश्चात सभी गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सबों के आने से विद्यालय के बच्चों का

उत्साह बढ़ता है, तथा हम सभी शिक्षकों को भी बहुत अच्छा लगता है। इस विज्ञान प्रदर्शनी के विषय में बताते हुए शिक्षक प्रवीण पांडेय ने बताया कि हमारे बच्चे न केवल किताबी ज्ञान अर्जित करते हैं, बल्कि उन्हें जीवन में कैसे उतारना है, प्रैक्टिकल रूप में भी विज्ञान के सभी आयामों को अपने मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किए। विज्ञान प्रदर्शनी के निर्णायक मंडली के तौर पर बीएसएम कॉलेज के प्रो. अनेश कुमार सिंह, प्रो. श्रीराम सिंह, प्रो. एपी सेंगर, प्रो. वीके विश्वकर्मा शामिल थे। मुख्य अतिथि सह चेयरमैन एवं निर्णायक मंडली द्वारा एक-एक मॉडल को बड़े ही रुचि पूर्ण तरीके से देखा तथा बच्चों से परिचय भी पूछा।

डॉ. मनमोहन सिंह की शालीनता भुलायी नहीं जा सकती मौन रह कर कार्य करने में विश्वास करते थे मनमोहन सिंह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : डॉ मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए जितना प्रतिष्ठित नहीं थे आज उनके निधन के बाद देश का इंटेलेक्चुअल उनकी गंभीरता को महसूस करने लगा है। 10 वर्षों के उनके प्रधानमंत्रित्व काल में यह कहा गया कि मौन रहने वाले प्रधानमंत्री हैं। परंतु मैं महसूस करता हूं कि बोलना तो बेहतर है परंतु खामोशी के साथ कार्य करते रहना ज्यादा बेहतर है। अपने खामोशी पर उठे सवाल सवाल पर उन्होंने एक शेर के माध्यम से कहा था,हजारों जवाबों से बेहतर है मेरी खामोशी/न जाने कितने सवालों के आबरू रख लिए '। उक्त बातें इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 60वीं कड़ी में पूर्व प्रधानमंत्री अर्थशास्त्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान कांग्रेस पार्टी के शिक्षा विभाग के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह ने अध्यक्ष के वक्तव्य में मनमोहन सिंह के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने यह भी कहा कि मनमोहन सिंह को समर्पित उनके व्यक्तित्व पर एक पुस्तक की रचना आज से शुरू किया हूं। उनके व्यक्तित्व से संबंधित आलेख आप सभी से आमंत्रित है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी वक्ताओं ने मनमोहन सिंह के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

शंख व बाशा नदी का संगम एक अद्भुत पिकनिक स्पॉट व प्राकृतिक सौंदर्य का अद्वितीय अनुभव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : गुमला जिला का चैनपुर और जारी के बॉर्डर पर स्थित शंख और बाशा नदी का संगम एक अनोखा पिकनिक स्पॉट है, जहाँ प्रकृति की गोद में बिताया गया समय हमेशा यादगार होता है। यह स्थल न केवल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, बल्कि रोमांचकारी गतिविधियों का भी केंद्र है। यहाँ की प्राकृतिक छटा, घने जंगल और जल धारा पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है।

शंख और बाशा नदी का संगम एक ऐसा स्थान है, जहां हर दिशा में प्राकृतिक सौंदर्य बिखरा हुआ है। घने जंगल, तेज धारा वाली शंख नदी और विशाल चट्टानें इस स्थान की विशेषता हैं। यहां के बालू के टापू और शांत जल पर्यटकों को बैठकर प्रकृति का आनंद लेने का अवसर प्रदान करते हैं। विशेष रूप से, सुबह और शाम के समय यहां का दृश्य मनमोहक होता है, जब सूरज की किरणें जल पर पड़ती हैं और एक सुनहरा अक्स बनाती हैं।

यह स्थान केवल प्राकृतिक सौंदर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यहाँ रोमांचकारी गतिविधियों का भी भंडार है। आगंतुक यहां जंगली हाथियों को देखने को मिल सकती हैं, एक से एक पक्षी भी देखने को मिलेगी। जंगल की सैर करना, ट्रैकिंग करना और फोटोग्राफी का आनंद लेना यहाँ के प्रमुख आकर्षण हैं। इसके अलावा, कई पर्यटक यहां पिकनिक मनाने के साथ-साथ कैम्पिंग का भी आनंद लेते हैं।

चैनपुर से थोड़ी दूरी पर परमवीर अल्बर्ट एक्का का पैतृक गांव भी है, जहां पर्यटक जा सकते हैं। यह स्थान न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि यहां का सांस्कृतिक धरोहर भी देखने लायक है। इस गांव का भ्रमण करते समय, आप स्थानीय लोगों के जीवनशैली और परंपराओं के बारे में जान सकते हैं, जो इस क्षेत्र की पहचान को और भी समृद्ध बनाता है।

हालांकि, यहां की तेज धारा को देखते हुए सावधानी बरतना आवश्यक है। विशेष रूप से बच्चों और परिवार के सदस्यों का ध्यान रखना बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। पिकनिक के दौरान, यह सुनिश्चित करें कि सभी सदस्य सुरक्षित स्थान पर रहें और जल के निकट न जाएं।

शंख नदी के समीप एक वॉच टावर भी बनाया गया है, जहां से आप जंगल का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। यह टावर एक बेहतरीन स्थान है, जहां से पर्यटक पूरे क्षेत्र का नजारा ले सकते हैं। यहां बैठे-बैठे आप न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं, बल्कि वन्यजीवों की गतिविधियों को भी देख सकते हैं।

शंख और बाशा नदी का संगम परिवार और दोस्तों के साथ बिताए गए समय के लिए एक उत्तम विकल्प है। यहां की शांत और प्राकृतिक वातावरण में पिकनिक मनाना एक अद्भुत अनुभव होता है। आप यहां स्नैक्स और हल्का खाना लेकर आ सकते हैं, और अपने प्रियजनों के साथ मिलकर इसे और भी खास बना सकते हैं।

अगर आप एक अद्भुत पिकनिक का अनुभव करना चाहते हैं, तो शंख और बाशा नदी का संगम अवश्य दौरा करें। यह स्थान न केवल आपको प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव करायेगा, बल्कि आपको रोमांचक गतिविधियों का भी भरपूर आनंद देगा। यहाँ बिताया गया समय आपके लिए हमेशा यादगार रहेगा, और आप इसे अपने परिवार और दोस्तों के साथ साझा करने के लिए प्रेरित होंगे। इस अद्भुत पिकनिक स्पॉट की यात्रा करें और प्रकृति की गोद में बिताए गए समय का आनंद लें। शंख और बाशा नदी का संगम एक ऐसा स्थल है, जहां आप न केवल आनंदित होंगे, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ रोमांच का भी अनुभव करेंगे।

नव वर्ष के साथी लोग अपने-अपने घरों से अलग-अलग जगह पर जाकर पिकनिक का आनंद लेते हैं ताकि नए वर्ष को अच्छे तरीके से स्वागत कर सके। ऐसे में प्रखंड क्षेत्र में कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर प्रकृति की गोद में बसा क्षेत्र में अपने आप में कई अनुपम भेट दिये हैं।

एक झलक

0.80 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

गुमला : शहर के शांति नगर कब्रिस्तान के पीछे स्थित मैदान में गत रविवार की देर शाम गुमला पुलिस ने 0.80 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ शांति नगर निवासी अजय कुमार साहू (22) को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। उक्त मामले को लेकर सोमवार को गुमला थानेदार सुरेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दिया कि गुप्त सूचना मिला कि शांति नगर कब्रिस्तान के पीछे के मैदान में कुछ असमाजिक व्यक्ति बैठकर नशा पान कर रहे है। जिससे शांति नगर का माहौल बिगड़ा हुआ है। इस सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गयाै। जिसके बाद पुलिस टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए शांति नगर कब्रिस्तान के पीछे के मैदान पहुंची। जहां पर पुलिस बल को देखते ही वहां पर बैठे कुछ व्यक्ति भागने लगे जिसमें से एक व्यक्ति को पुलिस बल द्वारा खदेड़ कर पकड़ा गया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पेंट के बांये पॉकेट से एक ब्राउन सुगर का पुड़िया बरामद हुआ। पुछताछ करने पर पकड़ाये हुए व्यक्ति ने अपना नाम अजय कुमार साहू बताया। छापेमारी दल में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, पुअनि अमर शुक्ला, पुअनि हिमांशु शेखर सिंह समेत सस्शत्र बल शामिल थे।

75 होल्डिंग टैक्स बकायेदारों का बैंक खाता फ्रीज करने के निर्देश

कोडरमा : शम्भु प्रसाद कुशवाहा प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत 75 होल्डिंग टैक्स बड़े बकायेदारों जिन्हे नोटिस भेजने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स की राशि का भुगतान नहीं किये हैं वैसे होल्डिंग धारकों का बैंक खाता फ्रीज करने का निर्देश जारी किया गया है, संबंधित व्यक्ति के नाम व आधार संख्या, मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराकर उनके अकाउंट नंबर को फ्रीज करने का निर्देश दिया गया है, उन्होंने बताया कि झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 (1) के तहत बकायेदारों के नाम का बैंक खाता तथा अन्य वितीय प्रप्त्र चाहे एकल या संयुक्त रूप से धारण हो जब्त कर बकाया राशि की वसूली का प्रावधान है। नगर प्रशासक ने बताया कि अन्य सभी बकाये दारों को भी समय पर होल्डिंग टैक्स भुगतान नहीं करने पर बैंक खाता फ्रीज की जायेगी।

कोल वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल

चतरा : टंडवा में इन दिनों सड़क दुर्घटना रूकने का नाम नहीं ले रहा है। तेज रफ्तार कोल वाहनों का कहर से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सोमवार को थाना क्षेत्र के टंडवा-पिपरवार मुख्य पथ पर स्थित मंडेर गांव के समीप अज्ञात कोल वाहन के चपेट में आने से बाईक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घटना में घायल तीनों युवकों की पहचान मंडेर निवासी विष्णु उरांव, रंजीत उरांव एवं अमन उरांव के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर की ओर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात कोल वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

अपहरण के प्रयास में 06 आरोपी गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : मरकच्चो 29 दिसंबर 2024 को पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को सूचना प्राप्त हुई कि मरकच्चो थानान्तर्गत ग्राम- गगरेसिंगा में हथियार के बल पर एक लड़की का अपहरण करने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, के द्वारा थाना प्रभारी, मरकच्चो के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठीत छापामारी टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये स्कॉपियो वाहन से भाग रहे छः अपराधकर्मियों को पकड़ा गया। पकड़े गये अपराधियों से पुछ-ताछ के क्रम में यह मामला एक तरफा प्रेम प्रसंग का पाया गया है। एक तरफा प्रेम में अपराधी द्वारा हथियार के बल पर लडकी का अपहरण कर शादी करना चाह रहा था, जबकि अपराधी पूर्व से शादीशुदा है एवं उसकी पत्नी छोड़कर चली गई है। मुख्य अपराधकर्मी मनोज कुमार सिन्हा पिड़ीता की दीदी के देवर है। पकड़े गये अपराधकर्मी दीपु कुमार सिन्हा के पास से 01 जिन्दा गोली, मनोज कुमार सिन्हा के पास से 02 चिल्ली पाउडर स्प्रे तथा पकडाये हुये अपराधकर्मियों के निशानदेही पर 01 देशी कट्टा एवं 01 जिन्दा गोली बरामद किया गया है। इस संबंध में मरकच्चो थाना कांड सं0-109/2024 दिनांक 30.12. 2024 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त ड्ड मनोज कुमार सिन्हा (उम्र 40 वर्ष), पिता रामकिशुन प्रसाद सिन्हा, सा०- नायकडीह, थाना- देवरी, जिला- गिरिडीह। ड्ड अभय कुमार (उम्र 18 वर्ष), पिता रंधीर राम, सा०- महुवरी, थाना गांव, जिला- गिरिडीह। ड्ड चंदन कुमार (उम्र 30 वर्ष), पिता- स्व० विनोद विश्वकर्मा, सा०- महलपर, पो०- विहारशरीफ, थाना- बिहार, जिला- नालन्दा (बिहार)। ड्ड दिपु कुमार सिन्हा (उम्र 28 वर्ष), पिता स्व० गोपाल लाल सिन्हा, सा०- महलपर, पो०- विहारशरीफ, थाना- बिहार, जिला- नालन्दा (बिहार)। ड्ड अमित राज (उम्र 19 वर्ष), पिता बबलू साव, सा०- महलपर, पो०- विहारशरीफ, थाना- बिहार, जिला- नालन्दा (बिहार)। ड्ड रितीक कुमार (उम्र 18 वर्ष), पिता स्व० जगरनाथ लाल, सा०- महलपर, पो० विहारशरीफ, थाना - बिहार, जिला- नालन्दा (बिहार)। जप्त समाग्री में झदेशी कट्टा - 01,जिन्दा गोली- 02, सिल्वर रंग (ग्रे) रंग का महिन्द्रा स्कॉपियो नं०- खल-04ख- 6482, मोबाईल - 05, रेड़ चिल्ली स्प्रे की बोतल - 02 छापामारी दाल में शामिल अधिकारी झपु०अ०नि० सौरभ कुमार, थाना प्रभारी मरकच्चो थाना, पु०अ०नि० अभिमन्यु परिहारी, मरकच्चो थाना, सशस्त्र बल, मरकच्चो थाना थे।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का व्यापक करें प्रचार-प्रसार : एसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बोकारो : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक की। मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राजेंद्र प्रसाद, अग्रणी जिला प्रबंधक मो. आबिद हुसैन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पलाश, सभी प्रखंड समन्वयक उद्योग, नगर निगम चास के समन्वयक आदि उपस्थित थे। अपर समाहर्ता ने समीक्षा क्रम में योजना की आहर्ता के संबध मे जानकारी ली। इस दौरान पीएमवीवाई पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। पंचायत स्तर पर संबंधित पंचायत के मुखिया द्वारा आवेदन अपलोड किया जाता है, जिसका सत्यापन करते हुए आवेदनकर्ताओं को प्रशिक्षण विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाता है, सफल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कारीगर को टूल कीट उपलब्ध कराया जाता है और अगर किसी आवेदक को ऋण की आवश्यकता होती है, तो आवेदन को स्वीकृत करते हुए राज्य मुख्यालय को ऋण मुहैया के लिए स्वीकृति के लिए अनुशंसा की जाती है। अपर समाहर्ता ने बैठक में उपस्थित महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र को योजना का व्यापक प्रचार झ प्रसार करने की बात कहीं। उन्होंने जेएसएलपीएस के तहत निबंधित एसएचजी समूह के सदस्यों, मुखिया आदि के साथ जिला स्तरीय कार्यशाला जनवरी के दूसरे पखवारे में आयोजित करने का निर्देश दिया। प्रखंड समन्वयों को क्षेत्र भ्रमण कर योजना से संबंधित आहताधारियों, पारंपरिक कार्य कर रहें लोगों को जागरूक करने को कहा। पोर्टल पर प्राप्त 2,239 आवेदनों का भौतिक सत्यापन जनवरी माह में पूरा करने को कहा।

भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

पलामू : नव वर्ष पर शराब के अवैध व्यापार को देखते हुए उत्पाद विभाग की ओर से कार्रवाई तेज की गई है। इसी क्रम में पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब बरामद किया गया है। विभाग ने छापेमारी कर 45.810 लीटर नकली विदेशी शराब बरामद करते हुए इस गोरख धंधे में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि दो फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मनातू बाजार निवासी पवन कुमार गुप्ता (28) के रूप में हुई है। जबकि फरार आरोपित प्रिंस कुमार और मनीष कुमार शामिल हैं। उत्पाद विभाग की ओर से सोमवार सुबह बताया गया कि रविवार को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के मनातू बाजार में मनीष कुमार एवं पवन कुमार गुप्ता के घर पर नकली शराब तैयार की जा रही है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक व अन्य शिक्षा से सम्बन्धित पदाधिकारी के साथ उपायुक्त ने की बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : उपायुक्त गुमला द्वारा जिला समाहरणालय अवस्थित सभागार में जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां एडीपीओ ज्योति खलखो एवं जिला तथा प्रखंड के सभी शिक्षा पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ उपायुक्त द्वारा आवासीय विद्यालयों की समीक्षा के क्रम में नेताजी सुभाषचंद बोस आवासीय विद्यालय सिसई को प्रखंड मुख्यालय सिसई के विद्यालय से यथाशीघ्र नए छात्रावास में शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया इसके साथ ही नेताजी सुभाषचंद आवासीय विद्यालय शीत सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय स्तर पर वार्डन, शिक्षिका, लेखापाल, कुक आदि के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया आरम्भ किए जाने का निर्देश दिया गया। बच्चों की कैपेसिटी बिल्डिंग के लिए जिले के अंदर एक्सपोजर विजिट हेतु योजना बनाकर जनवरी में भ्रमण करवाने का निर्देश दिया गया तथा सभी स्तर पर पारदर्शिता के साथ व्यय में तेजी लाएं तथा आवासीय विद्यालय के छात्र छात्राओं को आवश्यक सुविधाएं दें। उपायुक्त गुमला द्वारा दिव्यांग बच्चों की समीक्षा के क्रम में मेडिकल असेसमेंट और जरूरतमंद बच्चों को व्हीलचेयर, कैलीपर आदि सहायक सामग्रियों के वितरण सहित ट्रांसपोर्ट अलाउंस और स्कॉट अलाउंस की समीक्षा की गयी।

जनता दरबार में 48 मामलों पर एसी ने की सुनवाई, कई मामलों का किया निष्पादन

अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा दर्जनों मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बोकारो : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 48 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं, शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, डीपीएलआर, जिला भू-अर्जन विभाग, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे।

बाल आयोग के सदस्य रूचि कुजूर, मिनहाजुल हक और विकास डोदराजका ने किया संप्रेक्षण

बच्चों को हर परिस्थिति में मिले अधिकार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य रूचि कुजूर, मिनहाजुल हक, विकास डोदराजका ने गुमला जिला के दो दिवसीय दौरा में आज संप्रेक्षण गृह गुमला, बाल गृह बालिका सिलम गुमला और रागी प्रसंकरण इकाई करौन्दी का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण में समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अमर कुमार, अध्यक्ष जिला बाल कल्याण समिति कृपा मिंज, अधीक्षक अविनाश कु गिरी साथ गृह के सभी कर्मी उपस्थित थे। आयोग के सदस्य ने समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कर निष्पादन हेतु दिशा निर्देश दिया। तत्पश्चात बालिका गृह का निरिक्षण किया, सदस्य रूचि कुजूर ने बालिका गृह के बच्चियों से बातचीत कर उनके समस्याओं से अवगत हुए साथ में समस्या को निराकरण हेतु पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया। बालिका गृह के बाद रागी प्रसंस्करण यूनिट का भ्रमण किया, जे एस एल पी एस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र जरीका ने माडुवा से बिभिन्न खाद्य पदार्थ बनाने विधि को दिखाया सदस्यों ने इस कार्य की प्रशंसा किया कहा कि झारखण्ड के प्रमुख अनाज माडुवा से लड्डू, कुकीज, चिप्स, आटा इत्यादि का उत्पादन कर रोजगार का सृजन किया जा सकता।

कोडरमा में सड़क दुर्घटना की आड़ में महिला हत्या का मामला

पुलिस ने केस का किया उद्भेदन, पति व दो अन्य गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : 05 दिसंबर 2024 को कोडरमा थाना में एक महिला की सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी, जिसका कोडरमा थाना काण्ड सं0-258/ 2024 दिनांक- 06.12.2024 धारा- 281/125/106 (1) बीएनएस है। परन्तु मृतिका के अन्त्य परीक्षण के क्रम में संदेहास्पद प्रतित होने के कारण काण्ड की गंभीरता को देखते हुए गहन अनुसंधान कर सही तथ्य का पता लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कोडरमा के निर्देशानुसार

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोडरमा एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी कोडरमा के नेतृत्व में एक विषेश टीम का गठन किया गया। काण्ड अनुसंधान के क्रम में मृतक महिला के पति कृष्णा यादव से गहनता पूर्वक पुछ-ताछ करने पर यह बात प्रकाश में आई कि मृतक एवं इसके पति के बीच शादी के बाद से ही विवाद चला आ रहा था तथा कृष्णा यादव अपनी पत्नी को पसंद नहीं करता था। कृष्णा यादव के द्वारा अपनी मृतक पत्नी के नाम पर चार पहिया, दो पहिया वाहन एवं एक समुह लोन लिया था। जिसका किस्ती जमा नही कर पाने के कारण इसके किसी दोस्त ने बताया की यदि तुम्हारी पत्नी की मृत्यु हो जाती है तो सारा लोन माफ हो जायेगा, ईन्ही सब कारणो के कारण पूर्व प्लान के तहत अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर अपनी पत्नी का गला घोट कर हत्या कर दिया और साक्ष्य छुपाने के नियत से सड़क दुर्घटना का रूप देने का कार्य किया गया है। घटना में प्रयुक्त बलेनो कार एवं टीभीएस रायडर मोटरसाईकल को जप्त किया गया है।

मायूम की प्रेरणा शाखा ने साल 2024 में छोड़ी कई अनूठी छाप

■ जीवदया व पशुकल्याण के लिए राष्ट्र में सर्वश्रेष्ठ शाखा व पूर्व सचिव सारिका लड्ढा श्रेष्ठ सचिव से सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : मारवाड़ी युवा मंच कि कोई प्रेरणा शाखा महिला सशक्तिकरण के तहत आधी आबादी ने झुमरी तिलैया सहित जिले के विभिन्न इलाकों में पनशाला (अमृत धारा) पाठशाला के साथ पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, गो आहार, खेलकूद कला संस्कृति के तहत कई कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई है। जो अद्वितीय है इधर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का 15वां राष्ट्रीय अधिवेशन 26 से 28 दिसंबर को गुजरात के गांधीधाम में संपन्न हुआ जिसमें सत्र 2023-25 के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टर ने झारखंड प्रांत को सर्वश्रेष्ठ प्रांत के साथ -साथ झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा को जीवदया की सेवा करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ शाखा तथा 23-24 सत्र की निवर्तमान सचिव सारिका लड्ढा को श्रेष्ठ सचिव से सम्मानित किया गया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि नारी शक्ति तेजी से समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। सेवा के क्षेत्र में परचम लहरा रही है महिला शक्ति की अगुवाई में हुई जनसेवा समाज में एक सुखद अनुभव दे जाता है। हमीरा की अमर शक्ति जहर से मर नहीं सकती, झांसी वाली रानी है किसी से डर नहीं सकती, मदर टेरेसा कल्पना चावला या सानिया मिर्जा संभव क्या है दुनिया में जो हमारी सखियां कर नहीं सकती... पंक्तियों से प्रेरित संगठन ने कई कार्यक्रम इस वर्ष आयोजित किया। जिसमें मुख्य रूप से मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ने प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक, मंडल 1 के साथ बरही में पिकनिक का आयोजन, स्थानीय शाखा की सदस्य रांची में महिला क्रिकेट टीम के रूप में खेली इसके अलावा इस बार झुमरी तिलैया में कैंसर वेन, मेडिकल वेन के जरिए अलग-अलग जांच शिविर लगवाया, वहीं प्रत्येक महीना गो आहार कार्यक्रम एवं वर्ष भर में रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण, नवरात्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, शहर में दो नए वाटर कूलर की स्थापना तथा 26 से 28 दिसंबर तक कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण जैसे कार्यक्रम कर जन-जन से जुड़ने का कार्य किया। राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड को सर्वश्रेष्ठ प्रांतीय व झुमरी तिलैया को अवार्ड मिलने पर सदस्यों ने दी बधाई।

समाहरणालय, कोडरमा
(जिला पर्यटन कार्यालय)
E-mail:-sportskoderma17@gmail.com

Amended date for Expression of Interest (EOI)

Advertisement PR No-342179 एवं कार्यालय ज्ञापांक 152/पर्य0 दिनांक 16-12-2024 द्वारा कोडरमा एडवेंचर पार्क, तिलैया डैम, उरवाँ के समीप पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु Floating Jetty Project का विकास हेतु दिनांक 30-12-2024 को निविदा आमंत्रित की गई थी।

अपरिहार्य कारणवश उक्त Expression of Interest (EOI) की तिथि परिवर्तित करते हुए दिनांक 16-01-2025 निर्धारित की जाती है।

Expression of Interest (EOI) की शर्तें एवं अन्य विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला पर्यटन पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 343230 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 24-25 (D)

जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी।
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/22/2024-25

क्र.	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्रा० राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	अड़की	बाड़ीनिजकेल पंचायत के ग्राम उलिहातु में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000.00	1,11,000.00	10,000.00	9 माह
2	अड़की	ग्राम कोचांग में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000.00	1,11,000.00	10,000.00	9 माह
3	खूँटी	बिरहू पंचायत के ग्राम रेवा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000.00	1,11,000.00	10,000.00	9 माह

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समयः– 03.01.2025 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. ई–निविदा डालने की अंतिम तिथिः– 15.01.2025 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 15.01.2025 के अपराह्ण 05:00 बजे तक(e-Procurement Portal-jharkhandtenders.gov.in)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 15.01.2025 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. जिला परिषद, खूँटी/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
8. उपरोक्त निविदा का निष्पादन **Double Bid System** के अनुसार किया जायेगा।
9. जिला परिषद, खूँटी अन्तर्गत वैसे संवेदक जिनका कार्य Work Program के अनुसार नही चल रहा है। वे इस निविदा में भाग लेने हेतु अयोग्य समझें जायेगे।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुरूप ही अग्रधन की राशि (ऑनलाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
11. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, खूँटी।

PR 343235 District(24-25)D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– 13/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG   दिनांक :– 30.12.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य की विवरणी :–

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में	प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	कॉल
1	RWD/HAZ/MMG SY/20/2024-25	बड़कागाँव	ग्राम चिरुडीह से हेसावार तक पथ निर्माण कार्य (लं0–4.500 कि0मी0)	5,80,82,200/-	पाँच करोड़ अस्सी लाख बेरासी हजार दो सौ रुपये मात्र	12 (बारह) माह	प्रथम
2	RWD/HAZ/MMG SY/21/2024-25	बड़कागाँव	ग्राम कौशी से सेहदा तक पथ निर्माण कार्य (लं0–5. 450 कि0मी0)	7,59,29,400/-	सात करोड़ उनसठ लाख उनतीस हजार चार सौ रुपये मात्र	12 (बारह) माह	प्रथम

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.01.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय– 21.01.2025 अपराह्न 5:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06546–265286।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 343165 Rural Work Department (24-25)_D

एक झलक

बुंडू के कांची में हाई बुरू मेला सम्पन्न

बुंडू : बुंडू के कांची में सैकड़ों वर्षों से पारंपरिक श्रद्धा व भक्ति से आयोजित होने वाली हाई बुरू मेला रविवार को संपन्न हो गया।एक दौर में आदिवासियों व मूलवासियों की मिली जुली पारंपारिक संस्कृति के तहत आयोजित इस मेले को टुसू मेलों की आगाज एवं क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला माना जाता था, परंतु बढ़ते उपभोक्ता संस्कृति के कारण पारंपरिक मेले अपनी प्रासंगिकता खोते जा रहे हैं।मेले में पारंपारिक पूजन अर्चन के साथ मुर्गा लड़ाई के अलावा कई तरह खेल तमाशे आयोजित की गई। इस अवसर पर मलिन सिंह मुंडा, घसिया पाहन, चैन पाहन, भूषण पाहन, उदर कांत मुंडा, चामू मुंडा, महेश मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

माकपा ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका

बुंडू : 6वामदलों के देशव्यापी आव्हान के तहत माकपा द्वारा सोनाहातु एवं राहे में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पूतला फूंका गया। अंबेडकर का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा दो, संविधान से देश चलेगा, मनुस्मृति से नहीं आदि नारे लगा रहे थे।मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य सुफल महतो ने कहा भारत के संसद में भारतका संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर का गृहमंत्री द्वारा अपमान के खिलाफ आज देशभर में गृहमंत्री अमित शाह का पूतला फूंका गया एवं इस्तीफा का मांग उठाया गया। इस अवसर पर माकपा राज्य कमिटी सदस्य रंगोवती देवी, जिला कमिटी सदस्य उमेश महतो, शोभाराम महतो, जयपाल मुंडा, राखोहरी चौधरी, लोकल कमिटी के मनमोहन प्रमाणिक, जगन्नाथ मुंडा, सोमा मुंडा, कनक मुंडा, अजगुत महतो, गुरूचरण महतो, कार्तिक दास, जितेन्द्र दास आदि उपस्थित थे।

झारखंड में हर दिन औसतन पांच लोगों की हो रही हत्या : बाबूलाल मरांडी

रांची : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य की गिरती कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा है कि झारखंड में प्रतिदिन औसतन पांच लोगों की हत्या हो रही है। मरांडी ने राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी) के आंकड़ों के हवाले से लिखा है कि इस वर्ष जनवरी से अक्टूबर तक के बीच 1400 लोगों की हत्या की जा चुकी है। इस दौरान सिर्फ आमलोग ही नहीं, बल्कि पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता और जनप्रतिनिधि भी असमय मौत के घाट उतार दिए गए हैं। झारखंड में अपराध का ग्राफ चिंताजनक रूप से ऊपर चढ़ रहा है। बाबूलाल ने लिखा है कि विधि व्यवस्था सुद्दढ़ बनाये रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन मुख्यमंत्री नागरिकों की सुरक्षा में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि झारखंड में बढ़ता अपराध आमलोगों के जेहन में खौफ पैदा कर रहा है। यदि तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो राज्य की स्थिति और भयावह हो सकती है। राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को अपराध नियंत्रण के लिए मजबूत इच्छाशक्ति के साथ ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है।

रांची में देर रात चला एंटी क्राइम जांच अभियान

रांची : राजधानी रांची में नए साल को लेकर रविवार की देर रात एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए और डीएसपी सिल्ली के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस ने मेन रोड से लेकर रातु रोड तक सड़क पर पैदल पेट्रोलिंग की। इस दौरान बार-रेस्टोरेंट से लेकर सड़क पर वाहनों की जांच की गई। इसके अलावा नशे में वाहन चलाने वालों की भी जांच हुई। उल्लेखनीय है कि नए साल के स्वागत को लेकर पूरे झारखंड में कई कार्यक्रमों का आयोजन होना है।

दिव्यांगों के साथ खड़ी है झारखंड सरकार : योगेंद्र प्रसाद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज सोमवार को छावनी परिषद फुटबॉल मैदान में हुआ। इसका उद्घाटन झारखंड सरकार पेयजल और स्वच्छता तथा मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि महिला सम्मान के तर्ज पर दिव्यांग सम्मान देने का प्रयास झारखंड सरकार कर रही है। यह राशि पेंशन योजना के रूप में दिए जाने के लिए प्रयासरत है। देश के

कोने-कोने से आए हुए तमाम महिला दिव्यांग क्रिकेटर जीवन की चुनौतियों से दो दो हाथ कर रही हैं ।मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि ये दिव्यांग होकर भी अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर हमें सकते में डाल रही हैं। झारखंड सरकार हर संभव ऐसे होनहार खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का प्रयास करेगी। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने भरोसा दिलाया दिव्यांगो को स्वावलम्बी बनाने के लिए सरकार उनके साथ बैसाखी बन कर खड़ी है। विशिष्ट अतिथि विधायक ममता देवी ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। जरूरत है उन्हें अवसर देने की । आज दिव्यांग महिलाओं के जरिये इस देश स्तरीय टूनार्मेंट में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अपने शारीरिक कमी को मात दी है। घर से निकलकर देश का नाम रोशन कर रही है ।विधायक ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर ने दिव्यांग महिला खिलाड़ियों की हौसला आफजाई की। दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के प्रदेश के मुख्य संरक्षक विजय मेवाड ने कहा कि दिव्यांग भाई-बहन हमारे समाज के हीं हिस्से हैं ।दिव्यांगो को अवसर देकर समाज की मुख्य धारा में जोड़ना है ।दक्षता के अनुसार शिक्षण और प्रशिक्षण देकर उन्हें भी समाज में सम्मान के साथ जीवन यापन का अधिकार मिल जाएगा। भविष्य में और भी बड़े और भव्य प्रतियोगिता का आयोजन योजना बनाने की कोशिश जारी है।एम पी रुंगटा समूह के महाप्रबंधक कर्नल संजय सिन्हा ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं हमें दिव्यांग जनों के लिए सेवा करने का अवसर प्रदान प्राप्त हुआ। दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के संस्थापक अतहर अली ने कहा दिव्यांग आज में रामगढ़ में एक नया इतिहास लिख रहे हैं ।अब दिव्यांगों को सहानुभूति नहीं सहयोग की जरूरत है।

दरभंगा में तैनात मद्यनिषेध विभाग के अवर निरीक्षक निलंबित

एजेंसी

पटना : दरभंगा में पदस्थापित मद्यनिषेध विभाग के अवर निरीक्षक गोपाल कुमार सिंह को गंभीर कदाचार में लिप्त होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उत्पाद आयुक्त सह निबंधन महानिरीक्षक रजनीश कुमार सिंह के आदेश पर यह कार्रवाई जिवछी कुमारी पत्नी मिन्टू कुमार के परिवाद के आधार पर की गई है। इसमें छापेमारी के मानदंडों का पालन न करना, अभियुक्त के हाथ में शराब देकर वीडियो बनाना, फर्जी वीडियो के आधार पर एफआईआर दर्ज करना, गलत साक्ष्य तैयार करना, छापेमारी स्थल की सही जानकारी छुपाना और सीसीटीवी फुटेज में शराब का प्रमाण न होने के बावजूद जब्ती दिखाना था। उत्पाद आयुक्त सह निबंधन महानिरीक्षक रजनीश कुमार सिंह ने मामले की सूचना मिलने पर इसकी सत्यता जांचने के लिए तुरंत जांच के निर्देश दिए। शिकायतों के जांच के दौरान गोपाल कुमार सिंह का आचरण प्रथम द्दष्ट्या संदिग्ध पाया गया। इसके बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

युवाओं के लिए प्रेरणा बने पन्नालाल महतो व जलेश महतो को अनुराधा मुंडा ने दी बधाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : अनगड़ा प्रखंड की जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा ने क्षेत्र के युवा पीढ़ी से पन्नालाल महतो पिता हरिपाल महतो माता पंचमी देवी ग्राम साल्हन यूजीसी नेट (टीआरएल) 2022, वर्तमान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची, नागपुरी भाषा विभाग के शोधार्थी है। और मानकी ढीपा निवासी जलेश महतो पिता राजाराम महतो माता लालको देवी यूजीसी नेट 2024 उत्तीर्ण से मिल उनके सम्मान हेतु अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह दे कर उनको युवाओं का प्रेरणा कहीं जिस तरह आज के युवा पीढ़ी विभिन्न प्रकार के नसिले पदार्थो से घिर रहे हैं पढ़ाई से दूर भाग रहे हैं उनके लिए यह आने वाले दिनों में आज के युवा इनसे प्रेरणा लेंगे ।बधाई देने वालो में युवा समाज सेवी रामसाय मुंडा और संजय नायक संतोष महतो ने मिलकर बधाई दिए।

अनाथ संजय दलेल पंचतत्व में विलीन

- जिसका कोई नहीं, उसके लिए भगवान आते हैं

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : ग्राम कच्चा बारी पंचायत प्रखंड लोधमा जिला खूंटी के संजय डलेल जो लगभग 40 वर्ष की अवस्था के थे, उनको सड़क से उठाकर नवजीवन संस्थान में भर्ती कराया गया था। आज प्रातः उनका हृदय घात के कारण प्राकृतिक रूप से निधन हो गया। उनके आगे पीछे कोई भी नहीं था। यह बात पता लगने पर विश्व हिंदू परिषद के सेवा विभाग के सह प्रांत प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल ने अपने सभी साथियों को सूचित किया और तत्काल मुक्ति धाम हरमू में उनके पार्थिव शरीर को पहुंचा कर उनका विधिवत जनजातिय विधि विधान से दाह संस्कार किया गया। उनके पार्थिव देह को

मुखाग्नि संतोष आग्रवाल ने दी संतोष अग्रवाल ने अपनी माता जी की पुण्य स्मृति में अभी तक 100 से अधिक ऐसे लोगों को मुखाग्नि देकर पंच तत्व में विलीन कर मुक्ति दिलाई है, जिनके आगे पीछे कोई नहीं था। उनका साथ देने के लिए हरमू घाट पर कृष्ण कुमार गाड़ोदिया, ओम प्रकाश सराफ, प्रकाश बजाज, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह मुंडा, रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश केसरी उनके चुटिया से सहयोगी राजेश यादव, नारनौली अग्रवाल सभा से राजेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा से सीतारामजी शर्मा और समाज के बहुत से सदस्यों के साथ विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल ने उनको भावभीनी श्रद्धान्जली अर्पित की। इस कार्यक्रम को संपादित करने के लिए नवजीवन संस्थान के कार्यकर्ता और हरमू मुक्ति धाम के विजय मिंज उनके दोनों सुपुत्र अशीष मिंज और अभय मिंज ने विधिवत आदिवासी रिती रीवाज से उनका दास संस्कार किया। हरमू घाट के सभी डोम समाज के कर्मियों ने भी अपना योगदान दिया। पिठुरिया के काटम कुल्ली गांव से मनोज मुंडा ने अपने जनजातिय समाज के बहुत से कार्यकताओं के साथ सहयोग किया।

ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही से कार मालिक लगा रहा थाने का चक्कर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के कारण एक तरफ जहां अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है, वहीं आम नागरिक खासे परेशान हो रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने एक ऐसी लापरवाही की जिससे पतरातू थाना क्षेत्र के सेंट्रल सौंदा निवासी ब्रजभूषण सिंह को अपनी अल्टो के-10 कार ही अब बड़ी जहमत लगने लगी है। सबसे बड़ी बात यह है कि उनकी कार घर में है और उनके नंबर प्लेट से एक फर्जी बाइक सड़क पर दौड़ रही है। उन्हें इसका पता तब चला जब उनके नंबर पर ट्रैफिक पुलिस के जरिये काटा गया चालान पहुंचा। उस चालान को जब उन्होंने ऑनलाइन खोला तो देखा कि वहां हीरो होंडा मोटरसाइकिल की तस्वीर है। जबकि बृजभूषण सिंह के पास कोई मोटरसाइकिल नहीं है। 26 दिसंबर को हुई इस घटना के बाद से बृजभूषण सिंह अब लगातार थाने का चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें इस बात की चिंता खाए जा रही है कि उनके नंबर से कोई अज्ञात व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल दौड़ा कर कौन सा ऐसा कार्य कर रहा है, जिसका पता उन्हें नहीं है। अगर वह कोई अपराधी निकला तो उसका खामियाजा इन्हें भी भुगतना पड़ सकता है। ब्रजभूषण सिंह के मोबाइल नंबर पर चालान संख्या जे ए च 1 1 0 3 2 8 6 2 4 1226173324 भेजा गया और बताया गया कि गाड़ी संख्या जेएच 24 बी 4695 पर 3500 का चालान काटा गया है।

श्री श्री महावीर मंदिर, बुटी के तृतीय वार्षिकोत्सव अध्यक्ष चुने गये श्रवण कुमार महतो

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : श्री श्री महावीर मंदिर, बुटी के तृतीय वार्षिकोत्सव 21 फरवरी से 23 फरवरी 2025 तक हर्षोल्लास के साथ मनाने का और निर्णय लिया गया एवं सर्वसहमति से श्रवण कुमार महतो उर्फ बबलू को अध्यक्ष चुना गया। मंदिर प्रागंण में एक बैठक किया गया जिसमें तृतीय वार्षिकोत्सव भव्य आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया और एक पूजा कार्यकारणी समिति का गठन किया गया जो निम्न प्रकार है-
अध्यक्ष श्रवण कुमार महतो उपाध्यक्ष सनोज महतो, बाल जुगेश्वर महतो, कृष्णा महतो, बृज मोहन महतो, पवन महतो, कोषाध्यक्ष कुणाल महतो, सह कोषाध्यक्ष सोनू ठाकुर, शिवम् ओहदार सचिव-लगन लाल महतो, रामकिशोर नाथ ओहदार, रमेश महतो संयोजक रामेश्वर प्रसाद, प्रेम किशोर महतो, गणेश महतो, भवसागर नाथ ओहदार संरक्षक जयनाथ महतो, शिवगोबिंद जायसवाल, काशी महतो, अर्जुन महतो, बालकृष्णा महतो, महेंद्र महतो, फुलेश्वर महतो, रजनीकांत ओहदार, लिखेश्वर ओहदार, अजीत महतो, भुवनेश्वर महतो, अरविन्द कुमार एवं समिति अन्य कई महिलाएं एवं युवाओं को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वयोवृद्ध पत्रकार नारायण नाथ तिवारी का हुआ निधन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : भुरकुंडा कोयलांचल के वयोवृद्ध पत्रकार नारायण नाथ तिवारी उर्फ नाना तिवारी(93 वर्ष) का सोमवार की सुबह उनके भुरकुंडा स्थित आवास में निधन हो गया। पत्रकारिता व साहित्य के प्रति उनकी रूचि जीवन पर्यंत एक सामान थी। उन्हें क्षेत्र में पत्रकारिता के लिए पंडित बाबूराव विष्णु परारकड़ सहित कई सम्मान मिले थे। उनके निधन पर जिले के पत्रकारों एवं ब्राह्मण समाज के लोगों ने गहरा शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि दी है। सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र ने शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि नाना तिवारी क्षेत्र में कई वर्षों तक पत्रकारिता की। जब भी क्षेत्र में पत्रकारिता की बात हुई है क्षेत्र के पत्रकार उन्हें आदर रुप में सम्मान देते रहे हैं। क्षेत्र में उनके पत्रकारिता के योगदान को हमेशा याद किया जायेगा। गोला के पत्रकार मनोज मिश्र सहित प्रदीप बर्मण, चन्द्रदीप बक्शी, लालकिशोर महतो, मोबिन अख्तर, जितेंद्र कुमार, राजकुमार, झूलन अग्रवाल, श्रीकांत महतो, सुजीत सिन्हा, छेदीराम रविदास, अंजनी कुमार, टेकलाल महतो, दिलीप करमाली, असफाक अहमद, ओमप्रकाश गुप्ता, मनोज कुमार झा, आशीष कुमार मिश्रा, सत्यप्रकाश सहित क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने शोक व्यक्त किया है।

विश्वकर्मा समाज लोहार का प्रदेश स्तरीय अभिनन्दन समारोह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : विश्वकर्मा मंच झारखण्ड, रांची जय प्रकाश नगर, चुना भट्ठा, रातू रोड, रांची के तत्वाधान में विश्वकर्मा समाज झारखण्ड प्रदेश लोहार की प्रदेश स्तरीय अभिनन्दन समारोह का अयोजन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व भगवान विश्वकर्मा के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस समारोह के में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वकर्मा समाज झारखण्ड प्रदेश लोहार के प्रदेश अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा जी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता विश्वकर्मा मंच झारखण्ड, रांची के अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा जी ने किया।और संचालन सचिव राकेश कुमार शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज झारखण्ड प्रदेश के अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा जी ने कहा कि लोहार जाति के लोग लोहे को तरह तरह का आकार देती हैं ठीक उसी तरह समाज को विकास के लिए अच्छा आकार देना है। लोहार जाति के लोगों संसार को बहुत कुछ दिया है। ये समाज किसी से कम नहीं है बस जरूरत है संगठित होने कि तभी कोई भी अधीकर मिलेगा। विश्वकर्मा मंच झारखंड के श्रीकांत शर्मा जी ने अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा विश्वकर्मा समाज झारखण्ड प्रदेश का विस्तार जल्द से जल्द पुरे प्रदेश में विस्तार करें।अध्यक्ष महोदय करें और इस अवसर पर झारखंड के प्रमंडल एवं जिला के विश्वकर्मा लोहारों का अभिनन्दन किया गया। सभी प्रमंडल एवं जिला के पदाधिकारि उपस्थित थे जिसमें मुख्य रूप से लोहरदगा दीपक विश्वकर्मा गुमला के अजय कुमार शर्मा कोडरमा से त्रिवेणी विश्वकर्मा, ओमकार विश्वकर्मा रामगढ़ नेपाल विश्वकर्मा बद्री विश्वकर्मा, चतरा से चेटलाल विश्वकर्मा पलामू प्रभु विश्वकर्मा, गढ़वा पंकज विश्वकर्मा लातेहार, जमशेदपुर संजय शर्मा, मनोज शर्मा, राम विश्वकर्मा सहित अन्य जिलों से सैकड़ों कि संख्या में समाज के लोग सहित प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र विश्वकर्मा जी उपस्थित हुए।

आरटीसी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने ओड़िशा में लहराया जीत का परचम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : 14वीं ऑल इंडिया ओपेन कराटे का समापन हुआ, जिसमें ओड़िशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ असम, गुजरात समेत 8 राज्य के 1600 कराटे छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए, जिसमें उत्कल कराटे स्कूल झारखंड शाखा के 100 कराटे छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिसका प्रतिनिधित्व आर.टी.सी पब्लिक स्कूल अनगड़ा के 30 कराटे सदस्य के द्वारा किया गया। चैंपियनशिप का उद्घाटन कराटे इंडिया ऑगेनाइजेशन के अध्यक्ष सिहान भरत शर्मा के द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन सुको-काई कराटे यूनियन इंडिया के द्वारा किया गया। 14वी ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में निर्णायक के रूप में एशियन कराटे फेडरेशन के जज

सिहान राजिव कुमार सिंह ,सेसाई महेश बराल, सेसाई दिपक सामांतराय ने मुख्य रूप से निभाया। इस राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में आर.टी.सी पब्लिक स्कूल अनगड़ा रांची झारखंड दूसरा स्थान प्राप्त किया। राहुल कुमार महतो कुमिते स्वर्ण पदक ,प्रितम कच्छप रजत पदक, सुचित कुमार महतो रजत पदक, हिमांशू महतो रजत पदक , पियूस कुमार रजत पदक, दीपिका कुमारी कांस्य पदक, दिव्या कुमारी कांस्य पदक, नैंसी मुंडा कांस्य पदक, किशोर कुमार कांस्य पदक आदि को प्राप्त हुआ। चीफ एग्जामिनर सेसाई महादेव गोप, कोच नकुल यादव, विक्रम कुमार नायक , पूजा कुमारी से सहयोग किया। सभी कराटे चैम्पियन छात्र-छात्राओं को आर.टी.सी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो , चेयरमैन रामटहल चौधरी, सचिव डॉ पारसनाथ महतो , निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो ने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को बधाई दी।

बलिदानी जीतराम बेदिया की मनायी गयी जयन्ती

देश सेवा के संकल्प के साथ वंशजों को किया गया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : बीसा में सोमवार को बलिदानी जीतराम बेदिया की 222वीं जयंती समारोह का आयोजन हुआ। मौके पर जीतराम बेदिया की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि जसपुरिया एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक जैलेन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, आजसू नेता आतिश कुमार महतो, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव थे। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि बलिदानी जीतराम बेदिया का एक चित्र संसद भवन में लगाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। साथ ही

झारखंड सरकार जीतराम बेदिया की जीवनी स्कूली पाठयक्रम में शामिल करें। मौके पर जीतराम बेदिया के बलिदान को याद करते हुए देश सेवा का संकल्प लिया गया। आयोजन समिति के द्वारा बलिदानी जीतराम बेदिया के वंशज धनराज बेदिया व बृजलाल बेदिया को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संचालन कमल बेदिया व अशोक बेदिया ने किया। इस अवसर पर जोन्हा पंसस दिलीप बेदिया, बेदिया विकास परिषद के उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, बालेश्वर बेदिया, रामसाय मुंडा, जलनाथ चौधरी, संजय नायक, ब्रजकिशोर बेदिया, मुखिया मंजोती देवी, सबिता मुंडा सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहित बेदिया, छत्रपति बेदिया, मंगल बेदिया, अशोक बेदिया, देवनारायण बेदिया, फागुराम बेदिया, संजय भोगता, एतवा बेदिया, महावीर बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे। सीताडीह में भी बलिदानी जीतराम बेदिया की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, बुधराम बेदिया, भुवनेश्वर बेदिया आदि उपस्थित थे। सिंगारी बाजार टांढ़ में बलिदानी जीतराम बेदिया की प्रतिमा पर सिल्ली विधायक अमित कुमार, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, टाटी मुखिया रामानंद बेदिया, एतवा बेदिया, मुखिया सुमित्रा देवी, बीरबल बेदिया, रिझुवा मुंडा, हरदयाल मुंडा, माया बेदिया आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब और बुर्का पहनने पर लगे प्रतिबंध : दिवाकर चक्रवर्ती

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : हिन्दू रक्षा दल के केन्द्रीय कोर कमेटी सदस्य दिवाकर चक्रवर्ती ने सोमवार को प्रेस बयान जारी करते हुए कहा है कि सरकार के द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए समान ड्रेस कोड लागू है। इसके बावजूद भी विशेष धर्म के कुछ विद्यार्थी समान ड्रेस कोड को नहीं मानते हैं। अपने मुताबिक ये विद्यार्थी शैक्षणिक संस्थानों में ड्रेस पहन के जाते हैं, जिससे शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों के बीच असमानता की भावना बढ़ती है। दिवाकर चक्रवर्ती ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब और बुर्का पहनने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगना चाहिए। सभी धर्मों के छात्रों के लिए समान ड्रेस कोड है तो फिर क्यों हिजाब और बुर्का पहनने का छुट एक विशेष धर्म के छात्रों को दिया गया है। हिजाब और बुर्का से एक विशेष धर्म का पहचान को दशार्या जाता है। दिवाकर चक्रवर्ती ने आगे कहा कि बहुत जल्द एक टीम का गठन कर झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड के शिक्षा मंत्री से मिलकर एक मांग पत्र सौंपा जाएगा और मांग की जाएगी कि शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब और बुर्का पर प्रतिबंध लगे।

मेलबर्न टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रन से हराया

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भारतीय टीम की राह हुई मुश्किल

एजेंसी

मेलबर्न : ऑस्ट्रेलिया ने भारत को यहां बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में 184 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। पांचवें दिन 340 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम मात्र 155 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से केवल यशस्वी जयसवाल ने ही कुछ संघर्ष किया। उन्होंने 84 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। यशस्वी के अलावा ऋषभ पंत ने 30 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को छू नहीं सका। 340 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को यशस्वी और रोहित शर्मा ने सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 25 रन जोड़े। हालांकि इसी स्कोर पर पैट कमिंस ने एक ही ओवर में रोहित शर्मा और केएल राहुल को आउट कर भारत की मुश्किलें बढ़ा दीं। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और 5 रन बनाकर 33 के कुल स्कोर पर मिचेल स्टॉर्क का शिकार बने।

यशस्वी-पंत ने सम्भाली भारत की पारी

यहां से यशस्वी जयसवाल और ऋषभ पंत ने चौथे विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी कर भारत को मैच में लाने की कोशिश की, लेकिन लंच के बाद 121 के कुल स्कोर पर पंत एक बार फिर ट्रैविस हेड की गेंद पर गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर चलते बने। पंत ने 30 रन बनाए। पंत के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा (02) पहली पारी के शतकवीर नीतीश रेड्डी (01) भी जल्दी-जल्दी आउट हो गए।

विवादास्पद तरीके से आउट हुए यशस्वी जयसवाल

दो विकेट जल्दी-जल्दी गिरने के बाद सभी की उम्मीदें वाशिंगटन सुंदर और यशस्वी से थी, लेकिन पैट कमिंस की गेंद को हुक शॉट खेलने के चक्कर में यशस्वी भी आउट हो गए, हालांकि स्निकोमीटर में कोई हलचल नहीं थी, लेकिन वीडियो फुटेज में गेंद दस्ताने को छुकर जाती हुई दिखा रही थी, थर्ड अंपायर ने स्निकोमीटर को दरकिनार कर यशस्वी को आउट करार दिया। उस समय कमेंट्री कर रहे पूर्व दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इस निर्णय का कड़ा विरोध भी किया। यशस्वी के आउट होने के बाद भारतीय पारी बिखर गई और 155 रन पर सिमट गई। वाशिंगटन सुंदर एक छोर पर 5 रन बनाकर खड़े रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 3-3, नाथन लियोन ने 2, मिचेल स्टॉर्क और ट्रैविस हेड ने 1 विकेट लिया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम का विश्व टेस्ट चैम्पयनशिप फाइनल्स के फाइनल में जाना लगभग तय हो गया है, वहीं भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाये 234 रन, रखा 340 रनों का लक्ष्य

इससे पहले आज ऑस्ट्रेलियाकी दूसरी पारी आज 234 रनों पर समाप्त हुई। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 105 रनों की हासिल की थी, जिससे उसकी कुल बढ़त 339 रनों की हुई और भारत को 340 का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्नस लाबुशेन ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 70 रन बनाए। लाबुशेन के अलावा पैट कमिंस और नाथन लियोन ने 4-41 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई पारी का मुख्य आकर्षण लियोन और बोलैंड के बीच आखिरी विकेट के लिए 61 रनों की साझादारी रही, जिसमें बोलैंड के नाबाद 15 रन शामिल थे। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 5, मोहम्मद सिराज ने 3 और रवींद्र जडेजा ने 1 विकेट लिया।

भारत ने पहली पारी में 369 रन बनाये, नीतीश रेड्डी का शतक, यशस्वी और वाशिंगटन सुंदर ने लगाया अर्धशतक

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में नीतीश रेड्डी के शतक, यशस्वी जयसवाल और वाशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की बदौलत अपनी पहली पारी में 369 रन बनाए।

एक झलक

रोहित के आउट होने पर निराश नजर आयीं अनुष्का-अथिया

मेलबर्न : भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित बॉक्सिंग डे सिरीज में असफल रहे। रोहित से बॉक्सिंग डे टेस्ट की दूसरी पारी में सभी को बड़ी पारी की उम्मीद थी पर वह इस बार भी नाकाम रहे और केवल 9 रन ही बना पाये। इस मैच में 340 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित ने कोई खराब शॉट नहीं खेला था औ पिच पर काफी सहज थे पर अधिक देर तक संयम नहीं रख पाये और शॉट खेलने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे। उनके आउट होने पर मैच देखने पहुंची अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और अथिया शेट्टी भी निराश नजर आयीं। जब रोहित वापस जा रहे थे तो अथिया ने अपने दोनों हाथ मुंह पर रख लिए थे जबकि अनुष्का ने एक हाथ मुंह पर रखा था। दोनों की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर भी सामने आयी है। इस मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये। केवल यशस्वी जायसवाल ही दोनो पारियों में अच्छे रने बना पाये। वहीं नितीश रेड्डी ने पहली पारी में शतक लगाया।

बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में रिकार्ड संख्या में दर्शक पहुंचे 88 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

मेलबर्न : भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां खेले गये बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच को देखने रिकार्ड संख्या में प्रशंसक पहुंचे। इस मैच में पांच दिनों में पहुंचे प्रशंसकों की संख्या 350, 700 ने पिछले सारे रिकॉर्ड भी तोड़ दिए। 88 साल के ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब इतनी भारी तादाद में दर्शक स्टेडियम पहुंचे है। अब सबसे ज्यादा दर्शकों के पहुंचने का रिकॉर्ड एमसीजी के नाम दर्ज हुआ है। इससे 350,534 दर्शकों के पहुंचने का पिछला रिकॉर्ड भी टूट गया है। गौरतलब है कि साल 1936-37 में ऑस्ट्रेलिया में एक टेस्ट मैच में पांचों दिन मिलाकर कुल 3 लाख 50 हजार 534 दर्शक मैच देखने स्टेडियम पहुंचे थे। अब ये रिकॉर्ड बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में टूटा है। इस टेस्ट में सर्वाधिक दर्शकों के स्टेडियम पहुंचने का नया ऑल टाइम रिकॉर्ड बना है। पांचवें दिन पहले सत्र के दौरान पिछले 5 दिनों में मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर रिकॉर्ड 350, 700 दर्शक पहुंचे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अनुसार यह ऑस्ट्रेलिया में किसी टेस्ट मैच में सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति है।

पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता नवदीप सिंह ने की कबड्डी पर पीकेएल के प्रभाव की सराहना

एजेंसी

पुणे : पैरालंपिक भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता नवदीप सिंह ने खेल पर प्रो कबड्डी लीग के परिवर्तनकारी प्रभाव की प्रशंसा की है, और बताया है कि कैसे पेशेवर लीग ने पारंपरिक कबड्डी में क्रांति ला दी है। सिंह ने महत्वपूर्ण पीकेएल 11 फाइनल से पहले एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पीकेएल के प्रवेश के बाद से, खेल का स्तर काफी बढ़ गया है। खेल विज्ञान ने भी उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मेरा मानना है कि पीकेएल खेल के विकास में लगभग 19% योगदान देता है। अपने स्कूल के दिनों में डिफेंडर के रूप में खेलने वाले सिंह ने खेल की गहन शारीरिक मांगों के बारे में बात की। आधुनिक खेल में उचित फिटनेस और कंडीशनिंग के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया, कबड्डी में चोट लगने का खतरा अधिक होता है क्योंकि जब एक रेडर अंदर जाता है, तो तीन या चार खिलाड़ी एक साथ बल लगा सकते हैं। पैरालंपिक चैंपियन ने हरियाणा में कबड्डी की गहरी जड़ों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि राज्य में ऱऐसा एथलीट मिलना दुर्लभ होगा जिसने अपने जीवन में कम से कम एक बार भी कबड्डी नहीं खेली हो।

साल 2024 में आईपीएल फ्रैंचाइजियों का राजस्व हुआ दोगुना

एजेंसी

मुम्बई : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विश्व क्रिकेट की सबसे अमीर लीग है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शीर्ष 10 फ्रैंचाइजी का संयुक्त राजस्व वित्त वर्ष 24 में 3082 से दोगुना होकर 6797 करोड़ पहुंच गया है। इसका कारण इस मीडिया राइट्स को बताया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2022 में डिजनी स्टार और वायाकॉम 18 के साथ साल रिकॉर्ड 48 हजार 390 करोड़ का मीडिया राइट्स का करार किया था। मीडिया राइट्स के अलावा बीसीसीआई को टाटा ग्रुप, माई11सर्कल, सिएट और एंजेलवन सहित प्रमुख ब्रांडों के साथ बहु-वर्षीय प्रायोजन समझौतों से भी 4 हजार करोड़ से अधिक की कमाई होती है। बीसीसीआई की बढ़ती कमाई का एक कारया ब्रांड वैल्यू का बढ़ना भी है। आईपीएल का ब्रांड मूल्य साल 2023 की तुलना में 2024 में 13 फीसदी बढ़कर 12 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2009 में इसके 2 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन से छ गुना अधिक है। विशेष रूप से 4 फ्रेंचाइजी- चेन्नई सुपर किंग्स (सी.एस.के.), मुंबई इंडियंस (एम.आई.), रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आर.सी.बी.), और कोलकाता नाइट राइडर्स (के.के.आर.) की ब्रांड वैल्यू 100 मिलियन डॉलर से आगे निकल गयी है। टीम प्रायोजन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई, जिससे वित्तीय स्थिरता बढीं। इसके अलावा, टिकटों की ऊंची कीमतों और स्टेडियम भरे होने से भी लाभ हुआ है। गुजरात टाइटास 776 करोड़ के साथ सबसे ऊपर है। वित्त वर्ष 23 में उनका राजस्व 359 करोड़ था। वहीं मुंबई इंडियंस 737 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स का राजस्व भी 322 करोड़ से दोगुना होकर 698 करोड़ हो गया है। वहीं चेन्नई सुपरकिंग्स वित्त वर्ष 2013 में 292 करोड़ की तुलना में 676 करोड़ पर पहुंच गयी है।

चौथी बार एटलेटिको मिनेरो के मुख्य कोच बने अनुभवी मैनेजर कूका

एजेंसी

रियो डी जेनेरियो : अनुभवी मैनेजर कूका को चौथी बार एटलेटिको मिनेरो का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, ब्राजील के सेरी ए क्लब ने रविवार को यह जानकारी दी। 61 वर्षीय खिलाड़ी अर्जेंटीना के गेब्रियल मिलिटो की जगह लेंगे, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में आपसी सहमति से क्लब से नाता तोड़ लिया था। एटलेटिको ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, ब्राजील के शीर्ष स्तर पर एटलेटिको मिनेरो के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले मैनेजर और हमारे सबसे बड़े विजेता की वापसी हुई है। कूका, जिनका असली नाम एलेक्सी स्टिवल है, ने दिसंबर 2026 तक चलने वाले एक सौदे पर सहमति जताई। उनके साथ सहायक कुक्विन्हा और डैनियल सेकेर्रा भी शामिल होंगे। कूका ने 2011 से 2013 तक और 2021 और 2022 में अलग-अलग अवधियों के दौरान क्लब का प्रबंधन भी किया। बेलो होरिजोंटे क्लब के साथ उनकी ट्रॉफियों की सूची में 2013 कोपा लिबटार्डोरेस और 2021 ब्राजीलियाई सीरी ए खिताब शामिल हैं। एटलेटिको 2024 ब्राजीलियाई सीरी ए स्टैंडिंग में 12वें स्थान पर रहा और इस साल के कोपा लिबटार्डोरेस में बोटाफोगो के बाद उपविजेता रहा।

डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचनेवाली पहली टीम बनी द. अफ्रीका

एजेंसी

सुपरस्पोर्ट्स : दक्षिण अफ्रीका की टीम ने पाकिस्तान को दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले ही मैच में हराकर आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में जगह बना ली है। इस पहले ही मैच में मेजबान टीम ने पाक से मिले 148 रन के आसान लक्ष्य को आठ विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीकी टीम डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। उसने 11 मैचों में से सात में जीत के साथ ही 66.67 प्रतिशत अंकों के साथ नंबर एक स्थान हासिल किया है। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से हारने और फिर एडिलेड ओवल व मेलबर्न में हारने से भारतीय टीम की संभावनएं डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए कमजोर हो गयी हैं। अब भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के अंतिम मैच में जीत के साथ ही अन्य टीमों के परिणामों पर भी नजरें रखनी होंगी। सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका ने 27/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। एडेन मार्कराम सबसे पहले 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान टेम्बा बावुमा ने 40 रन बनाए। मार्को जेनसन और कैगिसो रबाडा ने अंत में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी। जेनसन ने 16 रन बनाये और वह नाबाद रहे जबकि रबाडा ने 31 रन बनाये।

इस सीरीज के बाद समाप्त हो सकता है रोहित का टेस्ट करियर

पांच पारियों में बनाये हैं केवल 31 रन

एजेंसी

मेलबर्न : भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का टेस्ट करियर खतरे में नजर आ रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी सीरीज में रोहित एक बार भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। बॉक्सिंग डे टेस्ट में सभी उम्मीद कर रे थे कि वह दूसरी बारी में रन बनाकर टीम को हार से बचाएंगे पर ऐसा नहीं हुआ और वह 9 रनों पर ही आउट हो गये। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज उनकी अंतिम टेस्ट सीरीज भी हो सकती है। माना जा रहा है कि इस सीरीज के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) रोहित के भविष्य पर गंभीरता से विचार कर सकता है। मेलबर्न टेस्ट के अंतिम दिन उनके पास बड़ी पारी खेलकर अपनी जगह बचाने का अवसर था पर वह उसमें विफल रहे। पांचवें दिन ऑस्ट्रेलिया की टीम अपनी दूसरी पारी में 234 रन पर आउट हुई। इसके बाद भारतीय टीम को जीत के लिए 340 रन का लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए रोहित 40 गेंद खेलकर केवल 9 रन बना पाये। वह ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर मिचेल मार्श के हाथों कैच हुए। इस सीरीज में जब भी उनसे बड़ी पारी की उम्मीद की गयी उन्होंने निराश किया। रोहित बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की पहली पारी में भी 3 रन ही बना पाये थे। पिछली 9 पारियों में वह 20 रन के स्कोर तक भी नहीं पहुंचे हैं। पिछली 15 पारियों में वह केवल एक अर्धशतक ही लगा पाये हैं। इस सीरीज में उन्होंने 3, 6, 10, 3 और 9 रन बनाये हैं। इस दौरे पर 5 पारी में रोहित शर्मा केवल 31 रन ही बना पाये हैं।

टाइगर क्लब ने छठी नेशनल हॉकी प्रीमियर लीग 2024 में जीता मास्टर्स वर्ग का खिताब

एजेंसी

नयी दिल्ली : टाइगर क्लब ने सोमवार को छठी नेशनल हॉकी प्रीमियर लीग 2024 के मास्टर्स पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया है। टाइगर क्लब ने फाइनल में होशियारपुर क्लब को 2- 1 से हराकर मास्टर्स ग्रुप का खिताब अपने नाम किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने महिला मास्टर्स महिला ग्रुप के फाइनल में श्री द्वारका बाल बालिका विद्यालय को 1-0 हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं, अंडर 21 बॉयज ग्रुप का खिताब घुम्मनहेड़ा राइजर ने जीता। घुम्मनहेड़ा ने फाइनल में श्याम लाल कॉलेज को 3-2 से हरा कर खिताब अपने नाम किया।

बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर ट्रॉफी

हिमाचल की यमुना राणा का ई टीम में चयन

एजेंसी

धर्मशाला : बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए हिमाचल की यमुना राणा का चयन हुआ है। यमुना राणा ई टीम का हिस्सा बनी है। यमुना हिमाचल से एकमात्र क्रिकेटर है जिनका चयन इस बार इस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उधर उनके चयन पर एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि 5 जनवरी से शुरू हो रही बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर्स ट्रॉफी की टीम के लिए यमुना राणा का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि एचपीसीए के लिए बड़े गर्व की बात है कि हिमाचल की यह क्रिकेटर सीनियर वूमेन क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने वाली है। उन्होंने एचपीसीए की ओर से बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर्स ट्रॉफी 5 जनवरी से 15 जनवरी तक चेन्नई में खेली जानी है। प्रतियोगिता के लिए पांच अलग अलग टीमें बनायी गयी है। जिनके आपस में लीग मैच होने हैं। 15 जनवरी को फाइनल मैच होगा।

पांच जनवरी से शुरू होगी प्रदेश स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता

एजेंसी

लखनऊ : प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन ग्रीनपार्क स्टेडियम कानपुर में पांच जनवरी से शुरू होगा। 12 जनवरी तक चलने वाली प्रतियोगिता के लिए मंडल स्तरीय टीमों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। हर जिले और मंडल स्तर पर टीमें बनायी जा रही हैं। लखनऊ में जिला स्तर पर टीम का चयन मंगलवार को चौक स्टेडियम में होगा। इसके लिए क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय कुमार सेठी ने बताया कि मंगवार अपराह्न तीन बजे से शुरू हो रही चयन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र साथ में लेकर आना अनिवार्य है। बिना आयु प्रमाण पत्र के किसी भी खिलाड़ी को चयन में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। जिला स्तर की प्रतियोगिता में चयन होने के बाद एक जनवरी को अपराह्न तीन बजे चौक स्टेडियम में ही मंडल स्तरीय टीम का चयन होगा। मंडल स्तरीय टीम कानपुर में होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

सिनर के डोपिंग मामले को लेकर जोकोविच ने लगाये भेदभाव के आरोप

एजेंसी

ब्रिसबेन : विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिस के नोवाक जोकोविच अब 15 साल के बाद ब्रिसबेन इंटरनेशनल में खेलते हुए नजर आयेंगे। जोकोविच ने इससे पहले अंतिम बार 2009 में ब्रिसबेन इंटरनेशनल में खेला था। इस टूनार्मेंट के एकल में उन्हें शीर्ष वरीयता मिली है। जोकोविच ने खेल में डोपिंग से जुड़े हाई-प्रोफाइल मामलों से निपटने में ह्यदोहरे मापदंड अपनाने के लिए टेनिस संघ की आलोचना की है। वह अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का भी प्रयास करेंगे। इस खिलाड़ी ने डोपिंग के मामलों को लेकर कार्रवाई में भेदभाव का भी मामला उठाया है। जोकोविच ने मौजूदा समय में रैंकिंग में शीर्ष पर कायम यानिस सिनर के डोपिंग मामले को लेकर जानकारी नहीं दिये जाने पर भी नाराजगी जतायी है। जोकोविच बिसबेन इंटरनेशनल के युगल में ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस के साथ भी जोड़ी बनाएंगे। उन्होंने कहा, मैं यह सवाल नहीं कर रहा हूं कि (सिनर ने) जानबूझकर प्रतिबंधित पदार्थ लिया था या नहीं। हमने पूर्व और वर्तमान में बहुत सारे खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थों के लिए जांच में पॉजिटिव आने के कारण निलंबित होते देखा है। उन्होंने कहा, कम रैंकिंग वाले कुछ खिलाड़ी एक साल से अधिक समय से अपने मामले के सुलझने का इंतजार कर रहे हैं। मैं वास्तव में निराश हो हूं क्योंकि हमें सिनर मामले पर अंधेरे में रखा गया।

15 साल के बाद ब्रिसबेन इंटरनेशनल खेलते नजर आयेंगे जोकोविच

इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने सिनर और पूर्व महिला विश्व नंबर एक इगा स्वियातेक दोनों पर साल की शुरूआत में डोपिंग रोधी उल्लंघन का आरोप लगाया था। सर्बियाई खिलाड़ी ने डोपिंग उल्लंघनों के संबंध में टेनिस अधिकारियों की ओर से पारदर्शिता की कमी की भी आलोचना की। जोकोविच ने कहा, ह्यएटीपी ने वास्तव में इसके बारे में खुलकर बात नहीं की है। उन्होंने कहा, ह्ययह हमारे खेल के लिए अच्छी छवि नहीं है। मैं ऐसे मामलों को लेकर प्रणाली के काम करने के तरीके पर सिर्फ सवाल उठा रहा हूं। क्यों कुछ खिलाड़ियों के साथ दूसरे तरह का व्यवहार किया जाता है।

लिसेस्टर में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए लिसेस्टर और मैनचेस्टर सिटी के खिलाड़ी।

एक झलक

सीतारमण ने स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व छठी बैठक की

नयी दिल्ली : केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को राजधानी नई दिल?ली में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों के साथ छठे बजट-पूर्व परामर्श बैठक की। बैठक में केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के हिस्से के रूप में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने सीतारमण को कई सुझाव दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीतारमण ने स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों से सुझाव लिए। बैठक में वित्त सचिव, निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग तथा स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव सहित देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी मौजूद रहे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी वित्त वर्ष 2025-26 का केंदीय बजट एक फरवरी, 2025 को संसद में पेश करेंगी। बजट पूर्व परामर्श बैठक केंद्रीय बजट को आकार देने से जुड़ा आवश्यक कदम है, जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। इन बैठकों में मिले सुझावों से विविध हितधारकों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलती है।

अजय पॉली लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी किया दाखिल

नयी दिल्ली : दिल्ली स्थित रेफ्रिजरेशन सीलिंग सॉल्यूशंस कंपनी अजय पॉली लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक अजय पॉली लिमिटेड का 1 रुपये अंकित मूल्य वाला ये आईपीओ 238 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों के निर्गम और प्रमोटर और निवेशक विक्रय शेयरधारकों द्वारा 93,00,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है। ओएफएस में बीना जैन, राजीव जैन और नितिन जैन क्रमशः 3.7 मिलियन, 2.8 मिलियन और 2.8 मिलियन इक्विटी शेयर बेचेंगे। दिल्ली स्थित रेफ्रिजरेशन सीलिंग सॉल्यूशंस कंपनी नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कुछ उधारों के पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान, नोएडा, करेगांव, शिरवाल, चेन्नई और कॉपोर्रेट कार्यालय में सुविधाओं में उपकरण और मशीनरी खरीदने के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए करेगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली स्थित अजय पॉली लिमिटेड भारत में उपकरण उद्योग के लिए रेफ्रिजरेशन सीलिंग समाधान, प्रोफाइल एक्सट्रूजन और ग्लास उत्पादों के अग्रणी निर्माताओं में से एक है, जो वित्त वर्ष 2024 में महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी रखता है, ये जानकारी डीआरएचपी में उल्लिखित एफएंडएस रिपोर्ट में दी गई है।

सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,015 अंक तक लुढ़का

नयी दिल्ली : घरेलू शेयर बाजार सप्ताह के पहले दिन ही गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार मजबूती बनाने में सफल रहा लेकिन दूसरे सत्र में बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में गिर गए। बिकवाली के दबाव के कारण आज सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,015 अंक तक लुढ़क गया। इसी तरह निफ्टी भी ऊपरी स्तर से 316 अंक तक टूटा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.57 प्रतिशत और निफ्टी 0.71 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

दिन भर के कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट में आईटी, टेक, फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। दूसरी ओर पीएसई, ऑटोमोबाइल, रियल्टी, मेटल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके साथ ही ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल और कैपिटल गुड्स इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 441.50 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 442.31 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 81 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,267 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,489 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2,633 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। 145 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,554 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 761 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,793 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर बढ़त के साथ और 23 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 11 शेयर हरे निशान में और 39 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

लिस्टिंग के जरिये 03 कम्पनियों की स्टॉक मार्केट में दस्तक
सेनोरेस फार्मा ने निवेशकों को कराया जबरदस्त मुनाफा

नयी दिल्ली : तीन कंपनियों ने अपने शेयर की लिस्टिंग से घरेलू शेयर बाजार में दस्तक दी। इन तीन कंपनियों में से दो के शेयर बढ़त के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए, जबकि एक कंपनी के निवेशकों को पहले दिन ही करीब 10 प्रतिशत का नुकसान हो गया। दवा बनाने वाली कंपनी सेनोरेस फार्मा के शेयरों की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 391 रुपये के भाव पर जारी हुए थे। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर इसके शेयर 593.70 रुपये के भाव पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर इसके शेयर 600 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। इस तरह आईपीओ निवेशकों को करीब 53 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया। हालांकि लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर ने 538.85 रुपये के स्तर तक गोता लगा दिया। बाद में खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर ये शेयर निचले स्तर से करीब 23 रुपये की रिकवरी करके 562 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। सेनोरेस फार्मा का 582.11 करोड़ रुपये का आईपीओ 20 से 24 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिससे ये ओवरऑल 97.86 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 97.84 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 100.35 गुना सब्सक्रिप्शन आया था।

स्वादिष्ट बिरयानी से लेकर स्वादिष्ट मिठाइयों तक, स्विगी रांची के लजीज रोमांच का सबसे बड़ा साथी बना

रांची : सादगी और आकर्षण से भरपूर रांची ने 2024 में खाने को लेकर अपने प्यार के माध्यम से पाक कला की एक अलग ही चमक बिखेरी है। इस प्यार को स्विगी ने बस बटन दबाते ही डिलीवर कर दिया। स्वादिष्ट बिरयानी से लेकर स्वादिष्ट मिठाइयों तक, स्विगी रांची के लजीज रोमांच का सबसे बड़ा साथी बन गया, जिसने शहर के हर कोने से स्वाद को लेकर लोगों की भूख मिटाई। रांची एक ऐसा शहर है, जो अपने खाने को भी क्रिकेट जितना ही पसंद करता है। यहां चिकन बिरयानी खाने के मामले में निर्विवाद बादशाह बनकर उभरी है। पूरे साल में इसके लिए 1.45 लाख ऑर्डर मिले। अकेले आईपीएल के दौरान रांची में चिकन बिरयानी की 28 हजार प्लेट का ऑर्डर हुआ, जिससे यह साबित होता है कि क्रिकेट और बिरयानी की जोड़ी वाकई में स्वर्ग से बनकर आई है। इस साल बिरयानी का सबसे ज्यादा लुत्फ 29 इनकॉग्निटो ऑर्डर के जरिये उठाया गया, जहां लोगों ने इस पसंदीदा डिश का चुपके से मजा लिया। वहीं 1.3 लाख ऑर्डर्स के साथ पनीर ग्रेवी ने दूसरे स्थान पर जगह बनाई है। 73 हजार ऑर्डर के साथ चिकन ग्रेवी ने भी लोगों की थाली का स्वाद बढ़ाया। रांची में 2024 की सबसे शानदार दावत का बिल 11,103 रुपये था, जिसमें मटन बिरयानी, मटन कीमा, मटर पनीर और चिकन करी का ऑर्डर किया गया था। बीते साल को याद करते हुए स्विगी फूड मार्केटप्लेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकू ने कहा, ह्य2024 एक ऐसा साल बनकर सामने आया, जब स्विगी के साथ मिलकर भारत ने व्यंजनों को लेकर अपनी विविधता का यादगार सफर पूरा किया। रांची के लोगों ने स्विगी की ऑफरिंग्स का फायदा उठाया और इसे अपने हर उत्सव का साथी बनाया। हमें इस सफर का हिस्सा बनने और भारत में लाखों लोगों को उनके पसंदीदा व्यंजन उपलब्ध कराने का गर्व है।' भारत में 2024 में 8.3 करोड़ बिरयानी के ऑर्डर के साथ बिरयानी ने लगातार 9वें साल इस फूड किंगडम के बेताज बादशाह के रूप में खुद को साबित किया है।

आरबीआई ने 2024-25 में जीडीपी ग्रोथ 6.6 फीसदी रहने का जताया अनुमान

मुंबई/नयी दिल्ली : आरबीआई ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और स्थिरता का प्रदर्शन कर रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। आरबीआई ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) दिसंबर, 2024 का अंक जारी करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था को ग्रामीण खपत में सुधार, सरकारी खपत और निवेश में तेजी तथा मजबूत सेवा निर्यात से समर्थन मिला है। रिपोर्ट के अनुसार सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात कई वर्षों के निम्नतम स्तर पर पहुंच गया है। रिजर्व बैंक की यह रिपोर्ट भारतीय वित्तीय प्रणाली की जुझारू क्षमता और वित्तीय स्थिरता के जोखिमों पर वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाती है।

सर्राफा बाजार में सांकेतिक गिरावट, सोना व चांदी की घटी चमक

नयी दिल्ली : घरेलू सर्राफा बाजार में सांकेतिक गिरावट नजर आ रही है। सोने के भाव में आई कमजोरी की वजह से देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,980 रुपये से लेकर 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,490 रुपये से लेकर 71,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज 300 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी आई है। इस कमजोरी के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत 92,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है,

जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने की कीमत में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

खुदरा उद्योग के लिए 2025 बदलाव का वर्ष होगा

नयी दिल्ली : नये वर्ष का भारतीय खुदरा उद्योग का दृश्य व्यापक और आशावादी है। त्वरित-वाणिज्य माध्यमों के तेजी से विकास और ओएनडीसी के उदभव के साथ खुदरा उद्योग नये दौर में प्रवेश कर रहा है। एआई और स्वचालन की नई युग की प्रौद्योगिकियां खुदरा सेक्टर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। आपूर्ति श्रृंखला दक्षताओं के निर्माण और लॉजिस्टिक्स के अपग्रेड के साथ, रोजगार सृजन भी उम्मीद है। रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार 2024 में भारतीय खुदरा सेक्टर के लिए चुनौतियां और अवसरों का मिश्रण दिख रहा है। खुदरा विक्रेताओं ने प्रौद्योगिकी का उपयोग करके परिचालन और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने का प्रयास किया है। ओएनडीसी जैसे नए अवसर उत्पन्न करने में मदद कर रहा है। रिलायंस की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय खुदरा सेक्टर का सकल जीडीपी में 10 फीसदी का योगदान है। इस सेक्टर की गति त्वरित है और 2027 तक 1400 अरब डॉलर की कमाई की उम्मीद है। खुदरा उद्योग 2030 तक तीसरा सबसे बड़ा बाजार बनने की ओर अग्रसर है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि पहली छमाही में वृद्धि धीमी रही, खपत में मामूली वृद्धि हुई और उपभोक्ता खर्च में सतर्कता बरती गई। कई खुदरा विक्रेताओं को समान वृद्धि हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा जो उपभोक्ता प्राथमिकताओं में बदलाव को दर्शाता है।

तेनाली रामा में पंकज बेरी ने चतुर राजगुरु तथाचार्य की भूमिका दोहरायी

मुंबई : सोनी सब पर तेनाली रामा शो में चतुर और मजाकिया राजगुरु तथाचार्य की वापसी भी शामिल है, जिसका किरदार प्रतिभाशाली और अनुभवी अभिनेता पंकज बेरी ने निभाया है। राजा कृष्णदेवराय के दरबार में विद्वान और सलाहकार तथाचार्य तेनाली रामा के लिए चुनौतियां खड़ी करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वह विजयनगर लौट रहा है। तेनाली के उस राज्य में वापस लौटने के साथ, जहां से उसे निर्वासित किया गया था, तथाचार्य उसे चकमा देने और राजा कृष्णदेवराय के दरबार में अपना प्रभाव बनाए रखने के लिए पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्पित है। पंकज बेरी ने कहा, तथाचार्य बुद्धि, शरारत और आकर्षण से भरपूर है, जिससे उसे निभाना चुनौतीपूर्ण और आनंददायक दोनों है। उसकी विचित्रताओं और हास्य को जीवंत करना एक पुरस्कृत अनुभव रहा है। तथाचार्य के बारे में मुझे जो सबसे ज्यादा पसंद है, वह है मनोरंजन करने की उसकी क्षमता, चाहे वह तेनाली के साथ उसकी प्रतिद्वंद्विता के माध्यम से हो या उसकी मनोरंजक हरकतों के माध्यम से।

देश की विविधता में एकता का अनूठा प्रदर्शन; रैम्प पर परम्परागत परिधानों में दिखे एम्प्लॉयीज

इंदौर : देश के हर राज्य की अपनी संस्कृति है, अपनी परंपरा, अपना पहनावा, अपनी भाषा और रहने के अपने तौर-तरीके हैं। यही अनूठापन हमारे देश को दुनिया के सबसे सुंदर देशों में से एक बनाता है। भारत का हर राज्य अपनी खासियतों के लिए जाना जाता है। हर राज्य की अपनी अलग संस्कृति होते हुए भी, हम सभी एकता के सूत्र में बंधे हुए हैं। यही विविधता हमें मजबूत बनाती है और हमें एक दूसरे से जोड़ती है। महज कुछ दूरी तय करने के बाद एक नई संस्कृति और उसकी अद्वितीय परम्पराओं से रूबरू होने का मौका और किसी देश में कहाँ मिलता है? जो बात हमारे भारत देश में है, वह इस दुनिया में कहीं नहीं..यह

बताने और भारत की सांस्कृतिक धरोहर को शानदार तरीके से प्रस्तुत करते हुए, इंदौर स्थित देश की जानी-मानी पीआर कंपनी, पीआर 24७७ के वार्षिक उत्सव 'उड़ान 2025' में विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में आकर्षक रैम्प प्रस्तुति दी गई। इस इवेंट में देश के दस जीवंत राज्यों- मेघालय, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, सिक्किम, गोवा, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की संस्कृति और परंपराओं का बेजोड़ प्रदर्शन देखते ही बना। इस शानदार प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया और सभी ने भारतीय संस्कृति की विविधता और अद्भुत सौंदर्य को खुलकर सराहा। प्रस्तुति में गोवा राज्य के परिधान में दिखे इकबाल पटेल, सीनियर मैनेजर, ग्राफिक्स और डिजाइनिंग, पीआर 24X7, ने कहा, भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। इस प्रस्तुति के माध्यम से हम यही संदेश देना चाहते थे कि जब हम अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, तो हम न सिर्फ अपनी पहचान को संजो सकते हैं, बल्कि दूसरों को भी अपने देश के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। मेघालय के परिधान में प्रस्तुति देने वालीं सुरभि चौरसिया, सीनियर मैनेजर, कॉन्टेंट राइटिंग, पीआर 24७७, ने कहा, रहम दुनिया के सबसे खूबसूरत देश में रहते हैं, जहाँ एक नहीं, बल्कि हजारों संस्कृतियाँ अरसों से इसका मान बढ़ा रही हैं। यही हमारी पहचान है और हमें हमेशा इसे संजोकर रखने पर ध्यान देना चाहिए। काम के सिलसिले में हम कई राज्यों की मीडिया आदि से हमेशा ही जुड़े रहते हैं, लेकिन हम दिल से भी उनके साथ हैं, यह प्रस्तुति इस बात की जीती-जागती मिसाल है। पीआर 24७७ का हिस्सा बनकर हम न सिर्फ प्रोफेशनल रूप से, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। इवेंट में मेघालय के पारंपरिक परिधान और फूलों की खुशबू, मिजोरम की रंग-बिरंगी पोशाकें और संगीत, असम की प्रसिद्ध रेशम की साड़ी और बिहू नृत्य, अरुणाचल प्रदेश की आदिवासी परंपरा, छत्तीसगढ़ के आदिवासी नृत्य और पहनावे, उत्तराखंड की पहाड़ी संस्कृति, सिक्किम की तिब्बती-नेपाली मिश्रित संस्कृति, गोवा की कोंकणी जीवनशैली, हरियाणा की धाकड़ धरोहर और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी अंदाज ने मंच पर चार चांद लगा दिये।

पेज एक के शेष

देवास और बालासोर की घटनाओं पर राहुल व प्रियंका ने सरकार को घेरा...

प्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस हिरासत में हत्या की गयी, तो दूसरी तरफ ओड़िशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांध कर पीटा गया है। ये दोनों घटनाएं दुखद, शर्मनाक और अत्यन्त निन्दनीय हैं। भाजपा की मनुवादी सोच के कारण उनके शासन वाले राज्यों में एक के बाद एक इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। सरकार की शह के बिना यह सम्भव नहीं है।

राहुल गांधी ने कहा कि देश के बहुजनों के साथ ऐसी बर्बरता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। हम उनके साथ हैं, उनके संवैधानिक अधिकारों के लिए और उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे। कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि बाबासाहेब आम्बेडकर का अपमान और कमजोर वर्गों पर अत्याचार ही भाजपा के शासन का मूलमंत्र है। देवास में पुलिस हिरासत में दलित युवक की मौत का मामला अत्यन्त गम्भीर है। परिवार का आरोप है कि पुलिस क्रूरता की वजह से युवक की जान चली गयी। इसके पहले महाराष्ट्र के परभणी से दलित परिवारों पर अत्याचार व पुलिस हिरासत में एक दलित युवक की मृत्यु की खबर आयी थी। लगता है, भाजपा राज में दलितों, आदिवासियों एवं वंचितों और कमजोर वर्गों पर पुलिस को अत्याचार की खुली छूट मिली हुई है।

इसके अलावा प्रियंका ने बिहार में छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना की भी निंदा की है। उन्होंने कहा कि बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है, लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है। इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठी चार्ज करना अमानवीय है। भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है।

ज्ञातव्य है कि देवास में 26 दिसम्बर को एक महिला ने सतवास थाने में मुकेश लोंगरे नामक युवक के खिलाफ शिकायत की थी। उसकी जांच थाना प्रभारी आशीष राजपूत कर रहे थे। शनिवार शाम मुकेश को बयान दर्ज करने के लिए थाने में बुलाया गया था। उसी दौरान मौका पाकर मुकेश ने गमछे से फंदा लगा लिया। पुलिस उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गयी, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उधर, ओड़िशा के बालासोर का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, जिसमें तीन लोगों को पेड़ से बांध कर पीटा गया और उनसे कुछ खास तरह के नारे लगवाये गये। हालांकि, इस मामले में दोनों तरफ से क्रॉस एफआईआर हो गयी है और पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

केजरीवाल का बड़ा एलान, सरकार बनने पर पुजारियों व ग्रंथियों को मिलेगा 18 हजार महीना...

केजरीवाल ने कहा कि हम जानते हैं कि पुजारी हमारी किस तरह सेवा करते हैं। चाहे हमारे बच्चे का जन्मदिन हो, शादी हो या किसी प्रियजन की मृत्यु, उन्होंने हमेशा हमें भगवान से जोड़ा है। यह वह तबका है, जो सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी परम्पराओं और रीति-रिवाजों को आगे बढ़ाया, लेकिन किसी ने उन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। यह देश में पहली बार हो रहा है। हमने राष्ट्रीय राजधानी में कई ऐसे काम किये हैं, जो पहली बार हुए हैं। हमने स्कूलों और अस्पतालों में सुधार किया और महिलाओं के लिए बस यात्रा की सुविधा दी। मुझे उम्मीद है कि भाजपा और कांग्रेस सरकारें इससे सीख लेंगी और जहां उनकी सरकारें हैं, उन राज्यों में ऐसी योजनाओं को लागू करेंगी।

रोहिंग्याओं के मुद्दे से जुड़े एक सवाल के जवाब में केजरीवाल ने कहा केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के पास इसका पूरा डेटा है, वह इसे सार्वजनिक कर दें, तो अच्छा रहेगा।

उल्लेखनीय है कि जब केजरीवाल यह घोषणा कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े इमामों ने बकाया वेतन की मांग करते हुए केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया है। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन ने दावा किया कि इमामों को 17 महीने से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने दिल्ली सरकार पर उनकी दुर्दशा की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

हालांकि, इमामों के वेतन का भुगतान करने के मामले में पूछने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि उनका वेतन जल्द ही रिलीज कर दिया जायेगा।

एके-47 के साथ भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार...

निशानदेही पर दो (02) फोल्ड घट सिलिंग लगा हुआ एके 47 राइफल, चार (04) एके-47 राइफल का मैगजीन, जिसमें क्रमशः 21. 30. 15 तथा 25 पक कुल 91 जिंदा कारतूस एवं अन्य सामान बरामद किये गये।

एसपी ने बताया कि चन्द्रदेव सिंह प्रतिबंधित भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन का सक्रिय क्रियावादी सदस्य है, जिस पर लातेहार थाना में कई कांडों में मामले दर्ज है एवं यह फरार लाल वारंटी अभियुक्त है। साथ ही, एसपी कुमार गौरव ने पत्रकारों को बताया कि 15 लाख का इनामी भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन के एरिया कमाण्डर छोटू खरवार की हत्या का आरोपी है। यह उग्रवादी कम्पनियों से लेवी वसूली / आगजनी / फायरिंग / हत्या करने में माहिर है, जो कई वर्षों से फरार चल रहा था। छापामारी दल में मुख्य रूप से एसडीपीओ भरत राम के अलावा मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, रणधीर कुमार सिंह, विनोद कुमार यादव, मनोज कुमार दुबे, विरेन्द्र कुमार पासवान, कन्हाई साव, हितेश कुमार महतो, सुशील कुमार चंपी, अभिजीत कुमार राज, ओमप्रकाश सिंह, कमलेश कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

सुरक्षा के मोर्चे पर सीमांत प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग : राजनाथ...

को हर तरह की चुनौती के लिए तैयार को प्रयासों के लिए केन्द्र की सराहना की।

रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला और वर्तमान चरण को संक्रमण काल बताया। उन्होंने कहा कि भारत लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और तेजी से एक विनिर्माण केन्द्र के रूप में उभर रहा है। सैन्य दृष्टिकोण से, हम आधुनिक हथियारों से लैस हो रहे हैं। हम दूसरे देशों को मेड-इन-इंडिया उपकरण भी निर्यात कर रहे हैं। हमारा रक्षा निर्यात, जो एक दशक पहले लगभग 2,000 करोड़ रुपये था, आज 21,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। हमने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है।

रक्षा मंत्री ने तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और एकजुटता को मजबूत करने के सरकार के संकल्प को दोहराया और विश्वास जताया कि आनेवाले समय में सशस्त्र बल बेहतर और अधिक कुशल तरीके से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। उन्होंने इस तथ्य की सराहना की, कि महू छावनी में सभी विंग के अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों से इन्फैंट्री स्कूल में हथियार प्रशिक्षण, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) में एआई और संचार प्रौद्योगिकी और एडब्ल्यूसी में जूनियर और सीनियर कमांड जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण के माध्यम से एकीकरण को बढ़ावा देने की सम्भावना तलाशने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी भविष्य में रक्षा अताशे के रूप में काम करेंगे और उन्हें वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए। जब आप रक्षा मंत्री का यह पद सम्भालेंगे, तो आपको सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को आत्मसात करना चाहिए। आत्मनिर्भरता के माध्यम से ही भारत अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत कर सकता है और विश्व मंच पर अधिक सम्मान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने भारत को दुनिया की सबसे मजबूत आर्थिक और सैन्य शक्तियों में से एक बनाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि आर्थिक समृद्धि तभी सम्भव है जब सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाये। इसी तरह सुरक्षा व्यवस्था तभी मजबूत होगी, जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। 2047 तक हम न केवल एक विकसित राष्ट्र बन जायेंगे, बल्कि हमारी सशस्त्र सेनाएं भी दुनिया की सबसे आधुनिक और सबसे मजबूत सेनाओं में से एक होंगी।

उन्होंने अधिकारियों से डॉ. बीआर आम्बेडकर के समर्पण और भावना के मूल्यों को आत्मसात करने का भी आग्रह किया। उन्होंने बाबा साहब को न केवल भारतीय संविधान के निमार्ता, बल्कि एक दूरदर्शी मार्गदर्शक के रूप में वर्णित किया। उन्होंने लोगों, खासकर युवाओं को उनके मूल्यों और आदर्शों से परिचित कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने सीमाओं की सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सबसे पहले प्रतिक्रिया देने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए यह समर्पण और लगातार बदलती दुनिया में खुद को अपडेट रखने की यह भावना हमें दूसरों से आगे ले जा सकती है।

रक्षा मंत्री सिंह को कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एचएस साही ने संघर्ष के पूरे स्पेक्ट्रम में युद्ध लड़ने के लिए सैन्य नेताओं को प्रशिक्षित करने और सशक्त बनाने की दिशा में संस्थान की भूमिका और महत्त्व के बारे में जानकारी दी। उन्हें बहु-डोमेन संचालन में संयुक्तता, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रौद्योगिकी के समावेश और सीएपीएफ अधिकारियों के प्रशिक्षण के साथ-साथ शिक्षाविदों, विश्वविद्यालयों और उद्योगों के साथ किये जा रहे आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षण पद्धति में महत्त्वपूर्ण कदमों के बारे में जानकारी दी गयी। उन्हें मित्र देशों के अधिकारियों को प्रशिक्षित करने और सैन्य कूटनीति में महत्त्वपूर्ण योगदान देने के माध्यम से संस्थान की वैश्विक छापों के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और भारतीय सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इससे पहले रक्षा मंत्री ने शहीदों के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

रक्षा मंत्री ने भगवान महाकाल का किया पूजन...

रक्षा मंत्री और सेना अध्यक्ष ने गर्भगृह में करीब 20 मिनट तक पूजा की। पूजन मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा द्वारा सम्पन्न कराया गया। राजनाथ सिंह ने गर्भगृह में पूजन के बाद नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल का ध्यान लगाया।

इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि भगवान महाकाल के दर्शन पाकर धन्य हुआ। रक्षा मंत्री के साथ सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी और अन्य अतिथियों ने भी महाकाल का जल अभिषेक किया। पूजन के बाद कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने महाकाल प्रबंध समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन किया।

उज्जैन हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों ने रक्षा मंत्री की अगुवानी की, किया स्वागत इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को महू कैंट के वायुसेना के हेलीकाप्टर से उज्जैन पहुंचे। इस अवसर पर पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों द्वारा उनकी अगुवानी कर स्वागत किया गया।

एक झलक

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का निधन

वॉशिंगटन : अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिमी कार्टर का सौ साल की उम्र में रविवार को निधन हो गया। वे अमेरिका के सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले राष्ट्रपति रहे। जिमी कार्टर गरीबों व वंचितों की सेवा और उनके अधिकारों की वकालत करने वाले मानवतावादी नेता के रूप में जाने जाते थे। जिमी कार्टर के निधन पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, 'आज अमेरिका और दुनिया ने असाधारण राजनेता और मानवतावादी खो दिया।'

क्यों इजराइल में काम करने को तैयार भारतीय मजूदर

तेलअवीव : इजरायल में पिछले एक साल से जारी संघर्ष और हमास के हमले के बाद भी भारतीय श्रमिकों की संख्या में लगातार बढ़ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कई भारतीय मजदूर इस खतरनाक स्थिति में भी इजरायल में काम करने को तैयार हैं। मजदूर बताते हैं, यहां डरने की कोई बात नहीं है। हवाई हमलों की चेतावनियों के बाद हमें शेल्टर में जाना पड़ता है, लेकिन जैसे ही सायरन बंद होते हैं, हम अपने काम पर लौट आते हैं। इजरायल में उच्च आय और बेहतर आर्थिक मौके भारतीय श्रमिकों को आकर्षित करते हैं। कई श्रमिक अपने देश की तुलना में तीन गुना अधिक कमाई करने के लिए इजरायल आते हैं। पिछले एक साल में करीब 16,000 भारतीय श्रमिक इजरायल पहुंचे हैं, और इतना ही नहीं इजरायल और भी भारतीय श्रमिकों को बुलाने की योजना बना रहा है।

जेनिन शहर में छात्रा की गोली मारकर हत्या

वेस्ट बैंक : वेस्ट बैंक के अशांत उत्तरी शहर जेनिन में एक फलस्तीनी महिला की उसके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट में पत्रकारिता की छात्रा के परिवार ने दावा किया कि फलस्तीनी सुरक्षा बलों के एक कर्मी ने उसकी उस समय हत्या कर दी, जब वह अपनी मां और दो छोटे बच्चों के साथ थीं। उन्होंने कहा कि उस समय क्षेत्र में कोई आतंकवादी नहीं था। फलस्तीनी सुरक्षा बलों ने बयान में कहा कि उसे आतंकवादियों ने गोली मारी थी। सुरक्षा बलों ने गोलीबारी की निंदा की और इसकी जांच करने का आश्वासन भी दिया। बयान में छात्रा अल-सब्बाग के परिवार ने फलस्तीनी सुरक्षा बलों पर आरोप लगाया कि वे दमनकारी बन गए हैं जो अपने ही लोगों की रक्षा करने और इजराइली कब्जे के खिलाफ खड़े होने के बजाय उनके खिलाफ आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं।

संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन कर रहा इजराइल

बेरूत : 27 नवंबर से 22 दिसंबर के बीच लेबनान और इजरायल की ओर से किए संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघन से कम से कम 45 लोगों की मौत हुई है। लेबनानी सेना के सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि इजरायली सेना ने सीमावर्ती कस्बों से 17 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सीजफायर उल्लंघन में पूर्वी और दक्षिणी लेबनान पर हवाई हमले, ड्रोन और हवाई जहाज की उड़ानें, तोपखाने की गोलाबारी, मशीन गन की गोलीबारी, घुसपैठ, सड़कों और कृषि क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाना, मिट्टी के अवरोध खड़े करना, साथ ही वाहनों को जलाना शामिल हैं।

सोमवती अमावस्या : हर की पैड़ी पर गंगा स्नान को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

एजेंसी

हरिद्वार : सोमवती अमावस्या पर्व को लेकर हरिद्वार में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। देर रात से ही हर की पैड़ी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी थी। देश के विभिन्न प्रांतों से आए श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही हर की पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित करना शुरू दिया था। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर मंदिरों में दर्शन-पूजन किया और दान आदि कर्म कर पुण्य लाभ अर्जित किया। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नारायणीशिला व कुशावर्त घाट पर अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण व पिण्डदान कर उनके मोक्ष की कामना की। अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

ऐसी मान्यता है कि सोमवती अमावस्या पर गंगा में स्नान करने से सभी कष्ट दूर होते हैं। मनोकामनाएं पूरी होती हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। यही नहीं सैकड़ों अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर पितरों के निमित्त पूजा करने से जीवन में सुख और शांति आती है। भीषण ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगायी। सोमवती अमावस्या पर भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मेला क्षेत्र को

■ कड़ाके की ठंड भी नहीं रोक सकी आस्थावानों के कदम

14 जोन और 39 सेक्टरों में बांट कर अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को तैनात किया। इसके साथ ही यातायात प्लान भी लागू किया गया।

इस बाबत नारायणीशिला के पंडित मनोज त्रिपाठी का कहना है कि वैसे तो सभी अमावस्या पर गंगा स्नान का महत्व है। मगर सोमयुता अर्थात सोमवती अथवा भोमयुता अर्थात भौमवती अमावस्या विशेष पुण्यदायी होती है। इसके पुण्य का इसी बात से पता लगा सकते हैं कि इस सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में स्वयं भीष्म पितामह ने अपनी शरशैया पर पड़े रहते हुए इंतजार किया था। सोमवती अमावस्या के आने का सोमयुता अर्थात अक्षुण्य कर देने वाली अमावस्या आज के दिन है। मात्र जल स्नान करना व्यक्ति को अश्वमेघ यज्ञ के समान फल दे देता है।

बताया कि आज के दिन अपने पितरों के प्रति तर्पण, श्राद्ध आदि करना, पीपल के वृक्ष की पूजा करना श्रेष्ठ बताया गया है। इस दिन गंगा आदि पवित्र नदियों में स्नान करने से व्यक्ति के कल्पकल्पान्तर तक के पाप नष्ट हो जाते हैं और व्यक्ति मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। आज के दिन किया गया दान भी अक्षय फलदायी होता है। समाचार लिखे जाने तक स्नान का सिलसिला जारी था।

उल्लेखनीय है कि यूं तो सभी अमावस्या का महत्व होता है, मगर सोमवती अमावस्या सनातन धर्म में अत्यधिक पुण्यदायी मानी जाती है। इस दिन गंगा स्नान और पितरों के निमित्त श्राद्ध तर्पण करने का विशेष महत्व शास्त्रों में बताया गया है।

तिब्बती पठार और चीन के आधा दर्जन शहरों को निशाना बनाने में भारत सक्षम

एजेंसी

नयी दिल्ली : भारत ने अब हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। यह हाइपरसोनिक मिसाइल 1500 किमी से अधिक की सीमा के साथ तिब्बती पठार और उससे आगे स्थित चीनी सेना के एयरबेस को निशाना बनाने में भारत को सक्षम बनाएगी। भारत लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने वाला पहला देश है, जो ध्वनि की गति से आठ गुना अधिक गति से यात्रा कर सकती है। यह मिसाइल वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी में एक गेम-चेंजर है, जो किसी अन्य देश के पास नहीं है।

डीआरडीओ के मुताबिक यह अभी तक की सबसे लंबी दूरी की एकमात्र पारंपरिक हाइपरसोनिक मिसाइल है, जिसका परीक्षण 16 नवंबर की देर रात किया गया। यह लगभग 3 किमी प्रति सेकंड की गति से 1,500 किमी से अधिक दूरी तक पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हथियार ले जा सकती है। भारत की हाइपरसोनिक मिसाइल जो गति, सीमा, सटीकता और पता लगाने की क्षमता के मामले में गेम-चेंजर है, जिससे सशस्त्र बलों को बढ़त हासिल होगी। यह 1500 किमी से अधिक की घोषित सीमा के साथ भारत को तिब्बती पठार और उससे आगे स्थित चीनी सेना के एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम बनाएगी।

हाइपरसोनिक मिसाइल की रेंज में चीन के शहर चांगजी, उरुमकी, गोलमुंड, उक्सकताल, झांगये, गुइलिन में पश्चिमी थिएटर कमांड और दक्षिणी थिएटर कमांड के एयरबेस आएंगे। इस मिसाइल का लैंड अटैक वर्जन 1500 किमी से अधिक अंदर तक निशाना लगाने में मदद करेगा। डीआरडीओ ने 13 दिसंबर को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का अंतिम परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मदद करेगी।

एसएफडीआर का विकास 2013 में शुरू हुआ और वास्तविक प्रदर्शन शुरू करने के लिए पांच साल की समय सीमा तय की गई। मिसाइल का ग्राउंड आधारित परीक्षण 2017 में शुरू हुआ था। सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट का पहला परीक्षण 30 मई, 2018 को किया गया था। इस परीक्षण के जरिये भारत ने पहली बार नोजल-कम बूस्टर का प्रदर्शन किया। दूसरा परीक्षण 8 फरवरी, 2019 को हुआ। इसमें मिसाइल ने लक्ष्य के मुताबिक वांछित गति से आखिरकार जमीन को छू लिया। इसके बाद 08 अप्रैल, 2022 को हुए बूस्टर तकनीक का सफल परीक्षण किया गया।

■ लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल सशस्त्र बलों के लिए गेम-चेंजर साबित होगी



मिसाइल प्रणाली का अंतिम प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा

डीआरडीओ के मुताबिक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रणोदन आधारित मिसाइल प्रणाली का अंतिम प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा है। परीक्षण में इस्तेमाल की गई जटिल मिसाइल प्रणाली ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर में तैनात टेलीमेट्री, रडार और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंट्स ने इस प्रणाली के सफल प्रदर्शन को पुष्ट किया। एसएफडीआर को हैदराबाद की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद की अनुसंधान केंद्र इमारत और पुणे की उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से विकसित किया गया है।

डल्लेवाल का अनशन खत्म करवाने केन्द्र के साथ मध्यस्थता को तैयार हरियाणा सरकार : मुख्यमंत्री

एजेंसी

चंडीगढ़ : हरियाणा में किसानों के अग्रणी संगठन भारतीय किसान यूनियन ने बंद का समर्थन करने की बजाए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करके अपनी मांगों पर मंथन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन खत्म कराने के लिए केंद्र सरकार के साथ मध्यस्थता करने के लिए अपनी स्वीकृति दी है।

भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी के नेतृत्व में किसानों का शिष्टमंडल सोमवार को मुख्यमंत्री सैनी से मिलने चंडीगढ़ आवास पर पहुंचा। वार्ता के दौरान गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने मुख्यमंत्री के सामने 13 मांगें रखीं। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन खत्म कराने के लिए हरियाणा सरकार केंद्र सरकार के साथ मध्यस्थता करने को तैयार है।

■ बीकेयू चढ़ूनी गुट ने नहीं किया पंजाब बंद का समर्थन

■ मुख्यमंत्री सैनी से मिलकर चढ़ूनी गुट ने रखीं 13 मांगें

किसान चाहें तो एक मंच पर आकर बातचीत कर सकते हैं। इस पर चढ़ूनी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कृषि विपणन (बाजार) पर राष्ट्रीय नीति ढांचा मसौदा प्राइवेट मंडियों को लेकर तैयार किया गया है। हरियाणा के किसान इसके हक में नहीं है, क्योंकि प्राइवेट यार्ड को मंडी मानने से मंडियो में प्रतिस्पर्धा खत्म हो जाएगी। छोटे व्यापारी खत्म होकर केवल बड़े व्यापारी ही बचेंगे।

भाकियू नेताओं ने मुख्यमंत्री से कहा कि सरकारी एजेंसी हैफेड के भी मायने खत्म हो जाएंगे। मंडियों के पूरे आढ़ती, मुनीम, मजदूर, ट्रांसपोर्टेशन और बारदाना वाले सभी बेरोजगार हो जाएंगे। मंडी में आने वाला राजस्व खत्म हो जाएगा, जिसे ग्रामीण क्षेत्र का विकास रुकेगा और आम लोगों को खाद्य पदार्थ महंगे रेट पर मिलेंगे।

लापता छात्रा का शव स्कॉटलैंड की नदी में मिला

लंदन : महीने की शुरूआत से लापता 22 वर्षीय भारतीय छात्रा का शव स्कॉटलैंड की नदी में मिला है। उसके परिवार को सूचित किया गया है, और औपचारिक पहचान की प्रतीक्षा हो रही है। केरल की संत्रा साजू एडिनबर्ग में हेरियट-वाट यूनिवर्सिटी में पढ़ती थीं। पुलिस ने कहा कि उन्हें एडिनबर्ग के निकट न्यूब्रिज नामक गांव के पास नदी में एक शव के बारे में पता चला। शुक्रवार 27 दिसंबर, 2024 को पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर पुलिस को न्यूब्रिज के पास नदी में एक शव मिला। पुलिस ने बताया, 'अभी शव की औपचारिक पहचान होनी बाकी है, हालांकि संत्रा साजू (22) के परिवार को सूचित किया है।

दिल्ली में एक माह में नये मतदाता पंजीकरण के 4.8 लाख फॉर्म जमा

एजेंसी

नयी दिल्ली : दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर एलिस वाज ने सोमवार को बताया कि महीने भर चले संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान चुनाव कार्यालय को नए मतदाता पंजीकरण के लिए करीब 4.8 लाख आवेदन फॉर्म मिले हैं। वहीं मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 82,450 और मतदाताओं के विवरण में सुधार के लिए 1,71,385 आवेदन प्राप्त हुए हैं। दिल्ली में मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय मतदाता सूचियों का विशेष सारांश संशोधन कर रहा है, जिसकी अर्हता तिथि एक जनवरी, 2025 निर्धारित की गई है। यह प्रक्रिया भारत के चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाता सूचियां सभी पात्र मतदाताओं के लिए अपडेटेड और समावेशी रहें। आर एलिस वाज ने कहा कि पूर्व-संशोधन अवधि के दौरान बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक घर-घर जाकर सत्यापन किया गया।

■ अंतिम सूची 6 जनवरी को जारी होगी

रोहिंग्या मुद्दे पर हरदीप पुरी का केजरीवाल पर पलटवार, कहा

झूठ को बार-बार दोहराने से वह सच नहीं हो जाता

एजेंसी

नयी दिल्ली : केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रोहिंग्याओं को बसाने के दावों को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। पुरी ने कहा कि झूठ को बार-बार दोहराने से वह सच नहीं हो जाता, बल्कि इससे आपकी बेईमानी उजागर होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल के विधायक ने रोहिंग्याओं को दिल्ली में बसाने में मदद की और उन्हें मुफ्त राशन, पानी, बिजली और वोटर कार्ड मुहैया कराए।

हरदीप पुरी ने एक्स पोस्ट में कहा,

'झूठ की धूप से तो बर्फ भी नहीं पिघलती, सच तो फिर भी चट्टान की तरह होता है। एक ही झूठ को बार-बार फैलाने से वह सच में तो बदलेगा नहीं...हां आपके झूठे होने का बार-बार प्रमाण जरूर देगा। सच्चाई यह है कि आज तक कहीं भी किसी भी रोहिंग्या को कोई भी ईडब्ल्यूएस फ्लैट नहीं दिया गया है।'

उन्होंने कहा कि केजरीवाल के विधायक ने उन्हें (रोहिंग्या) दिल्ली में बसाकर उन्हें मुफ्त राशन, पानी और बिजली के साथ हर एक को 10 हजार रुपये देकर उनका वोटर कार्ड बनवाया है। क्योंकि रोहिंग्या किस पार्टी के वोटर हो सकते हैं यह पूरे देश को पता है। पुरी ने केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि इनकी तो फितरत ऐसी है कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसको केजरीवाल ने ठगा नहींक केजरीवाल का रोहिंग्या को बार-बार सपोर्ट करना देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

नहर में गिरा वाहन 66 लोगों की मौत

अदीस अबाबा : इथियोपिया के दक्षिणी हिस्से में भीषण सड़क हादसा हुआ है,इसमें 66 लोगों की मौत हुई। यह हादसा राजधानी अदीस अबाबा से करीब 300 किलोमीटर दूर सिदामा राज्य के बोना जुरिया इलाके में हुआ। प्रशासन के मुताबिक, यह हादसा तब हुआ जब एक कार और यात्रियों से भरी एक बस एक-दूसरे से टकरा गईं। टक्कर के बाद दोनों वाहन नहर में गिर गए, इससे कई लोग पानी में डूब गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तत्परता से बचाव कार्य शुरू कर पीड़ितों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक 66 लोगों की जान जा चुकी थी। हादसे के बाद, घायल हुए चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नये साल का जश्न मनाने विदेश गये जहीर-सोनाक्षी

नयी दिल्ली : बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल हमेशा चर्चा में रहते हैं। फिलहाल सोनाक्षी ने एक्टिंग से ब्रेक ले रखा है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में व्यस्त हैं। शादी के बाद ये कपल अलग-अलग जगहों पर जाकर मौज मस्ती कर रहे हैं। खबर है कि सोनाक्षी-जहीर नए साल का जश्न मनाने के लिए विदेश गए हैं। सोनाक्षी सोशल मीडिया पर दोनों का एक फनी वीडियो पोस्ट किया है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में देखा जा सकता है कि सोनाक्षी-जहीर घूमने निकले हैं और एक्ट्रेस थकावट के कारण कुछ देर आराम करती नजर आ रही हैं।

तभी उनके पति जहीर इकबाल कहते हैं, मैं अपनी पत्नी के साथ रोड ट्रिप पर जा रहा हूं, तभी वह अचानक जोर से चिल्लाते हैं, तो सोनाक्षी डर कर उठ जाती है और जहीर उसे पीटना शुरू कर देता है। इसी बीच सोशल मीडिया पर शेयर किए गए इस वीडियो के कैप्शन में सोनाक्षी ने लिखा, 'जब से मैं तुमसे मिली हूं, मेरी नींद उड़ गई है।' सोशल मीडिया पर सोनाक्षी और जहीर एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जाहिर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। वे सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस से जुड़े रहने की कोशिश करते हैं। सोनाक्षी और जहीर की शादी को लगभग 6 महीने हो गए हैं। ये कपल अपनी खुशहाल शादीशुदा जिंदगी जी रहा है।

भोपाल से यूनियन कार्बाइड फैक्टरी का जहरीला कचरा विशेषज्ञों की निगरानी में भेजा जायेगा पीथमपुर

एजेंसी

भोपाल : मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में दुनिया की भीषणतम औद्योगिक त्रासदी भोपाल गैस कांड के 40 साल बाद यूनियन कार्बाइड फैक्टरी में मौजूद 337 टन जहरीले कचरे का निपटान करने की तैयारी पूरी हो गई है। तमाम कवायदों के बाद इस जहरीले कचरे का निष्पादन पीथमपुर स्थित रामकी फैक्टरी में किया जाएगा। यूनियन कार्बाइड के गोदाम में रखे इस 337 मीट्रिक टन जहरीले कचरे की पैकेजिंग विशेषज्ञों की निगरानी में की जा रही है। इसे 12 कंटेनर में भरकर 250 किलोमीटर का ग्रीन कॉरिडोर बनाकर भोपाल से पीथमपुर ले जाया जाएगा।

यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को रविवार को विशेषज्ञों की मौजूदगी में 12 कंटेनर में भरने की प्रक्रिया शुरू हुई है, जो देर रात तक चली। सोमवार को भी यह प्रक्रिया जारी है। सुबह से ही फैक्टरी के 200 मीटर के दायरे को सील कर दिया है। रास्ते भी बंद किए गए हैं। कैंपस में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। वहीं, कुल 400 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी, विशेषज्ञ और डॉक्टरों की टीम इस काम में जुटी है। गैस कांड के 40 साल बाद पीथमपुर इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट (रामकी) कंपनी के विशेषज्ञों की निगरानी में यह कचरा 12 कंटेनर ट्रकों में भरा जा रहा है।

इधर, जहरीला कचरा भरते हुए विशेष सावधानी बरती जा रही है। हवा में यूनियन कार्बाइड गैस फैलने के कारण 1984 में पांच हजार से अधिक मौतें हुई थीं। इसीलिए फैक्टरी परिसर में तीन जगहों पर एयर क्वालिटी की मॉनिटरिंग के लिए उपकरण लगाए हैं। इनसे पीएम 10 व पीएम 2.5 के साथ नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाई ऑक्साइड आदि की जांच की जा रही है। कचरा जिस स्थान पर रखा है, उस इलाके की धूल भी कचरे के साथ जाएगी। यदि कहीं कचरा गिरा है तो उस जगह की मिट्टी को भी पीथमपुर ले जाया जाएगा। इस मिट्टी और धूल की भी टेस्टिंग होगी। जांचा जाएगा कि कहीं मिट्?टी भी तो जहरीली नहीं हुई। यहां सभी कर्मचारियों को सुरक्षा किट, मास्क आदि उपकरण दिए गए हैं। इसके बाद भी यदि किसी का स्वास्थ्य बिगड़ता है तो उसे तत्काल मौके पर ही उपचार दिया जाएगा।

■ भोपाल और पीथमपुर के बीच बनेगा 250 किमी का ग्रीन कॉरिडोर

अभी 337 टन जहरीला कचरा थैलियों में फैक्टरी के अंदर रखा है। इसे खास जंबू बैग में पैक किया जा रहा है। ये एचडीपीई नॉन रिएक्टिव लाइनर के बने हैं। इनमें मटैरियल में कई रिएक्शन नहीं हो सकता। कंटेनर को भेजने से पहले यहां वजन होगा और पीथमपुर में पहुंचने पर वहां भी वजन किया जाएगा। पीथमपुर में कचरे को रखने के लिए लकड़ी का प्लेटफॉर्म बनाया गया है। यह प्लेटफार्म जमीन से करीब 25 फीट ऊपर बना है। इस कचरे को कब जलाना है, यह फैसला सीपीसीबी के वैज्ञानिकों की टीम करेगी। वही उसे जलाने की पूरी प्रक्रिया तय करेगी। किस मौसम में, कितने तापमान पर और कितनी मात्रा में जलाया जाए, यह फैसला लेने से पहले सैंपल टेस्टिंग भी होगी। इसके बाद कचरे को रामकी एनवायरो में जलाया जाएगा।

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 6 जनवरी तक जहरीले कचरे को हटाने के निर्देश दिए थे। इससे पहले 3 जनवरी को राज्य सरकार को उच्च न्यायालय में रिपोर्ट पेश करना है। यानी, 2 जनवरी तक हर हाल में कचरा पीथमपुर भेजना ही है। रामकी कंपनी इसका निष्पादन करेगी। इस संबंध में भोपाल गैस त्रासदी राहत-पुनर्वास के संचालक स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि गाइडलाइन को फॉलो करते हुए कचरे को भोपाल से पीथमपुर ले जाया जाएगा। हाई कोर्ट के निर्देश में पूरी प्रक्रिया की जा रही है। आगामी 3 जनवरी को हाई कोर्ट में शपथ पत्र देना है। इसलिए कचरे को भेजने की प्रक्रिया सरकार इससे पहले पूरी कर लेगी।